

लोकसभा में राहुल गांधी को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति-12



भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता-12



भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की-13



गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया-14


आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.55
सूर्यास्त 05.58

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी 07:27 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082 | बरेली | मंगलवार, 10 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 77, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


न्यूज ब्रीफ

### छाती में संक्रमण के बाद शरद पवार अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)-शरदचंद्र पवार (शप) के प्रमुख शरद पवार को सोमवार को सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद पुणे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 85 वर्षीय पवार का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। राज्यसभा सदस्य पवार को सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत के बाद पुणे जिले के बारामती कस्बे स्थित उनके आवास से अपराह्न में रूबी हॉल क्लीनिक लाया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उनकी कई जांच हुईं और चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल उनका इलाज जनरल वार्ड में जारी है।

### ईपीएफओ लांच करेगा नया एप, सीधे यूपीआई से निकाल पाएंगे पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक इस साल अप्रैल में पेश होने वाले एक नए मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई (यूपीआई) भुगतान गेटवे का उपयोग करके अपने पीएफ का पैसा सीधे बैंक खातों में पा सकेंगे। एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत ईपीएफ का एक निश्चित हिस्सा सुरक्षित कर दिया जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये बैंक खाते के माध्यम से निकासी के लिए उपलब्ध होगा।

### मंदिर की छत गिरने से तीन लड़कियों की मौत छह अन्य घायल

**मुरैना।** मध्यप्रदेश में मुरैना जिले के अहरौली गांव में सोमवार दोपहर माता मंदिर की छत गिरने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। दोपहर करीब दो बजे जब मंदिर में गुंबद निर्माण के लिए पुरानी छत तोड़ी जा रही थी तब छत की पटिया (निर्माण संबंधी एक प्रकार का सहारा) अचानक गिर गयी और नीचे बैठी बच्चियां मलबे में दब गईं। पुलिस के अनुसार सभी घायलों को कैलारस के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सतीश गौड अपनी पत्नी के साथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आए थे तथा उन्होंने प्रसाद देने के लिए कुछ बच्चियों को मंदिर के अंदर बुला लिया, इसी दौरान यह हादसा हो गया।

# बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में हंगामा

**सपा विधायकों ने वेल में पहुंचकर की नारेबाजी, अभिभाषण के दौरान दो बार रुकीं आनंदीबेन, बोलीं-सपा सरकार में रही शून्य उपलब्धि**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानमंडल के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई, पहले ही दिन सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला। सपा विधायकों ने महंगाई, बेरोजगारी, एसआईआर व यूजीसी जैसे मुद्दों को लेकर नारेबाजी की और वेल में आकर विरोध प्रदर्शन किया।

इसके बाद वित्त मंत्री ने पहली बार सरकार की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। बाद में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्यपाल ने जैसे ही संयुक्त अधिवेशन में



अभिभाषण पढ़तीं राज्यपाल आनंदीबेन।





विधान भवन के सामने तख्तियां दिखाकर विरोध-प्रदर्शन करते विपक्षी।

अपना अभिभाषण शुरू किया, सपा विधायक नारे लगाते हुए वेल में पहुंच गए। उन्होंने राज्यपाल वापस जाओ जैसे नारे लगाए। हंगामा बढ़ता देख राज्यपाल ने अपना भाषण कुछ देर के लिए रोका और विपक्षी सदस्यों से शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा, 'शांत हो जाइए, नहीं तो गला बैठ जाएगा'। उन्होंने यह भी कहा, सपा सरकार में विकास शून्य था। इसके बाद भी सपा सदस्य शांत नहीं हुए। राज्यपाल ने करीब 30 मिनट में अपना अभिभाषण पूरा किया। अभिभाषण में उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उप्र ने पिछले वर्षों में 'बॉटलनेक स्टेट' की छवि से बाहर निकलकर 'ब्रेकथ्रू स्टेट' के रूप में नई पहचान बनाई है।

कानून-व्यवस्था, आर्थिक सशक्तिकरण, कृषि विकास, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना और जनकल्याण के क्षेत्रों में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था में सुधार से निवेश का माहौल मजबूत हुआ है और प्रदेश उद्योग, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में भी सपा विधायकों ने प्रदर्शन किया।

**अभिभाषण की मुख्य बातें**

- उत्तर प्रदेश 'बॉटलनेक' से 'ब्रेकथ्रू' स्टेट बना
- कानून-व्यवस्था में सुधार से निवेश का माहौल मजबूत
- खाद्यान्न, गन्ना, चीनी, दुग्ध और आलू उत्पादन में प्रदेश अव्वल
- गन्ना किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान
- 36 लाख से अधिक ग्रामीण आवासों का निर्माण
- 8 .5 करोड़ से अधिक श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण
- ऊर्जा, एथेनॉल, सामाजिक सुरक्षा और डिजिटल योजनाओं में प्रदेश अग्रणी
- शिक्षा, अवसंरचना और रोजगार सृजन पर विशेष जोर

# डिजिटल फ्रॉड के जरिए 54 हजार करोड़ का गबन डकैती के समान

**शीर्ष कोर्ट का एसओपी बनाने के निर्देश, कहा-यह राशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक**

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए 54 हजार करोड़ रुपये के गबन को पूरी तरह से लूट और डकैती करार देते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसे हितधारकों के साथ चर्चा करके मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए गबन की गई धनराशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक है।

अदालत ने पाया कि इस तरह के अपराध बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या उनकी लापरवाही के कारण हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने आरबीआई और बैंकों की ओर से समय पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अदालत ने कई नए निर्देश जारी करते हुए गृह मंत्रालय से कहा कि वह आरबीआई की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तथा दूरसंचार विभाग की इसी तरह की एसओपी या निर्णयों पर विचार करे और ऐसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार सप्ताह में एक सहमति पत्र (एमओयू) का मसौदा तैयार करे। पीठ को बताया गया कि आरबीआई ने साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से रोकने (होल्ड) के संबंध में बैंकों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई निर्दिष्ट करते हुए एक एसओपी तैयार की है। अदालत ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पहचान करने का निर्देश दिया और गुजरात तथा दिल्ली सरकारों से कहा कि वे इन मामलों में जांच के लिए सीबीआई को आवश्यक स्वीकृति प्रदान करें। कोर्ट ने आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित पक्षों को संयुक्त रूप से एक बैठक आयोजित करके डिजिटल अरेस्ट मामलों में मुआवजा प्रदान करने के लिए एक ढांचा तैयार करने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार लोगों को मुआवजा देने के मामलों में व्यावहारिक व उदार दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।



- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही हो सकती है ऐसे अपराधों के पीछे**

### गृह मंत्रालय ने अंतर-मंत्रालयी समिति गठित की

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया है कि डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रणालीगत खामियों को दूर करने और साइबर अपराध के पीड़ितों की सुरक्षा तत्काल सुनिश्चित करने के लिए एक उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समिति (आईडीसी) का गठन किया है। गृह मंत्रालय द्वारा 12 जनवरी को दाखिल स्थिति रिपोर्ट में बताया गया कि भोलेभाले नागरिकों से धन की ठगी के लिए जाली दस्तावेजों और डिजिटल अरेस्ट जैसे हथकंडों का इस्तेमाल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों के खात्मे के लिए सीबीआई, रिजर्व बैंक, दूरसंचार विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े प्रमुख मंत्रालयों की भागीदारी के साथ एक बहु-एजेंसी अभियान चलाया जा रहा है। पीठ के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने दिल्ली के एक हाई-प्रोफाइल धोखाधड़ी मामले की जांच आधिकारिक रूप से अपने हाथ में ले ली है, जिसमें 76 साल की एक पेंशनर से डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के जरिये 1.64 करोड़ रुपये ठग लिये गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि फर्जी लोगों ने उसे जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके धमकाया था। सीबीआई ने बताया कि ऐसी ठगी संगठित और अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोहों द्वारा की जाती है।

# एसआईआर में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **ममता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी, बंगाल सरकार से पूछे कई सवाल**
- **कोर्ट ने कहा- सभी राज्य सरकारें संशोधन प्रक्रिया में सहयोग करें**

शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूचियों के एसआईआर में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं देगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी। पीठ ने बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इनमें राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका भी शामिल है, जिसमें एसआईआर अभ्यास के दौरान मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जाने की आशंका जाहिर की गई है।

पीठ ने कहा, हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है। उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह संदेश जाना चाहिए कि भारत का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग को ग्रुप-बी के 8,505 अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराए जाने का संज्ञान लिया। उसने कहा कि इन अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया में प्रशिक्षित और नियोजित किया जा सकता है।

### पुनरीक्षण का अंतिम निर्णय मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा : पीठ

पीठ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में संशोधन के सिलसिले में अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा। उसने कहा कि इन 8,505 अधिकारियों की नियुक्ति का तरीका और कामकाज निर्वाचन आयोग द्वारा तय किया जाएगा। सुनवाई के दौरान ममता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने एसआईआर प्रक्रिया में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और बड़े पैमाने पर योग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर आशंकाएं व्यक्त कीं। दीवान ने पीठ से कहा, हम नहीं चाहते कि मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर लोगों के नाम हटाए जाएं।

# मणिपुर में फिर हिंसा, उपद्रवियों ने कई घर फूंके

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों द्वारा लिटान सारेइखोंग गांव में कई घरों में आग लगा दी, इसके बाद यहां एकाएक फिर हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी गांव के आसपास सशस्त्र समूहों ने हवा में कई गोलियां भी चलाईं, जिससे निवासी जरूरी सामान लेकर पड़ोसी कांगपोकपी जिले के सुरक्षित इलाकों में भागने को मजबूर हो गए।

तांगखुल में रहने वाले कई ग्रामीणों के भी इलाका छोड़ने की खबर है। इस इलाके में हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को लिटान गांव में तंगखुल नागा समुदाय के एक सदस्य पर सात से आठ लोगों द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई। पीड़ित पक्ष व लिटान सारेइखोंग के मुखिया के बीच मामला सुलझ गया था और दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से पारंपरिक तरीकों से मामले को सुलझाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एक बैठक भी तय की गई थी। हालांकि, बैठक नहीं हो सकी। इसके बजाय, पास के सिकिबुंग गांव के कुछ ग्रामीणों ने लिटान सारेइखोंग के मुखिया के आवास पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लिटान थाने के पास से गुजरते हुए कई गोलियां भी चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम को जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिससे प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। बताया कि मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कुकी उग्रवादियों ने आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लिटान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है।



- **हथियारबंदों ने फायरिंग व बमबारी की जवान तैनात, तांगखुल में कई ग्रामीणों के अपना इलाका छोड़ा**

## भारत के मैच का बहिष्कार वापस लेगा पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार का फैसला बांग्लादेश के अनुरोध के बाद वापस लेगा जबकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि इस पर अंतिम फैसला अगले 24 घंटे में आ जाएगा।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख अमीनुल इस्लाम के साथ आईसीसी से बातचीत को स्वीकार करते हुए यहां नकवी ने कहा कि पीसीबी आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कुछ मसलों पर जवाब का इंतजार कर रहा है। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में होना है। (विस्तृत खेल पेज पर)

- **नकवी ने कहा 24 घंटे में होगी घोषणा**

# खीरी में 2 युवकों की गोली लगने से मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार को गोली लगने से दो युवकों की मौत हो गई, जिससे अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। एक मामले में परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे मामले में घरेलू कलह के चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है।

पहला मामला मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम लल्हौआ का है। यहां किराने का सामान लेने घर से निकले 35 वर्षीय मनीष कुमार का शव गोली लगी अवस्था में बरामद हुआ। शव के पास एक तमंचा भी पाया गया है तथा गर्दन पर गोली लगने के निशान हैं। परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। दूसरा मामला भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया तुला का है। यहां घरेलू कलह से तंग अमित खन्ना उर्फ मनी (28) पुत्र सुखदेव राज खन्ना ने खुद को गोली मार ली। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल ओयल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मनीष कुमार।



अमित खन्ना।

- **ग्राम लल्हौ में परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**
- **ग्राम पड़रिया तुला में गोली मारकर आत्महत्या की आशंका**

> शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही वजहें साफ हो सकेंगी। पुलिस गहराई से प्रत्येक बिंदु पर जांच कर रही है। -डॉ. ख्याति गर्ग एसपी।

# संवाद से निकलेगा समाधान, कार्यवाही बाधित करने के बजाय मुद्दे उठाएं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को बजट सत्र शुरू होने से पहले मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि सरकार संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान में विश्वास करती है। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि किसी भी मुद्दे को कार्यवाही बाधित कर नहीं, बल्कि चर्चा के माध्यम से उठाएं।

योगी ने कहा कि उनकी सरकार का 11 फरवरी को वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा और उस पर सदन में चर्चा होगी। यह उनकी सरकार का 10वां बजट है। पहली बार कोई राज्य सरकार अपनी आर्थिक उपलब्धियों को इस तरह आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में सदन के सामने रख रही है। इससे जनप्रतिनिधियों और जनता को प्रदेश की आर्थिक प्रगति, प्रति व्यक्ति आय, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन की जानकारी मिलेगी। विधानमंडल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और यह संवाद से चलता है, न कि कार्यवाही बाधित करने से।



- **मुख्यमंत्री ने कहा- हमारी सरकार का 10वां बजट कल होगा पेश**

### विधान भवन में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने सत्र से पहले विधानभवन में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के चिकित्सकों की टीम जांच कर रही है। योगी ने सदस्यों को सलाह दी कि तनावमुक्त रहकर संतुलित दिनचर्या अपनाएं, इससे बीमारियां दूर रहेंगी। इस दौरान विस अध्यक्ष सतीश महाना, दोनों उप मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

परीक्षा पे चर्चा

**दूसरे चरण में प्रधानमंत्री बोले- मोबाइल कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं जो उसके बिना खाना भी नहीं खा सकते**

# तकनीक के गुलाम न बनें, मार्गदर्शन के लिए हो एआई का प्रयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छात्रों को सलाह दी कि वे प्रौद्योगिकी को उन्हें गुलाम नहीं बनाने दें और एआई का उपयोग मार्गदर्शन और अपने काम में बेहतरी लाने के लिए किया जाना चाहिए, न कि सीखने के विकल्प के रूप में।

वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में मोदी ने कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। उन्होंने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा, हर युग में नई प्रौद्योगिकियों, चाहे कंप्यूटर हों या मोबाइल फोन, को लेकर चिंताएं रही हैं। लेकिन यह डर बेवजह है। आपको यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि हम प्रौद्योगिकी के गुलाम नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से न डरें, बल्कि उनका उपयोग कौशल को निखारने के लिए करें। हमें प्रौद्योगिकी को समझना होगा, खुद का विस्तार करना होगा, उसमें उस प्रौद्योगिकी की ताकत को जोड़ना होगा, जो हमारे कामों में 'वैल्यू एडिशन' करें। काम का स्वरूप हमेशा बदलता रहेगा, जैसे परिवहन बैलगाड़ियों से हवाई जहाजों में परिवर्तित हुआ, लेकिन जीवन चलता रहा।



विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

### सिर्फ दूसरों की उपलब्धियों को देखने के बजाय सफलता के लिए उनके प्रयास देखें : मोदी

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दूसरों की केवल उपलब्धियों को ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि सफलता के पीछे किए गए प्रयास और अनुशासन को भी देखना चाहिए। एक छात्र की पढ़ाई और रुचियों के बीच संतुलन बनाने संबंधी चिंता को दूर करने की कोशिश करते हुए, मोदी ने कहा कि दोनों ही उपयोगी हैं और एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। स्टार्टअप से संबंधित एक अन्य छात्र के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं, चाहे वह प्रौद्योगिकी में नवाचार हो या ड्रोन या विद्युत प्रणालियों जैसे व्यावहारिक समाधान।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को लाइव दिखाया परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तेरा में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम टीवी के माध्यम से छात्रों को लाइव दिखाया गया। साथ ही परीक्षा को लेकर छात्रों के विचार जाने गए। 9वें संस्करण के द्वितीय एपिसोड का सीधा प्रसारण सुबह 10 :00 बजे से विद्यालय के छात्रों ने देखा और परीक्षा की बारीकियों पर अपने विचार रखे। सहायक अध्यापक दीपा पूनिया के संचालन में प्रधानाध्यापक सरताज अली, शिक्षामित्र सरिका गुप्ता सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### मानव जीवन कल्याण समिति का किया विस्तार

**तिलहर, अमृत विचार :** मानव जीवन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा की ओर से विकासखंड क्षेत्र के गांव नौगाई निवासी बाबा रामौतार को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि समिति का स्थापना दिवस शीघ्र ही प्रदेश स्तर पर बड़े कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा। सदस्य मनोनयन पर अरविंद गुप्ता, चंद्रकांता त्रिवेदी, गौरव सक्सेना, साहिल गुप्ता, बलराम कश्यप, अभय राजपूत, नितिन गुप्ता, पवन कांत शर्मा सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

# आदर्श नेता बनना ही सच्चा नेतृत्व

## स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का किया समापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम को संबोधित करते डा अनुराग अग्रवाल। ● अमृत विचार

● सफल और आदर्श नेतृत्व के अंतर पर दिया व्याख्यान

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के वाणिज्य विभाग की ओर से आयोजित प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन महाविद्यालय के उप-प्राचार्य एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने भावी नेतृत्वकर्ता विषय पर संबोधन करते हुए सफल नेता और आदर्श नेता के बीच मौलिक अंतर को विस्तार से स्पष्ट किया।

प्रो. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि सफल नेता जहां टीम बनाकर कार्य करता है, वहीं आदर्श नेता परिवार के मुखिया की तरह सभी को साथ लेकर चलता है और सामूहिक प्रयास से लक्ष्य प्राप्त करता है। उन्होंने बताया कि सफल नेता व्यस्तता का हवाला देकर समयाभाव की बात कर सकता है, लेकिन आदर्श नेता अपनी व्यस्तताओं के बावजूद सभी के लिए समय निकालता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति से जुड़ा रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि सफल नेता कभी-कभी लोगों की कमजोरियों का लाभ उठा सकता है, जबकि आदर्श नेता व्यक्ति की कमजोरियों को दूर कर उसकी क्षमताओं को पहचानता है, उन्हें निखारता है और प्रेरित कर लक्ष्य की प्राप्ति करता है।

उन्होंने आगे कहा कि सफल नेता अपने छोटे कार्यों को बड़ा बनाकर प्रस्तुत कर सकता है, लेकिन आदर्श नेता दूरदर्शिता के साथ समाज और टीम की समस्याओं के समाधान पर कार्य करता है। प्रो. अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि जो नेता अपने जीवन में सत्य, धर्म, शुद्ध आचरण और न्याय को अपनाता है, उसकी छत्रछाया में समाज सुख-समृद्धि की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भविष्य की चुनौतियों को समझते हुए वर्तमान में दृढ़ निश्चय से कार्य करता है और अतीत के अनुभवों से सीख लेता है, वह नेतृत्व के मार्ग में कभी असफल नहीं होता।

कार्यक्रम से पूर्व चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना गर्ग ने चंदन तिलक लगाकर व डॉ. संतोष प्रताप सिंह ने पटका पहनाकर प्रो. अनुराग अग्रवाल का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र सिंह की ओर से किया गया और डॉ. बरखा सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. शिवानी भारद्वाज ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रतिभागियों के प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. विनीता राठौर, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. अजय कुमार वर्मा, अखंड प्रताप सिंह, व्याख्या सक्सेना, डॉ. सुखदेव, अभिषेक बाजपेई, डॉ. गौरव शर्मा, राजीव कुमार, मानवेन्द्र सिंह, बृज लाली, आशीष गोयल, अपर्णा त्रिपाठी, विजय गुप्ता, सोमना पाण्डेय सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण महासभा ने की शोक सभा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा भारत के तत्वावधान में मोहल्ला बीबीजई हद्दफ स्थित प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरचरण मिश्रा के आवास पर शोक सभा आयोजित की गई।

सभा में जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश तिवारी के बड़े भाई डॉ. रामेश्वर दयाल तिवारी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। डॉ. रामेश्वर दयाल तिवारी उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद में वरिष्ठ वैज्ञानिक पद से सेवानिवृत्त थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। बताया उनका दसवां और एकादशी संस्कार 11 फरवरी को विश्रात घाट हनुमत धाम पर तथा तेरहवीं संस्कार और भोज 13 फरवरी को आनंदपुरम कॉलोनी स्थित उनके निवास पर होगा। शोक सभा में हरचरण मिश्रा, राजेश शुक्ला, सत्य प्रकाश तिवारी, देवेश त्रिपाठी, सुशील प्रकाश शर्मा, राजीव मिश्रा, कैलाश चंद्र मिश्रा, राजेश मिश्रा, जगत नारायण अवस्थी, रवि शर्मा, विनय त्रिपाठी, रामकृष्ण शर्मा, प्रबंध त्रिपाठी, परमानंद ओझा, संतोष त्रिवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महापौर ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करतीं अर्चना वर्मा।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● अधिकारियों और सफाई कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अमृत विचार :** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को महापौर अर्चना वर्मा ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

महापौर ने सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, नालियों की साफ-सफाई एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित प्रदान किए। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रतिदिन प्रातः काल नियमित सफाई, समय बद्ध कूड़ा उठान एवं स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं रोग-मुक्त बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा ने स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। अंत में महापौर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

# तीन लाख लोगों के लिए खिलाई जाएगी दवा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यशाला में बोलेत सीएमओं डॉ. विवेक कुमार मिश्रा।

● मुख्य चिकित्सा अधिकारी बोले- वर्ष 2027 तक जनपद को बनाना है फाइलेरिया मुक्त

**अमृत विचार :** बरेली मोड़ स्थित एक होटल में सोमवार को आयोजित राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यशाला हुई। इसमें सीएमओ डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि 13 ब्लाकों में 10 से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत तीन लाख लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इसके तहत कुल 30,09,592 जनसख्यां को कवर किया जाएगा। अभियान के लिए 2832 टीमों का गठन भी किया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद के 16 में से 3 ब्लॉकों में माइक्रोफाइलेरिया दर एक प्रतिशत से कम होने के कारण इस वर्ष 13 ब्लॉकों में एमडीए अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कुल 30,09,592 जनसंख्या को कवर किया जाएगा। अभियान के लिए 2,832 टीमों का गठन किया गया है। इसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि शामिल हैं। प्रत्येक टीम में एक पुरुष सदस्य की नियुक्ति सुनिश्चित की गई है। टीमों के पर्यवेक्षण हेतु 499 सुपरवाइजर भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक जनपद को पूर्णतः फाइलेरिया मुक्त बनाना लक्ष्य है, जो तभी संभव है जब कम से कम 90 प्रतिशत पात्र आबादी दवा का सेवन करे और इसे जन-आंदोलन का रूप दिया जाए। एसीएमओ डॉ. प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र नागरिकों को ट्रिपल ड्रग थेरेपी के अंतर्गत आयु एवं लंबाई के अनुसार डीईसी, एल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन की निर्धारित खुराक स्वास्थ्यकर्मी के सामने खिलाई जाएगी। बरेली मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ डॉ. मेधावी अग्रवाल ने कहा कि 90 प्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को दवा सेवन कराने से ही समुदाय को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

उन्होंने फाइलेरिया के लक्षण, निदान, बचाव और उपचार से संबंधित जानकारी दी। जिला मलेरिया अधिकारी राजीव मौर्य ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए बहुस्तरीय तैयारियाँ की गई हैं। जनवरी माह में राज्य एवं ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किए जा चुके हैं और ड्रग एडमिनिस्ट्रेटरों का प्रशिक्षण जारी है। उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान में 2150 लिम्पोडिमा तथा 538 हाइड्रोसील के सूचीबद्ध रोगी है। इस अवसर स्टाफ मौजूद रहा।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर की बैठक

**लोधीपुर, अमृत विचार :** पार्षद रूपेश कुमार वर्मा अन्नू के कार्यालय पर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। डॉ. नूपूर शर्मा, डॉ. हेमेन्द्र वर्मा, तुषार वर्मा सहित मोहल्ले के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि फाइलेरिया अभियान 10 फरवरी 2026 से शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत सरकारी स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएंगे। पार्षद रूपेश कुमार वर्मा अन्नू ने कहा कि फाइलेरिया जैसी बीमारी से बचाव के लिए सभी को जिम्मेदारी निभानी होगी। चिकित्सकों ने दवा सेवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित दवा से बीमारी से बचाव की जानकारी दी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# टीमवर्क कौशल का किया प्रदर्शन



संत कृपाल एकेडमी में 'फायरलेस कुकिंग' प्रतियोगिता में टीमवर्क कौशल का प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** संत कृपाल एकेडमी में छात्रों ने बिना आग के खाना बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया। छात्रों ने फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता और टीमवर्क कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में कक्षा 5 से कक्षा 8 तक के छात्रों ने बिना आग और किसी गर्म स्रोत का उपयोग किए। सैंडविच, सलाद, फ्रूट चाट, मिठाई , लड्डू व अन्य हेल्दी स्नैक्स तैयार किए। स्कूल की डायरेक्टर श्वेता रस्तोगी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से न केवल बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि उन्हें स्वस्थ खाने की आदतें अपनाने के लिए भी प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता में ख़ुशी, उत्कर्षी, आभा,अनन्या, अरीश, श्लोक, शौर्य, दिव्यांशी, प्रियांशी, हसान, अनमोल, आदित्य, जयंत, कुनैन, सराफ, कुश, राहिल, अलकमा और निकिता आदि ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में परिधि और दिव्यांशी ने प्रथम, आदित्री और वैष्णवी ने दूसरा और भक्ति और साध्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील रस्तोगी ने बच्चों की बनाए डिशेज की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका मोनिका, रमा और इबतसुम का सहयोग रहा।

# खेल भावना से खेलने का किया आह्वान



गुर्री स्थित इंटीग्रल विश्वविद्यालय केंद्र शाहजहांपुर में 14 वें वार्षिक खेलकूद के समारोह का शुभारंभ करतीं महापौर।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● इंटीग्रल विश्वविद्यालय केंद्र में 14वें वार्षिक खेलकूद का किया आरंभ

**अमृत विचार :** गुर्री स्थित इंटीग्रल विश्वविद्यालय केंद्र शाहजहांपुर में 14वें वार्षिक खेलकूद के समारोह आरंभ हो गया। संस्था प्रधान आसिम जफर खान ने मुख्य अतिथि महापौर अर्चना वर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य ले. मोहम्मद अय्यूब, इस्लामिया इंटर कॉलेज का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का सुझाव दिया।

प्रथम दिन हुए वॉलीबॉल मैच में डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल ने डिप्लोमा मैकेनिकल की टीम के साथ ही डिप्लोमा सिविल की टीम को दोनों सेटों में हराया। 10 ओवर के क्रिकेट मैच में डिप्लोमा मैकेनिकल की टीम ने डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल की टीम को 28 रनों से हराया। प्रतिद्वंदी डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल की टीम ने 8 ओवर में 64 रनों का योगदान दिया। इस अवसर पर डॉ. मो. नसीम, डॉ. मो. गयासुद्दीन, रेहान अली खां, फुरकान अहमद सिद्दीकी, मोहम्मद अशहर, मो.फ़राज़ खां, इरफान खान, इमरान हुसैन, परवेज़ अख्तर खां, मो. मोनिस खान, इमामुद्दीन, मो. जुबैर, आरिश खां, फिरोज खां, मो. गुफरान व फिरदौस खां, सचिन श्रीवास्तव आदि सभी उपस्थिति रहे। समारोह में स्पोर्ट्स हेड इरफान खान का सहयोग रहा। क्रिकेट की कमेंट्री सक्षम मिश्रा और मो. तारिक ने संयुक्त रूप से की। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। तीन दिन तक चलने वाली खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह 11 फरवरी को होगा। जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। संचालन मोहम्मद रमजान ने और सभी का आभार संस्था प्रधान ने व्यक्त किया।

## सृष्टि को मिलेगी जेआरएफ फेलोशिप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपद की सृष्टि पांडेय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता एवं कनिष्ठ शोध वृत्ति (जेआरएफ) परीक्षा 99.94 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण की है। सुभाष नगर निवासी सुप्रसिद्ध बाल साहित्य लेखक डॉ. नागेश पांडेय संजय की पुत्री सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और भाई को दिया है। सृष्टि की लेखन और चित्रकला में भी विशेष रुचि है। उसकी दो पुस्तकें और अनेक आलेख- शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। आकाशवाणी से उसकी अनेक रचनाओं का प्रसारण हो चुका है। सृष्टि की सफलता पर परिजनों में हर्ष व्याप्त है।



सृष्टि पांडेय।

# हिंदू सम्मेलन में समरसता पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● कैलाशनाथ मंदिर से मातृशक्ति ने भव्य कलश यात्रा निकाली

● डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने विकसित भारत एवं चुनौतियां विषय पर किया संबोधन

**अमृत विचार :** स्मार्ट रोड सुभाष नगर कॉलोनी में माता सावित्री बाई फुले हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कैलाशनाथ मंदिर से कार्यक्रम स्थल तक मातृशक्ति ने कलश यात्रा निकाली। जिसमे बड़ी संख्या में माता व बहनों ने सहभागिता की।

कलश यात्रा में डीजे पर भजनों की मधुर धुन में बहनें कलश लेकर चल रही थी। साथ में बग्घी पर उदासीन अखाड़ा के महंत विष्णु दास उदासीन महाराज विराजमान थे।

कार्यक्रम का प्रारम्भ गौ पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने विकसित भारत एवं चुनौतियां विषय पर संबोधन दिया। इसके उपरांत मातृ शक्ति शोभा रानी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रेम कुमार और पूज्य महंत विष्णु दास ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन चन्द्रमोहन पाठक ने किया। सम्मेलन को सफल बनाने में वीरेंद्र सिंह बिष्ट, गौरव अवध, मोनू यादव और हिंदू समाज के सभी घटकों के साथियों का सक्रिय सहयोग रहा। सुनील तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

### हिंदू सम्मेलन में एकजुटता पर दिया जोर

**खुदागंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम उखरी में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू एकत्रीकरण और सनातन संस्कृति की रक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम का आरंभ मकरंदपुर जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं की ओर से कृष्ण गीत की प्रस्तुति से हुआ। नवादा दरौबस्त महाविद्यालय के प्राचार्य अनुज सक्सेना का ओमपाल सिंह पूर्व प्रधान की ओर से पटका पहनाकर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने विकसित भारत और उसकी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए हिंदू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्रेष्ठा सिंह ने हिंदुत्व और सामाजिक एकजुटता पर विचार रखे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर कल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन-ए-हज के लिए हज प्रशिक्षण शिविर 11 फरवरी को प्रातः 10 बजे से मदरसा नूरुल हुदा, बिजलीपुरा में लगेगा। शिविर में आजमीन-ए-हज को हज की अदायगी से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां दी जाएंगी। हज के अरकान, एहराम बांधने का तरीका, तवाफ, सई, वुकूफे अराफात, मुजदलिफा, रमीजमारात सहित हज के दौरान की जाने वाली तमाम इबादतों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि हज यात्री आसानी से अपने फर्ज अदा कर सके। प्रशिक्षण शिविर में अनुभवी उलेमा व प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे, जो हज से संबंधित शंकाओं का समाधान भी करेंगे। सभी आजमीन-ए-हज से समय पर पहुंचकर प्रशिक्षण में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी मदरसा नूरुल हुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने दी।

# कुर्रिया कला में हिंदू महासम्मेलन का किया आयोजन



महासम्मेलन में उपस्थित अतिथि और बड़ी संख्या में ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुर्रिया कला

**अमृत विचार :** गांव में सत्य भारती स्कूल के समीप स्थित मैदान में हिंदू महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में धर्म जागरण मंच के अंबिका प्रसाद और शिखा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में लोक भारतीय इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य विनय कुमार मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख दत्त शुक्ला, ददरौल विधायक अरविंद सिंह के भाई विमल सिंह, भाजपा नेता कौशल मिश्रा और राजकमल बाजपेई उपस्थित रहे। सम्मेलन में हिंदू एकता, सामाजिक समरसता, धर्म जागरण और वर्तमान सामाजिक विषयों पर विचार रखे गए। वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने का आह्वान किया।

आयोजन जग्गू मिश्रा और निर्मल की अगुवाई में हुआ तथा संचालन अमित और सरोज पांडे ने किया। कार्यक्रम में अमरदीप शुक्ला, मनुज दीक्षित, अमित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह, संतोष दीक्षित, योगेश शर्मा, संदीप अग्निहोत्री, बिरजू मिश्रा, मयंक दीक्षित, विजय मिश्रा, कनुज मिश्रा, रोहित सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### विराट हिंदू सम्मेलन का किया आयोजन, निकाली कलश यात्रा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अंबेडकर नगर स्थित सुभाषनगर कॉलोनी स्मार्ट रोड पर माता सावित्री बाई फूले हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व कैलाशनाथ मंदिर के पास डीएस प्रिंटर्स से सम्मेलन स्थल तक मातृशक्ति की ओर से कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। डीजे पर भजनों की धुन के बीच कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बग्घी पर उदासीन अखाड़ा के महंत विष्णु दास उदासीन महाराज विराजमान रहे। गौ पूजन और दीप प्रज्वलन के बाद सम्मेलन शुरू हुआ। डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने विकसित भारत और उसकी चुनौतियों पर विचार रखे। इसके बाद शोभा रानी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रेम कुमार और महंत विष्णु दास ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन चंद्रमोहन पाठक ने किया और सुनील तिवारी ने आभार व्यक्त किया। सम्मेलन को सफल बनाने में वीरेंद्र सिंह विष्ट, गौरव अवध, मोनू यादव और हिंदू समाज के लोगों का सहयोग रहा।

### विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक सम्पन्न

**सिधौली, अमृत विचार :** विकासखंड परिसर में 14 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर ब्लॉक सभागार में आयोजक मंडल की बैठक हुई। भाजपा नेता मुनेश्वर सिंह ने बताया कि सम्मेलन में क्षेत्र और जिला स्तर के वरिष्ठ हिंदू नेता तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में आगंतुकों के बैठने और जलपान की व्यवस्था के लिए दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष रणधीर सिंह और सत्येंद्र सिंह, संरक्षक सुधेश सिंह, संयोजक सचिव चंदन चौहान, रोहित सिंह, रोहित चौहान, सुधाकर त्रिपाठी, रंजीत सिंह, श्याम सिंह, मुकेश दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


तृतीय पुण्यतिथि

भवतु सब्बमंगलम् रक्खन्तु सब्बदेवता।
सब्बबुद्धानुभावेन, सदा सुखी भवन्तु ते ॥



स्व. श्रीमती कुमुद सोनकर

श्रद्धावनतः-

पृथ्वीनाथ सिंह सोनकर, पूर्व प्रत्याशी संसद सदस्य लोकसभा, पूर्व सदस्य मण्डल रेल सलाहकार समिति, पूर्व सदस्य दूरसंचार सलाहकार समिति, भारत सरकार (पति), भारतेन्दु सिंह सोनकर (जिलाध्यक्ष सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, बरेली)- पूर्णिमा सोनकर (पुत्र-पुत्रवधू), इं. गगनदीप सिंह सोनकर (पुत्र), प्रसेनजित सोनकर (पौत्र)।

फर्मः- पंचशील इण्टरप्राइजेज, प्रसेनजित इन्टरप्राइजेज
खादी भण्डार- खादी ग्राम उद्योग आयोग भारत सरकार से प्रमाणित
नेकपुर बदायूं रोड, बरेली मो. 9412736969, 8909708475, 7017050878

**न्यूज ब्रीफ**

### ईको की टक्कर से महिला घायल

**तिलहर, अमृत विचार** : निगोही-तिलहर संपर्क मार्ग पर ग्राम रटा मोड़ के पास तेज रफ्तार ईको गाड़ी की टक्कर से एक ग्रामीण महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद ईको खाई में पलट गई, जबकि उसमें सवार लोग मौके से फरार हो गए। घायल 50 वर्षीय राम बेटी को पति जेबलाल और पुत्र राम सिंह इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पिता-पुत्र और मां से मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कलान, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के ग्राम गुदौरा दाउदपुर निवासी राजेश पुत्र रामनिवास जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके चाचा रनवीर शराब पीकर आए दिन गाली-गलौज करते हैं। राजेश के अनुसार उसके पिता रामनिवास बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। रविवार सुबह रनवीर जाटव अपने साथ अजीत, नन्हे और रंजीत को लेकर लाठी-डंडा लेकर घर पर आए और गाली-गलौज करते हुए राजेश, उसके पिता रामनिवास और मां उर्मिला को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद तीनों के साथ मारपीट की गई। इससे राजेश, उसके पिता और मां घायल हो गई। घायल राजेश की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोमोज खरीदते समय डंपर की चपेट में आए व्यवसायी की मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : क्षेत्र के एक व्यापारी की रविवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह सड़क किनारे ठेले से मोमोज खरीद रहे थे। तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें कुचल दिया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजूपुर मिलक निवासी व मूल रूप से जनपद शाहजहांपुर के हरदब चौकी क्षेत्र निवासी कपिल कुमार सक्सेना (40) पत्नी संगीता सक्सेना, दो बेटियों माही व डोली के साथ उत्तराखंड के काशीपुर के समीप हिम्मतपुर में किराए के मकान में रहते थे। उन्होंने भोजपुर में भांजे आंसू सक्सेना की देखरेख में सोलर पैनल व तराजू बिक्री का व्यवसाय शुरू किया था। रविवार की शाम करीब चार माह बाद कपिल परिवार से मिलने जा रहे थे। रात करीब 9 :30 बजे जब वह काशीपुर के हिम्मतपुर क्षेत्र में केवीएस फैक्ट्री के सामने पहुंचे, तो बच्चों के लिए सड़क किनारे खड़े ठेले से मोमोज खरीदने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर उन्हें कुचलते हुए निकल गया। हादसे में कपिल की मौत हो गई।

# शव रखकर लगाया जाम, दो भाई पानी की टंकी पर चढ़े

## डॉक्टर और पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग, अधिकारियों ने परिजनों व ग्रामीणों को समझाकर खुलवाया जाम

**संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही**

**अमृत विचार :** निगोही क्षेत्र के छात्र अंकित की ट्रेन की चपेट में आकर मौत के मामले में परिवार वालों ने ढकिया तिवारी से बिलंदपुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। मृतक के भाई पानी की टंकी पर चढ़ गए। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिवार वालों को समझाने का प्रयास किया। परिवार वालों की मांग थी कि मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों और इलाज में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। एसडीएम तिलहर और सीओ सदर जाम स्थल पर पहुंचे और परिवार वालों को समझाने के बाद तीन घंटे बाद जाम खुलवाया।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव ढकिया तिवारी 16 वर्षीय अंकित सिंह कक्षा 12 का छात्र था। रविवार को दिन में करीब 11 बजे कचहरी रेलवे क्रासिंग के निकट डाउन लाइन की वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया था। आरपीएफ,



सड़क पर शव रख जाम लगाए परिजन व ग्रामीण।



पानी की टंकी पर चढ़े चचेरे भाई।

- **छात्र अंकित की ट्रेन की चपेट में आकर मौत होने का मामला**

जीआरपी और सदर बाजार पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया था। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। परिवार वालों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में तोड़फोड़ करके हंगामा किया था। पुलिस से भी नोकझोंक और मारपीट हुई थी। मृतक का मोबाइल पुलिस के कब्जे में है। परिवार वाले पोस्टमार्टम के बाद उसका शव लेकर घर आ गए थे। सोमवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे परिवार वालों ने अंकित का शव चारपाई गांव का मुख्य सड़क जाम लगा दिया और दोनों तरफ बल्लियां लगा दी। परिवार वालों ने सड़क पर हंगामा शुरू कर दिया। मृतक का चचेरा भाई जितिन और दिलीप पानी की टंकी पर चढ़ गए। इस दौरान दौरान दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिवार वालों को समझाने का प्रयास किया। परिवार वालों की मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर व स्टाफ और मारपीट करने वाले पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। एसडीएम तिलहर और सीओ सदर जाम स्थल पर पहुंचे और परिवार वालों से बात की। परिवार वालों ने कहा कि मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाए। दोनों अधिकारियों ने परिवार वालों को आश्वासन दिया कि जांच करके निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन पर करीब तीन घंटे बाद जाम समाप्त हुआ।

### लोको पायलट के होंगे बयान

देहरादून से वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस स्टॉपेज यहां पर नहीं है। रविवार को दिन में करीब 11 बजे रन थ्रू लखनऊ की ओर जा रही थी। गोविंदगंज रेलवे क्रासिंग के निकट कचहरी हाल्ट के निकट ट्रेन की चपेट में छात्र आ गया था। छात्र इंजन के काउचर में फंसकर काफी दूर रगड़कर चला गया था। लोको पायलट ने ट्रेन को रोककर उसे बाहर निकाला था। सदर बाजार पुलिस सोमवार की दोपहर स्टेशन पर गई और अधिकारियों से ट्रेन के बारे में जानकारी करते हुए लोको पायलट और गार्ड के नंबर लिए। लोको पायलट के बयान से स्पष्ट होगा कि छात्र रील बना रहा था या रेल लाइन पार करते समय चपेट में आ गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### तोड़फोड़ में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच कमेटी गठित

राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर के ईएमओ डॉ. मेराज आलम ने चौक कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की दोपहर मरीजों को देख रहे थे। अचानक एक दर्जन से अधिक लोग ट्रामा सेंटर में घुस आए और गाली-गलौज करने करने लगे। विरोध करने पर अज्ञात लोग उनके साथ व स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए हाथापाई पर उतर आए। आरोपियों शीशे तोड़ दिए और सरकारी कागज फेंक दिए। आरोपी धमकी देकर बाहर निकल गए। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि एक दर्जन से अधिक अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. सरोज कुमार ने बताया कि ट्रामा सेंटर में तोड़फोड़ के मामले में जांच कमेटी गठित की गयी है। डॉ. नेपाल सिंह के अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गयीईहै। कमेटी में चार डॉक्टर है। कमेटी डॉक्टर, स्टाफ और सिक्योरिटी गार्ड के बयान लेंगे और कैमरे चेक किए जाएंगे।

### अंतिम संस्कार में जा रहा बाइक सवार हादसे में घायल

**खुटार, अमृत विचार** : खुटार-पुवायां रोड पर रौतापुर कलां गांव के मोड़ के पास बाइक सवार ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से घुस गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी क्षेत्र के गांव छेदीपुर निवासी अमरीक सिंह थाना पुवायां के गांव गंगसरा निवासी एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने सोमवार को बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान रौतापुर कलां मोड़ पर आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली में उनकी बाइक टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल को सीएचसी लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉ. ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन घायल को इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल ले गए। मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली को थाने में खड़ा करा दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हादसों में बच्चे समेत दो की जान गई

- **सेहरामऊ दक्षिणी और कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे**

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार** : जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में कार ने बच्चे और कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन से बाइक सवार को टक्कर मार दी। दोनों की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई।

सेहरामऊ दक्षिणीः थाना क्षेत्र के गांव भर गवां निवासी शराफत शाह का 6 वर्षीय पुत्र शान मोहम्मद सोमवार की सुबह घर से कुछ दूर गांव में स्थित मस्जिद में चलने वाले स्कूल में कक्षा एक का छात्र था। वह साढ़े नौ बजे वापस लौट रहा था। गांव से होकर निकली नहर रोड के किनारे स्थित नौशाद के मकान के सामने जब शान मोहम्मद पहुंचा। इसी दौरान गांव चांदापुर की तरफ से आई कार ने बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार चालक आकाश तिवारी निवासी कानपुर को हिरासत में लिया है। मृतक बच्चे की मां सुमन, पिता शराफत शाह, उसके भाई-बहन यासमीन, शादाब, सद्दाम, शानू, चांद बी का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक उमेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



शोक में डूबे हुए मृतक सुभाष के परिजन। • अमृत विचार

### महिला का मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार

**कांट, अमृत विचार** : रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव पिपरौला अहमदपुर निवासी 28 वर्षीय सुभाष चंद्र वर्मा पत्नी अनीता को लेकर रविवार की रात रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव उधौ पानी में बाइक से जा रहे थे। उनकी बहन की ननद की शादी थी। चौक कोतवाली क्षेत्र के गांव नवादा पुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, टक्कर लगने से पति और पत्नी घायल हो गए। अजीजगंज पुलिस चौकी के सिपाही मोके पर पहुंचे और पति-पत्नी को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। डॉक्टर ने सुभाष चंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसकी पत्नी का इलाज चल रहा है। सुभाष मजदूरी करता था। उसके तीन बच्चे मुस्कान, कार्तिक और हिमांशु है। दो बच्चे शादी में पहले जा चुके थे। एक बच्चा परिवार वालों ने रोक लिया था। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में दुल्हन के भाई समेत दो की मौत

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार** : अल्हागंज थाना क्षेत्र में फर्रुखाबाद रोड पर ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार भाई समेत दो की मौत हो गयी, जबकि आठ लोग घायल हो गए। मृतक बहन का तिलक चढ़ाने फर्रुखाबाद जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त की मांस और खून के छींटे कार के गेट में चिपक गए। इस दौरान रोड पर जाम लग गया। अल्हागंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने क्रेन मंगाकर जाम खूलवाया।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला महमंद हद्दफ निवासी छोटे लाल ने बेटी सविता की शादी फर्रुखाबाद जिले में तय की थी। 15 फरवरी की शादी थी। सोमवार की दोपहर बाद छोटे लाल, भाई आनंद पाल और बरेली जिले के थाना फतेहगंज पूर्वी निवासी सुरेश पाल रिश्तेदारों के साथ कार से शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद जा रहे थे। सुरेश पाल सविता के छोटे भाई देवेंद्र के ससुर साथ थे। अल्हागंज क्षेत्र में फर्रुखाबाद रोड पर शाम छह बजे एक ट्रक ने कार को सामने से टक्कर मार दी। इससे ट्रक कार को काफी दूर तक पीछे धकेलते ले गया। कार में पीछे की सीट पर बैठे सुरेश पाल का सिर फट गया और चेहरा भी बुरी तरह फट गया। जबकि कार में सवार सविता के भाई आनंद पाल की अंदर ही मौत हो गई। हादसे में कप्तान, विनोद, विमलेश, निखिल, अनमोल, राघव, छोटेलाल घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अल्हागंज सीएचसी पर भेज दिया। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक और कार को कब्जे में ले लिया। सूचना मिलने पर अल्लागंज थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



सीएचसी पर घायलों का उपचार करते डॉक्टर। • अमृत विचार



क्षतिग्रस्त कार। • अमृत विचार

- **अल्हागंज में ट्रक और कार की भिड़ंत, कई लोग घायल**
- **युवक परिवार संग बहन का तिलक चढ़ाने जा रहा था फर्रुखाबाद**

### मातम में बदली शादी की खुशियां

हादसे की सूचना छोटे लाल के परिवार वालों को दी गयी। परिवार वालों में कोहराम मच गया। उनके घर पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। छोटे लाल के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा बेटी सविता और तीन भाई धर्मेंद्र पाल, सोमेंद्र पाल, देवेंद्र पाल बचे है। मृतक आनंद पाल के परिवार में सुधा देवी के अलावा बेटा संजू पाल, मोहित, निखिल, अभयपाल, बेटी तान्या है। आनंद पाल खेती करते है। तिलक की तैयारी धरी रह गई। फर्रुखाबाद में लड़के पक्ष वालों ने तिलक के लिए तैयारी पहले से कर ली थी। तिलक को लेकर खाने-पीने की आदि की तैयारी चल रही थी। घरों में मंगल गीत गाए जा रहे थे। लड़के पक्ष वालों को हादसे की सूचना दी गयी। जहां तिलक की तैयारी धरी रह गयी है।

# जाम लगने पर एसपी ग्रामीण ने लिया एक्शन

**संवाददाता, तिलहर**

**अमृत विचार** : नगर क्षेत्र में जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसपी ग्रामीण ने खुद ही अतिक्रमण हटाने की कमान संभाली। अमृत विचार में खबर प्रकाशन होने के बाद जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन एक्शन में आया।

तिलहर नगर क्षेत्र में लगातार बाजार सहित मुख्य मार्गों पर जाम की समस्या बनी हुई। समस्या का आलम यह है कि नागरिक जिस मार्ग पर निकलते हैं उसी पर अव्यवस्थित यातायात और व्यापारियों के मनमानी के चलते जाम लगा दिखाई देता है। जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरें सोमवार को अचानक नगर क्षेत्र में भ्रमण करने के लिए पहुंचीं। नगर के सबसे बड़े जाम क्षेत्र साबित हो रहे बिरियागंज पहुंचकर एसपी ग्रामीण ने कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल से सड़क पर व्यापारियों द्वारा अपना सामान रखने और ठेले आदि लगे होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सामान को खुद ही हटा ले और यदि दोबारा ऐसा किया तो सामान जप्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस की कार्यवाही से बिरियागंज क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई व्यापारियों का सामान दुकान के अंदर रखवाया गया तो वहीं सड़क पर ठेला लगाए हुए लोगों को भी फटकार लगाते हुए वहां से हटाया गया। इस दौरान सीओ ज्योति यादव कोतवाली प्रभावी जुगल किशोर पाल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।





बिरियागंज में सड़क से अतिक्रमण हटवातीं एसपी ग्रामीण और पुलिस अधिकारी।

- **दुकान के बाहर सामान और ठेले खड़े देखकर लगाई फटकार**

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आग, सामान जलकर राख

**संवाददाता, मिर्जापुर**

**अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव याकूतपुर निवासी किसान शिवशंकर के घर में में सोमवार सुबह करीब 9 बजे के करीब अचानक चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे एक गरीब परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।

आग की इस घटना में शिव शंकर के घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के अनुसार घर में रखे लगभग 20 हजार रुपये की नगदी, चारपाई, कपड़े, बर्तन, जरूरी कागजात सहित प घरेलू सामान आग की भेंट चढ़ गया। इसके अलावा घर में रखे सोने व चांदी के जेवरात भी जल गये हो गए। आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन किसान का परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। किसान शिव शंकर ने सरकार और प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग करते हुए कहा कि आग लगने से उनका सब कुछ खत्म हो गया है और अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द राहत सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे दोबारा अपने जीवन को पटरी पर ला सकें।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**पुवायां, अमृत विचारः** निगोही थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर बुजुर्ग निवासी पप्पू रावत का 29 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह पुवायां थाना क्षेत्र के गांव जठियापुर बुजुर्ग के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि गौरव कुमार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में गौरव कुमार को पुवायां के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसकी जेब में मिले आधार कार्ड के माध्यम से की गई। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है।

# 25 हजार के इनामी अक्षय को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**संवाददाता, तिलहर**

- **भाजपा नेता पर प्राणघातक हमला और होटल में तोड़फोड़ का है आरोपी**

**अमृत विचार** : पुलिस ने 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

19 दिसंबर 2025 की रात शाहजहांपुर निवासी अक्षय कदम और उसके साथियों ने होटल ब्रदर इन में गाली गलौज मारपीट करने के साथ ही जमकर तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने मौके से भारतीय जनता पार्टी की झंडा लगी एक एसयूवी गाड़ी को कब्जे में लेकर होटल मालिक और भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष के भाई इंद्रजीत सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपी अक्षय कदम, उसके भाई योगेश कदम, साथी ऋषभ तिवारी, आयुष मराठा और शिवांश मिश्रा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। अक्षय पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। कोतवाली पुलिस ने योगेश कदम और आयुष मराठा के खिलाफ गिरफ्तार कर पहले ही कार्रवाई की थी। अक्षय कदम की महाराष्ट्र के जनपद सतारा में 5 फरवरी को विवाह होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरें ने बताया कि जल्द ही शेष दोनों आरोपी भी पुलिस की गिरफ्तार में होंगे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया खुदागंज थाने का निरीक्षण

**खुदागंज, अमृत विचार** : पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने खुदागंज थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान शस्त्रों के रखरखाव, अभिलेखों और अभिरक्षा से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की गई।

महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महिला सुरक्षा केंद्र और शिशु गृह का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है। इस मौके पर एसपी ग्रामीण दीक्षा भमरे, एसपी सिटी देवेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# एसीजेएम ने किया जेल का निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार** : जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव /अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मनीष कुमार सिंह ने सोमवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।

सचिव ने जिला कारागार में बैरक नंबर एक, दो और तीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरक नंबर तीन में बंदी मोहित अन्ना ने बताया कि उसकी जमानत हो चुकी है। उसकी एक जमानती की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इस सम्बन्ध में बंदी को जानकारी दी गई कि वह अपने पक्ष में पारित जमानत आदेश में अधिरोपित शर्तों को शिथिल करने की याचना के साथ अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में मय जमानत आदेश प्रेषित करे। ताकि उसको रिहा कराने के प्रयास किए जा सके। सचिव ने सभी बंदियों से निशुल्क विधिक सहायता के बारे में पूछा। जिस पर बंदियों ने बताया कि उनके पास पैरवी के लिए अधिवक्ता हैं। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक जिला कारागार जेपी तिवारी, जेलर डिप्टी जेलर अनिल विश्वकर्मा, चीफ एलएडीसीएस दिनेश कुमार मिश्रा एवं लिपिक मोहम्मद अफजल आदि उपस्थित रहे।



जिला कारागार का निरीक्षण करते एसीजेएम मनीष कुमार सिंह। • अमृत विचार

### हत्या के इरादे से स्कूल में छिपे युवक को किया गिरफ्तार

**अल्हागंज, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव कुंवरपुर बांक स्थित प्राथमिक विद्यालय में हत्या के इरादे से छिपे बैठे एक युवक को पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार गांव निवासी पंकज मिश्रा उम्र 28 वर्ष का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। हमले में उसके हाथ-पैर में चोटें आई थीं। इसी रंजिश के चलते वह विरोधी पक्ष की हत्या के इरादे से विद्यालय में छिपा बैठा था। सूचना मिलने पर थानाप्रभारी ओमप्रकाश, उप निरीक्षक राजेश शिवनारायण मिश्रा तथा हेड कांस्टेबल सर्वे कुमार ने मौके पर पहुंचकर पंकज को तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

# महिला ने की युवक से 78 लाख की ऑनलाइन ठगी, एफआईआर

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **शादीडाटकाम पर किया था संपर्क, क्रिप्टो ट्रेडिंग का दिया था झांसा**

**अमृत विचार** : शादी डाट काम पर संपर्क में आई महिला ने युवक के साथ करीब 78 लाख रुपये का फ्रॉड कर दिया। आरोप है कि महिला ने दूसरी वेबसाइट पर आईडी बनवाई। क्रिप्टो ट्रेडिंग कराई। शुरू में 2 से ढाई लाख रुपये का फायदा हुआ। भरोसा होने पर उन्होंने ज्यादा पैसा लगाया जो बाद में नहीं मिला। पीड़ित ने साइबर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला न्यू कॉलोनी लोधीपुर निवासी विमलेश कुमार ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई कि 30 अक्टूबर को शादी डाट काम पर संजय जैन नाम की महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। इसको उसने स्वीकार कर लिया और फिर व्हाट्स एप पर बात होने लगी। उसने एक वेबसाइट पर आईडी बनवाई और कहा कि ये क्रिप्टो ट्रेड के लिए है। महिला ने पीड़ित से कहा कि मैं भी ट्रेड करती हूं और आप भी करिए। शुरू में दो से ढाई लाख रुपये का फायदा होने पर विश्वास हो गया था। महिला ने पीड़ित से कहा कि मेरे अंकल इस पर ट्रेड करते हैं आपको कोई नुकसान नहीं होगा। फिर उससे 25 प्रतिशत कमीशन मांगा गया। इस तरह 57 लाख 57 हजार 170 रुपये का फ्रॉड किया गया। इंवेस्टमेंट किया गया पैसा देने से मना कर दिया और वापस करने पर और ट्रेड करने के लिए कहा गया। फिर कहा गया कि 60 प्रतिशत का टारगेट पूरा करना होगा। कम से कम 13 ट्रेड करना होगा। पीड़ित ने ये भी किया। फिर कहा गया कि अब चार प्रतिशत फाइन भरना होगा। कांट्रेक्टर पूरा नहीं होने पर उन्होने फाइन भी भर दिया। जब पीड़ित ने रुपये निकालने के लिए कोशिश की तो कहा गया कि सर्विस एक्टिव कराना होगी। 19 लाख 77 हजार 600 मांगा गया। उनके साथ फ्रॉड किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि विवेचना की जा रही है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज
स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर
मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# मृदा उर्वरता बढ़ाने व बीज उत्पादन पर दिया जोर

## उद्यान विभाग ने आयोजित किया एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण

- बागवानी, सब्जी उत्पादन और आधुनिक खेती तकनीकों की दी जानकारी
- बहुस्तरीय खेती, कीट प्रबंधन और ड्रिप सिंचाई पर किया किसानों का मार्गदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उद्यान विभाग की ओर से एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत सोमवार को एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र नियामतपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को कृषि और बागवानी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों की ओर से विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. एनसी त्रिपाठी ने सब्जी बीज उत्पादन और मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने फूल, फल और सब्जी की खेती को बहुस्तरीय विधि से करने के लाभ बताए। वैज्ञानिक डॉ. हादी हुसैन खान ने बागवानी और सब्जी फसलों में लगने वाले कीट, रोग और उनके प्रभावी प्रबंधन के तरीकों पर जानकारी दी।

वैज्ञानिक डॉ. विमल कुमार ने मौन पालकों को शीत ऋतु में मौनवंशों को सुरक्षित रखने के उपाय बताए और किसानों से मशरूम की खेती को अधिक से अधिक मात्रा में अपनाने का आह्वान किया। वैज्ञानिक अभियंत्रण इंजी. गौरव शर्मा ने कृषि यंत्रों और आधुनिक सिंचाई पद्धतियों के बारे में जानकारी दी।

प्रगतिशील कृषक सुरेश चन्द्र वर्मा निवासी ग्राम राईखेड़ा ने प्याज, धनिया, ब्रोकली, फूलगोभी सहित अन्य फसलों की खेती और ड्रिप सिंचाई पद्धति की उपयोगिता से जुड़े अपने अनुभव किसानों के बीच साझा किए। कार्यक्रम के अंत में जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने उद्यान विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही किसानों का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण के दौरान उप निरीक्षक अनिल कुमार, सह उप निरीक्षक राकेश कुमार, सह उप निरीक्षक दिव्या यादव आदि मौजूद रहे।



कृषक प्रशिक्षण में किसान को जानकारी देते विशेषज्ञ। • अमृत विचार

# समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भारतीय कृषक दल की समग्र क्रांति जन जागरण रथ यात्रा के दौरान किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित एडवोकेट के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल लोकभवन पहुंचा।

प्रतिनिधि मंडल ने तिलहर शहीद कुटी में पिछले 50 दिनों से चल रहे धरने की अनदेखी और सरकारी नीतियों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया। लोकभवन में पुलिस प्रशासन से हुई नोकझोंक के बाद प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री आवास पांच कालिदास मार्ग ले जाया गया। यहां मुख्यमंत्री के सदन में होने के कारण उनके ओएसडी ने समस्याओं से संबंधित 15 सूत्रीय मांग पत्र लिया और उसे मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित ने बताया कि प्रमुख मांगों में शाहजहांपुर, हरदोई सहित पूरे उत्तर प्रदेश में छुट्टा गाय-सांडों की समस्या का समाधान, गोवंश और खेती का संरक्षण, धान खरीद में फर्जी सत्यापन और एमएसपी घोटाले की एसआईटी जांच, नमामि गंगे और डीएएसपी योजना में हुए घोटालों की जांच व तिलहन-दलहन बीज मिनी किटों में धांधली की जांच शामिल है। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रमोद यादव जनसेवक, प्रदेश सचिव संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार और दिनेश राठौर मौजूद रहे।

# चौक आला खां में हुआ जलसा जश्ने दस्तारबंदी


चौक आला खां में जलसा जश्ने दस्तारबंदी में बोलते हाफिज इस्लाम बरकाती।

- जलसे का आगाज हाफिज मुहम्मद अव्वलीन ने कुरआन की तिलावत से किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मोहल्ला चौक आला खां में बीती रात मदरसा कादरिया मदीनतुल इल्म के छात्र हाफिज मोहम्मद अव्वलीन के हिफ्ज मुकम्मल करने पर जलसा जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन किया।

जलसे की अध्यक्षता मदरसा कादरिया मदरसा मदीनत-उल-इल्म के संस्थापक कारी कलामुद्दीन मंजरी ने की। जलसे का आगाज हाफिज मुहम्मद अव्वलीन ने कुरआन की तिलावत से किया। बरेली से आए मदरसा मंजर-ए-इस्लाम के मौलाना सगीर अहमद ने कुरआन की अहमियत पर रोशनी डालते हुए घरों में इस्लामी माहौल बनाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता मुफ्ती फैजान रजा मिस्बाही ने कहा कि हाफिज की उपाधि मिलना किसी सौभाग्य से कम नहीं है। हाफिज बनने पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी कंधों पर आती है। मुख्य अतिथि बरेली से आए पीर-ए-तरीकत मौलाना अनस रजा खां कादरी ने छात्र हाफिज मुहम्मद अव्वलीन की दस्तारबंदी कर दुआओं से नवाजा। आखिर में कारी कलामुद्दीन मंज़री ने मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की। इस मौके पर मौलाना रियाजुल कादरी, मुहम्मद नवेद रजा, हाफिज इस्लाम बरकाती, हाफिज फराज रजा, हाफिज मोहम्मद आलम बरकाती, हाफिज अर्सलान चिश्ती, हाफिज साबिर रजा, अहमद बरकाती, हाफिज तहसीन रजा, हाफिज इमरान खां आदि मौजूद थे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत


रोते बिलखते मृतका के परिजन।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** एसआईआर को लेकर पहुंचे नोटिस के बाद रिश्तेदार के संग नगर पालिका में अभिलेख जमा कराने के लिए जा रही वृद्धा की सड़क हादसे में मौत हो गई।

बता दें कि शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी की रहने वाली 70 वर्षीय माया देवी अपनी रिश्तेदार भाग्यवती के साथ नगर पालिका कार्यालय पैदल जा रही थी। बताते हैं कि एसआईआर के संबंध में उनके पास नोटिस पहुंचा था, जिसके अभिलेख नगरपालिका में जमा होने थे। छतरी चौराहा से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर भाग्यवती फोटो स्टेट की दुकान पर रुक गई। इसी बीच चीनी मिल में गन्ना उतारकर आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने वृद्धा को चपेट में ले लिया। वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर गई। कुछ देर में ही भीड़ जमा हो गई। आरोप है कि उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया लेकिन लहूलुहान होने के चलते कई ई-रिक्शा चालक इनकार कर गए। हालांकि बाद में एक ई-रिक्शा से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तीन केंद्रों पर पहले दिन 361 परीक्षार्थी अनुपस्थित

- सीसीटीवी की निगरानी में शुरू हुई मदरसा बोर्ड की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार से यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं तीन केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में शुरू हो गईं। पहले दिन कुल 361 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में मुंशी /मौलवी (सेकेण्डरी) के कुल 815 नामांकित छात्रों में से 325 ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि 490 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, द्वितीय पाली में आलिम (सीनियर सेकेण्डरी ) में कुल पंजीकृत 217 परीक्षार्थियों में से 181 ने परीक्षा दी। जबकि 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला अल्पसंख्यक कार्यालय के वरिष्ठ सहायक जीशान इलाही ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

डीआईओएस कार्यालय के जीशान इलाही ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की शुचिता का चेक किया। उन्होंने बताया कि जिले में बनाए गए तीन केंद्रों पर मदरसा बोर्ड परीक्षाएं वायस रिकॉर्डर और सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी में कराई जा रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रथम दिन की पहली पाली में 490 और दूसरी पाली में 181 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। बता दें कि इस बार बोर्ड ने एडेड मदरसों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया। अशासकीय विद्यालयों में परीक्षा कराई जा रही है। डीएम की संस्तुति पर डीआईओएस हरिवंश कुमार ने शहर में नेशनल गर्ल्स इंटर कालेज अली जई और एजेड खान इंटर कालेज जलालनगर तथा तिलहर में आरबीएम इंटर कालेज को परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया। नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज की केंद्र व्यवस्थापक डा शाइस्ता नसीम ने बताया कि मदरसा बोर्ड की परीक्षा सख्त निगरानी में कराई गई। छात्रों को गहन तलाशी के बाद ही कक्षों में जाने दिया गया। उनके केंद्र पर पहली पाली में 204 और दूसरी पाली में 47 छात्रों ने परीक्षा दी। डीएमओ रोहित कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को पहली पाली में 60.12 प्रतिशत छात्र उपस्थित रहे। जबकि 39.88 प्रतिशत छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 83.41 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति और 16.59 प्रतिशत की गैर हाजिरी रही।


सोमवार को पहले दिन परीक्षा केंद्र पर मदरसा बोर्ड की परीक्षा देते छात्र।

# कॉल कर युवक को धमकाया, रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव पतरासा कुंवरपुर के रहने वाले रामआसरे पुत्र पूरन लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र राम सिंह एसबीआई शाखा बिलसंडा में ग्राहक सेवा मित्र के पद पर तैनात है। उसके पुत्र को कॉल कर बीसलपुर के गांव परसिया निवासी अनमोल पुत्र रमेश गंगवार ने 30 जनवरी को दोपहर करीब एक बजे 25 हजार रुपये मांगे। उसके पुत्र राम सिंह ने रुपये देने में असमर्थता जताई। इस पर आरोपी ने गाली गलौज कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हाथियों के झुंड ने पांच एकड़ फसल रौंदी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** कलीनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत शारदा पार इलाके में बीती रात घुसे नेपाली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। नेपाली हाथियों ने देर रात खेतों में खड़ी कृषि फसलों को रौंद डाला। जंगली हाथियों की आमद से क्षेत्र के ग्रामीणों में खासी दहशत है। हाथियों की संख्या करीब 35 बताई जा रही है।

नेपाल की ओर से जनपद में जंगली हाथियों का आवागमन लगातार बना हुआ है। बताते हैं कि नेपाली हाथियों का झुंड पिछले कुछ समय से लग्गा-भग्गा समेत आसपास के इलाकों में लगातार घूम रहा है और कृषि फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। इधर रविवार रात भी करीब 35 नेपाली हाथियों का झुंड मायापुरी घाट होते हुए शारदा पार इलाके में आ पहुंचा। जंगली हाथियों के झुंड ने करीब चार किसानों की करीब पांच एकड़ गन्ना और गेहूं की फसल को रौंद डाला। खेतों में नेपाली हाथियों के आने की जानकारी लगने पर ग्रामीणों में खासी दहशत बनी हुई है। हाथियों के हमले के डर से ग्रामीण खेतों में फसलों की रखवाली करने नहीं पहुंच रहे हैं। बता दें कि इससे पूर्व भी नेपाली हाथी ढकिया ताल्लुके महाराजपुर के इलाके में फसलों को नुकसान पहुंचा चुके हैं। इस संबंध में बराही रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी अरुण मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि हाथियों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। टीमों को सतर्क रहते के निर्देश दिए गए हैं।


शारदा पार इलाके में नेपाली हाथियों द्वारा रौंदी गई गेहूं की फसल। • अमृत विचार

- शारदा पार इलाके में घुसा 35 हाथियों का झुंड, पूर्व में ढकिया ताल्लुके महाराजपुर में घुसे थे


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# छात्रों और इंटर्न्स को दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में हुआ आईडीए ड्रग जागरुकता कार्यक्रम
- 50 इंटर्न्स घर-घर जाकर निभाएंगे ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर की भूमिका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से आईडीए ड्रग से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं और एमबीबीएस इंटर्न्स को फाइलेरिया उन्मूलन में आईडीए दवा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह भी मौजूद रहे। डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास और समय पर दवा सेवन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों और इंटर्न्स से समाज में जाकर लोगों को जागरूक करने और अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ से आए अरुण मिश्रा और फाइलेरिया इंस्पेक्टर सुधांशु ने प्रतिभागियों को दवा वितरण की सही विधि का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि आईडीए दवा लोगों को किस प्रकार सुरक्षित तरीके से खिलाई जानी चाहिए, ताकि अधिकतम लाभ मिल सके और किसी प्रकार की भ्रांति न रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 50 एमबीबीएस इंटर्न्स और फार्मेसी के छात्र-छात्राएं लिंफैटिक फाइलेरियासिस उन्मूलन कार्यक्रम में आईडीए राउंड के दौरान ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में कार्य करेंगे। यह सभी इंटर्न्स घर-घर जाकर लोगों को दवा सेवन कराएंगे और फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आईडीए ड्रग से जुड़े तकनीकी और चिकित्सीय पहलुओं की जानकारी देना तथा समाज में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जागरुकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।


आईडीए ड्रग जागरुकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करते विद्यार्थी, चिकित्सक और विशेषज्ञ।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड





प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरुप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।



## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रुपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रूपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# शहर में जगह-जगह लगे अवैध होर्डिंग्स से हादसों का खतरा, राजस्व को भी नुकसान

## नियम सिर्फ कागजों तक ही सीमित, बिना अनुमति लग रहे अवैध होर्डिंग पर नहीं जिम्मेदारों का ध्यान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर के अंदर होर्डिंग्स लगाने के नियम सिर्फ कागजों तक ही सीमित हैं। बिना अनुमति के शहर हर तरफ अवैध होर्डिंग्स का जाल फैला हुआ है। अवैध होर्डिंग की वजह से जहां नगर पालिका को राजस्व की भारी क्षति हो रही है, वहीं सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते सड़क हादसों की संभावना अधिक बढ़ती जा रही है।




पुलिस लाइन चौराहे पर लगे अवैध होर्डिंग। • अमृत विचार

नगर पालिका के नियमानुसार होर्डिंग लगाने के लिए 1.50 रुपए प्रति वर्ग फीट दर निर्धारित है। साथ ही नगर पालिका प्रशासन द्वारा होर्डिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित होते हैं। लेकिन पालिका प्रशासन होर्डिंग लगाने के लिए न स्थान चिन्हित कर पाया है। और न ही किसी को इसकी अभी तक अनुमति दी गई है। नगर पालिका की बिना अनुमति के शहर के हर चौराहे, प्रमुख मार्ग सहित जगहों पर अवैध रूप से होर्डिंग्स टंगे हैं। अवैध रूप से टंगे होर्डिंग सुरक्षा मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा। अवैध होर्डिंग की वजह से जहां शहर की सूरत बिगड़ चुकी है। वहीं राहगीरों को खतरा पैदा कर रहे हैं। लालपुल, कचहरी, पुलिस लाइन चौराहा, इंद्रा चौक, दातागंज चुंगी, शहबाजपुर चुंगी, नवादा लावेला चौक, ओवरब्रिज के आस पास अवैध होर्डिंग की भरमार है। यदि शहर में लगे सभी विज्ञापन बोर्डों से नियम अनुसार शुल्क वसूला जाए तो पालिका का राजस्व लाखों रुपये तक बढ़ सकता है। लेकिन बिना अनुमति के लगे होर्डिंग से हर माह नगर पालिका को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है।

**• नगर पालिका को हो रहा आर्थिक नुकसान**

> "होर्डिंग लगाने के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। टेंडर प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है। मार्च माह तक टेंडर कर दिया जाएगा। जिन संस्थाओं और कंपनियों के होर्डिंग लगे हुए हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही उनसे होर्डिंग लगाने के लिए जुर्माना भी वसूला जाएगा।
> **-विनय कुमार**, ईओ नगर पालिका सदर।

### यूनिपोल से हो रहा प्रचार प्रसार

शहर के हर चौराहे और प्रमुख मार्ग पर यूनिपोल लगे हैं। इन यूनिपोल पर प्रचार प्रसार के लिए उच्च न्यायालय की ओर से रोक लगाई हुई है। इसके बाद भी शहर में लगे यूनिपोल पर विभिन्न कंपनियों व संस्थाओं के विज्ञापन प्रदर्शित हो रहे हैं। इससे प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी और नियमों के उल्लंघन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब न्यायालय ने रोक लगा दी है तो इन यूनिपोल पर किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार नहीं होना चाहिए। वहीं जिम्मेदार विभागीय अधिकारी मामले में टिप्पणी करने से बचते दिखे।

# रेलवे लाइन के लिए संगठन ने मांगा सहमति पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले में नई रेलवे लाइन डालने की मांग तेज हो गई हैं। अखिल भारतीय सनातन बोर्ड संगठन के पदाधिकारियों ने रेलवे लाइन के समर्थन में विभिन्न सामाजिक संगठनों से सहमति पत्र मांगा। जिलाध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कहा कि रेलवे विभाग लंबे समय से बदायूं जिले की उपेक्षा करता आ रहा है। सनातन बोर्ड का प्रस्ताव जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला कदम है।

नई रेलवे लाइन से व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी और नए-नए उद्योग लग सकेंगे। स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उपेक्षित पड़े बदायूं का विकास हो सकेगा। विभिन्न सामाजिक संगठनों से समर्थन पत्र लेकर रेल मंत्री को भेजा जाएगा।



सहमति पत्र लेते अखिल भारतीय सनातन बोर्ड के पदाधिकारी। • अमृत विचार

# परिषदीय स्कूलों की खेल प्रतियोगिताएं आज से

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता आज से शुरू हो रही हैं। जोकि 12 फरवरी तक चलेंगीं। प्रतियोगिताओं का आयोजन इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर होगा। इसी मैदान पर एथलेटिक्स, कबड्डी, और खो-खो सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों को मंडल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं 10 जनवरी से शुरू हो रही हैं। तीन दिनों तक जारी प्रतियोगिताएं इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में होगीं। जिसमें ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। खेलकूद का आयोजन पारदर्शी रहेगा। इसके लिए अनुदेशक, पीटीआई शिक्षकों को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। इस प्रतियोगिता में विजेता होने वाले बच्चे मंडल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वहीं प्रतियोगिता को लेकर कॉलेज के मैदान पर दिन भर तैयारी की जाती रही।

**• प्रतियोगिता को लेकर इस्लामिया कॉलेज मैदान में हो रही तैयारी**

# मतदाता छह मार्च तक दर्ज कराएं दावे-आपत्तियां

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश कुमार राय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में एसआईआर का काम चल रहा है। सभी विधानसभा में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद मैपिंग न कराने वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है। मिले नोटिस पर मतदाता दावे और आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं।

दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की तिथि में संशोधन किया गया है। अब 6 मार्च तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। निर्वाचक नामावलियों के स्वास्थ्य मानकों की जांच कर अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग की अनुमति 03 अप्रैल तक प्राप्त की जाएगी तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा।

# शेखूपुर में डिग्री कॉलेज न होना अफसोसजनक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पूर्व राज्यमंत्री आबिद रजा सोमवार को विधानसभा शेखूपुर के गांव शेखूपुर पहुंचे। सैकड़ों लोगों ने पुष्प वर्षा करके और माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। क्षेत्र में उनके होर्डिंग्स और कटआउट लगाए गए। पूर्व मंत्री ने दलित बस्ती का दौरान करके लोगों का दुख जाना। उनके सहयोग का आश्वासन दिया।



पूर्व मंत्री आबिद रजा का स्वागत करते विधानसभा शेखूपुर के गांव शेखूपुर के ग्रामीण।

विधानसभा के गांव शेखूपुर के लोगों ने पूर्व मंत्री के आवास जाकर मुलाकात की। अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। विकास के लिए क्षेत्र की उपेक्षा की बात कहते हुए पूर्व मंत्री से गांव आने का आग्रह किया था। सोमवार को पूर्व मंत्री गांव पहुंचे। उन्होंने लोगों का शुक्रिया अदा किया। कहा कि वह जानते हैं उनके साथ राजनैतिक नाइंसाफी हुई है। जितना विकास होना चाहिए उसका 10 प्रतिशत भी विकास नहीं हुआ है। बहुत अफसोस की बात है कि क्षेत्र में कोई सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है। जब बच्चे नहीं पढ़ पाएंगे तो उनका भविष्य बेहतर कैसे होगा। कहा कि उन लोगों का वोट लेने के लिए ही इस्तेमाल किया गया। चुनाव में अच्छी बातें और लुभावनी बातें की जाती हैं।

चुनाव के बाद क्षेत्र में विकास तो दूर लोगों को पहचाना भी नहीं जाता। विधानसभा में उनका दिया हुआ वोट कामयाब हुआ था, इसके बाद भी लोगों की मायूसी का मतलब है कि लोग जिसे अपना सियासी दोस्त समझकर कामयाब करते हैं वह दोस्त नहीं निकला। लोगों को डबल नुकसान हुआ। साल 2027 में वर्तमान सरकार को हटाने के लिए सेकुलर हिंदू व मुसलमानों को सियासी रूप से एकराय होना होगा। पीडीए को मजबूत करना होगा। मौजूदा सरकार में किसान, गरीब, मरीज सभी परेशान हैं।

एसआईआर को लेकर उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव मे भाजपा जानती हैं कि सपा सरकार बना सकती है। इसीलिए जो हिंदू व मुसलमान भाजपा को वोट नहीं देंगे उनके वोट सत्ता का दुरुपयोग करके काटना चाहती हैं। इस चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में अपना रहनुमा बनाएं। पूर्व मंत्री ने कहा कि सभी लोग अपना सियासी रहनुमा सोच समझकर बनाएं। इस्लाम में कहा है कि एक बार गलती पर माफ करें, दूसरी बार पर दिल बड़ा कर माफ करें और तीसरी बार माफ न करने को कहा गया है। कहा कि उन्हें हिम्मत दें तो वह ईमानदारी से लोगों की खिदमत करेंगे।

पूर्व प्रधान फरजन्द अली, शमीम मियां चौधरी, खालिद अंसारी, सोहिल सिद्दीकी, अनवर खान, चांद मियां चौधरी, नूर मोहम्मद खां, फहीम खां, निराले, शादाब, अहमद रजा फराजी, अकमल आफताब, साकिब खां, नदीम खां, महफूज, सालिम, वारिस, मुशीर, इकराम चौधरी, इंतशार उद्दीन, तौफीक, रियासत वासिल, नवेद आदि उपस्थित रहे।

**• पूर्व मंत्री ने गांव शेखूपुर की दलित बस्ती में जाना लोगों का दर्द**

# परीक्षा जीवन का अंत नहीं, सीखने का समय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिल्सी के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं को परीक्षा पे चर्चा 2026 कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से संवाद स्थापित करने हेतु आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना और विद्यार्थियों को सकारात्मक एवं आत्मविश्वास पूर्ण दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना था।



परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखते बाबा इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे। • अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा जीवन का अंत नहीं, बल्कि सीखने और आत्म-मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को अंकों के दबाव से मुक्त होकर ज्ञान अर्जन, समझ और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। समय प्रबंधन, आत्म-अनुशासन, नियमित अध्ययन, संतुलित दिनचर्या तथा स्वस्थ जीवनशैली को सफलता के प्रमुख आधार बताया गया। सकारात्मक सोच बनाए रखने, अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने और असफलता से निराश होने के बजाय उससे सीख लेने के लिए प्रेरित किया। डिजिटल माध्यमों और मोबाइल के सीमित उपयोग पर भी बल दिया तथा अभिभावकों और शिक्षकों को विद्यार्थियों के भावनात्मक संबल का आधार बताया।

डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करना है। प्रधानाचार्य ने कहा कि तनाव-मुक्त वातावरण प्रदान करना स्कूल की प्राथमिकता है। प्रशासक अमित माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

**• बाबा इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को दिखाया गया परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम**

# न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**बिल्सी, अमृत विचार :** सोमवार को बिल्सी के तहसील बार के सभागार में बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपजिलाधिकारी प्रशासन द्वारा 3 फरवरी और इससे पूर्व भी अधिवक्ताओं के साथ किए गए कथित दुर्व्यवहार की निंदा की गई। अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उपजिलाधिकारी प्रशासन के विरुद्ध और तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में शासन और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। विरोध स्वरूप बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मंगलवार उपजिलाधिकारी प्रशासन के न्यायालय में न्यायिक कार्यों से निव्रत रहेंगे। बैठक में ज्ञान सिंह त्यागी, योगेश बिसारिया, श्रीराम, हरिओम यादव, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार सिंह, बागीश माहेश्वरी, हेमेंद्र सिंह, रामनाथ शर्मा, मंजू यादव, रामप्रकाश समेत कई लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा, सेवा व राष्ट्र निर्माण पर जोर

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से आए संत-महात्मा, विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की।

हिन्दू सम्मेलन में देश एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए वक्ताओं ने हिन्दू समाज से जुड़े समसामयिक विषयों पर विचार साझा किए। सम्मेलन में विचार-विमर्श का केंद्र सामाजिक एकता, सांस्कृतिक संरक्षण, शिक्षा, सेवा और राष्ट्र निर्माण रहा।

वक्ताओं ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उनकी एकजुटता, सहिष्णुता और सांस्कृतिक मूल्यों में निहित है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, चरित्र निर्माण एवं समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक प्रमुख प्रीतम सिंह ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिकता के साथ-साथ संस्कृति और नैतिक मूल्यों का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।




हिंदू सम्मेलन में बोलते अतिथि।

सम्मेलन के दौरान यह संदेश दिया गया कि समाज को संगठित रहकर शांति, सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप आगे बढ़ना चाहिए। वक्ताओं ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, सेवा कार्यों के विस्तार तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया।कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें समाज हित एवं सांस्कृतिक संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। बंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ये गरिमामय कार्यक्रम हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

**• सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हिंदू सम्मेलन आयोजित**

# कृषि अधिकारी ने उर्वरकों की दुकानों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिला कृषि अधिकारी ने सोमवार को खाद बीज की दुकानों पर छापा मारा। उनके द्वारा 20 से अधिक दुकानों का निरीक्षण किया। कई दुकानें बंद मिली। स्टॉक में कमी और दुकानें बंद मिलने पर पांच दुकानों को नोटिस जारी किया गया। इस कार्रवाई से उर्वरक विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा।

जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत ने बताया कि सभी विकास खंडों में जनपद स्तरीय अधिकारियों को खाद की दुकानों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें अपने क्षेत्रों में उर्वरकों की दुकानों पर खाद की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, मूल्य नियंत्रण आदि की हकीकत जानने के लिए कहा गया हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बिसौली, आसफपुर, इस्लामनगर क्षेत्र में उनके द्वारा करीब 20 खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। सभी दुकानों पर उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध मिला। ई-पास मशीन और भौतिक स्टॉक देखा गया। दो दुकानों पर अंतर पाया गया। तीन दुकानदारों के अभिलेख अपूर्ण पाए गए। इन पांच दुकानों को चेतावनी देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। इसके अलावा बंद मिली दुकानों के संचालकों को भी नोटिस जारी किया गया है।

**• निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितता, जारी किया नोटिस**

खेती

**रात-दिन चीनी मिल पर किसान पहुंचा रहे गन्ना, अन्य चीनी मिलों को पर्याप्त नहीं मिल रहा गन्ना**

# मझोला चीनी मिल ने नकद खरीदना शुरू किया गन्ना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** इस बार बिसौली चीनी मिल बंद हो जाने से कई अन्य चीनी मिलों को काफी लाभ हुआ है। शासन द्वारा आवंटित क्रय केंद्रों पर गन्ना किसानों की भारी भीड़ है इसलिए अब संभल की मझोला चीनी मिल ने किसानों का गन्ना नकद खरीदना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के अधिकांश किसान मझोला चीनी मिल का गन्ना बेच रहे हैं।

बिसौली चीनी मिल ने गन्ना किसानों का पिछले साल का अभी तक पूरा भुगतान नहीं किया है जिससे गन्ना किसान परेशान हैं। भुगतान न मिलने से किसानों ने अपना गन्ना बिसौली चीनी मिल को नहीं दिया। जिससे मिल गन्ने के अभाव में समय से काफी पहले बंद हो गयी। उसके बाद उक्त मिल के गन्ना किसानों को परेशानी होने लगी। गन्ना किसानों के खेतों में लाखों क्विटल गन्ना खड़ा है। इसलिए गन्ना विभाग ने कई अन्य चीनी मिलों को क्रय केंद्र खोलने के निर्देश दिए। हरदोई की रूपापुर की चीनी मिल को भी तीन क्रय केंद्र दिए गए हैं। एक क्रय केंद्र कुनार गांव में बनाया गया है। कुनार गांव के क्रय केंद्र पर गन्ना किसानों की भीड़ पहुंच रही है। सैकड़ों गन्ना लदे वाहन खड़े हैं। भीड़ अधिक होने पर अब इस क्षेत्र के गन्ना किसानों ने अपना गन्ना संभल की मझोला चीनी मिल को बेचना शुरू कर दिया है। मझोला चीनी मिल गन्ना किसानों से अब नकद में गन्ना खरीद रही है। नकद में गन्ने की खरीद होने की खबर पर क्षेत्र के अनेकों किसान अब सीधे मझोला चीनी मिल पहुंच रहे हैं। बड़े बड़े ट्राला में डेढ़ सौ से दो सौ क्विंटल गन्ने की तौल करा रहे हैं। गन्ने का नकद 420 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किए जाने की सूचना पर किसानों में खुशी है। मझोला चीनी मिल की नकद खरीद के चलते अन्य चीनी मिलों को अब पर्याप्त गन्ना नहीं मिल पा रहा है।

कुनार क्षेत्र के किसान केपी सिंह राठौर ने सोमवार को बताया कि उनका करीब दस बीघा गन्ना खेत में खड़ा है। वह अब पूरा गन्ना मझोला चीनी मिल को बेच रहे हैं। आज भी करीब डेढ़ सौ क्विंटल गन्ना मझोला चीनी मिल को बेचा है। अब अन्य किसान भी मझोला चीनी मिल का गन्ना लेकर जा रहे हैं। गन्ना विभाग द्वारा खोले गए क्रय केंद्रों पर किसानों को परेशानी हो रही है। जिससे किसान मझोला चीनी मिल को दौड़ रहे हैं।



मझोला चीनी मिल को जा रहे गन्ने लदे वाहन। • अमृत विचार

### क्रय केंद्रों पर हो रही दिक्कत

फरीदपुर और अन्य चीनी मिलों ने अपने क्रय केंद्र खोल कर गन्ने की खरीद शुरू कर दी है। सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की भीड़ है। किसान रात को गन्ना लेकर पहुंच रहे हैं उनके गन्ना सुबह को तौला जा रहा है। नम्बर आने के बाद ही गन्ने की तौल हो पा रही है। शेखूपुर चीनी मिल के क्रय केंद्र लखनपुर में ए और बी हैं। दोनों क्रय केंद्रों पर गन्ने का उठान देरी से होने के कारण किसानों को दिक्कत हो रही है। हालांकि अधिकांश किसान शेखूपुर चीनी मिल गेट पर ही गन्ना पहुंचा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बंद रहेगी बिजली

बिसौली, अमृत विचार : सोमवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र ग्रामीण पर स्थापित पुरानी वीसीबी बदलने का कार्य किया जाएगा। वीसीबी बदलने के कारण 10 फरवरी को उक्त उपकेंद्र से पोषित समस्त 11 केवी फीडर नागपुर कृषि, पलिया टाउन व कृषि, बसई टाउन व कृषि, पिंदारा टाउन व कृषि, और मिठामई कृषि की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से सायं 6 बजे तक शटडाउन के कारण पूर्णत: बंद रहेगी।

### चार वांछित दबोचे

बिल्सी, अमृत विचार : अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिल्सी पुलिस को सफलता मिली है। विभिन्न मामलों के आरोपी नगर के मोहल्ला चार निवासी जफर, चमन, हसीन और शोएब को नगर पालिका कार्यालय के पीछे से दबोचा। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दर्ज मामले में आरोपी फरार थे।

### 26 तक होगा वितरण

बदायूं, अमृत विचार : जिला पूर्ति अधिकारी सतीश चंद्र मिश्रा ने बताया कि अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को माह फरवरी का राशन वितरण 8 फरवरी से शुरू हो गया है। कार्ड धारकों मे गेहूं चावल और बाजरा का वितरण कराया जा रहा है। निशुल्क खाद्यान्न का वितरण राशन की दुकानों पर 26 फरवरी तक होगा।

### सैनिकों की बैठक कल

बदायूं, अमृत विचार : ले. कर्नल संदीप सिंह (अप्रा) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि है कि सैनिक बंधु की बैठक 11 फरवरी को होगी। जिसमें जनपद के भूतपूर्व और दिवंगत सैनिकों की विधवाओं की कल्याणकारी समस्त समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। बताया कि यदि किसी भूतपूर्व सैनिक/ दिवंगत सैनिकों की विधवाओं की कोई समस्या है तो वह अपना प्रार्थना पत्र दो प्रतियों में 10 फरवरी को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में दे सकते हैं।

### किशोर दिल्ली में लापता

बदायूं, अमृत विचार : कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मद गंज निवासी पहलवान क 17 साल का बेटा उमर फारुख दिल्ली के रघुवीर नगर में सिलाई का काम करता है। वह 8 फरवरी शाम 6 बजे से लापता हो गया है। परिजनों की सूचना पर दिल्ली पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है लेकिन उसका पता नहीं चल सका है। उनके माता-पिता का रो-रोककर बुरा हाल है।

# जमीन की रजिस्ट्री कराने में आधार की समस्या, खरीदार हो रहे परेशान

## जिले में कई लोगों के मोबाइल से लिंक नहीं हैं आधार, इसलिए नहीं हो पा रही रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जमीन सहित अन्य संपत्तियों के बैनामा कराने में आधार कार्ड का सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। लेकिन आधार मोबाइल नंबर से लिंक न होने की वजह से लोगों के बैनामा नहीं हो पा रहे हैं। इससे जमीनों के बैनामा 40 प्रतिशत की कमी आई। जिससे शासन को राजस्व का घाटा हो रहा है।

जमीन का बैनामा कराने की प्रक्रिया एक फरवरी से बदल चुकी है। क्रेता, विक्रेता के साथ गवाहों के आधार का सत्यापन किया जा रहा है। आधार सत्यापन की अनिवार्यता से पूर्व उप निबंधन कार्यालय में रोजाना 60 से 65 बैनामा होते थे। अब 35 से 40 ही बैनामा हो रहे हैं। क्रेता-विक्रेता के आधार में मोबाइल नंबर लिंक न होने के कारण बैनामा में समस्या आ रही है। लोग जमीनों के बैनामा कराने के लिए उपनिबंधक कार्यालय तक पहुंच रहे हैं। लेकिन आधार मोबाइल नंबर से लिंक न होने की वजह से उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। ब्लॉक कादरचौक के गांव गौरामई निवासी मोहम्मद राशिद तथा जगत ब्लॉक के गांव उपरैला निवासी दिनेश कुमार सोमवार को जमीन का बैनामा कराने उप निबंधन कार्यालय पहुंचे थे। लेकिन उन्हें बिना बैनामा कराए ही लौटना पड़ा। मोहम्मद राशिद ने बताया कि आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक न होने के कारण जमीन का बैनामा नहीं हो पाया। अब पहले आधार में मोबाइल नंबर लिंक कराना होगा, उसके बाद ही जमीन का बैनामा हो सकेगा। इससे उनको वापस लौटना पड़ रहा है। ऐसा ही हाल अन्य लोगों का भी है।

- आधार सत्यापन की अनिवार्यता से पूर्व रोजाना 60 से 65 बैनामा होते थे
- बैनामा में 40 प्रतिशत की कमी आई, शासन को हो रहा राजस्व का घाटा



उप निबंधक कार्यालय।

### रोजाना हो रहा 30 लाख राजस्व का नुकसान

सब रजिस्ट्रार मोहम्मद वसीम ने बताया कि नई व्यवस्था शुरू होने से जमीनों के बैनामा कराने आने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। जमीन खरीदने या बेचने वाले व्यक्ति का आधार, मोबाइल नंबर से लिंक होना चाहिए। बिना मोबाइल लिंक आधार के बैनामा नहीं हो रहा है। इससे बैनामा कराने आने वाले लोगों की संख्या घट गई है। पहले दोनों कार्यालयों में 60 से 65 बैनामा होते थे। अब 35 से 40 ही बैनामा हो रहे हैं। बैनामा अधिक न होने की वजह से प्रतिदिन करीब 30 लाख रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## एसडीएम ने मतदाता सूची शुद्धिकरण पर दिया जोर

**बिल्सी, अमृत विचार:** सोमवार को क्षेत्र के बीएलओ की बैठक मुजरिया स्थित कृषि इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित रहे उपजिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह ने बीएलओ के साथ एसआईआर अभियान को लेकर चर्चा की।

इस दौरान उपजिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदाता सूची में लंबे समय से चली आ रही तकनीकी एवं तथ्यात्मक विसंगतियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। कहा कि किसी भी पात्र मतदाता को नाम दर्ज कराने, संशोधन कराने अथवा मतदान के समय किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी पात्रों को मतदान करने का अधिकार है।

एसडीएम ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल कड़ी है और इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार मोहित कुमार राठी भी मौजूद रहे।

# जेल में कुष्ठ रोग से बचाव को किया जागरूक


कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ लेते बंदी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सोमवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत एक कुष्ठ गोष्ठी जिला कारागार में जेल अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉक्टर सुधीर कुमार गुप्ता ने अपनी टीम के साथ कारागार बंदियों तथा जेल के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टाफ को कुष्ठ की प्रचार सामग्री वितरित कर कुष्ठ रोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी । कहा कुष्ठ अन्य रोगों की तरह ही सामान्य रोग है। जो एमडीटी खाने से पूर्णतया ठीक हो जाता है। कुष्ठ रोग में दाग धब्बों में सुन्नपन, खुजली न होना, कान पर गांठ, कर्ण पल्लव का मोटा होना , भौहों का गिर जाना, नाक का बैठ जाना आदि लक्षण मिलते हैं । यदि समय पर इलाज मिल जाए तो व्यक्ति विकलांग होने से बच जाता है ।

कुष्ठ रोगी से कोई भेदभाव न करें, उनको समाज के मुख्य धारा में लाने का प्रयास करें । इसकी शपथ दिलाई । गोष्ठी में डॉक्टर सुधीर गुप्ता , पीएमडब्ल्यू मनोज कुमार एवं गौरव यादव प्रतिभाग किया फार्मासिस्ट गोपाल एवं डॉक्टर पीयूष का सहयोग सराहनीय रहा।

### एआरटीओ ने सीज किया बस और ट्रक

बदायूं, अमृत विचार : सोमवार को एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम ने अभियान चलाया। एक बस और तीन ट्रक सीज किए गए हैं। ट्रक ओवरलोड था और बस की फिटनेस नहीं थी और न ही बीमा था। 45 वाहनों का चालान किया गया।

## जूनियर ने सीनियर विद्यार्थियों को दी विदाई

**बिल्सी, अमृत विचार:** नगर के श्री महेश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. रोहिताश कुमार ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

उप प्रधानाचार्य आलोक सक्सेना ने छात्रों को अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करने की सीख देते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अंकित चौहान, श्याम मौर्य, अनीता सोमानी, कोतमा देवी, नरेश चंद्र, रूप किशोर, मीनाक्षी, दीक्षा, नीरज, शिल्पी, सुमन, कुमकुम सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# बदलते मौसम ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, पड़ रहे बीमार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एक सप्ताह से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। जिससे अब सर्दी खांसी के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि यदि इस समय सावधानी नहीं बरती तो बीमारी घेर सकती है। मौसम के बदलाव से एक सप्ताह में 20 प्रतिशत मरीज बढ़े हैं।

जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। भीषण सर्दी के बाद अब मौसम में कुछ बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में धूप खिलती है और रात को सर्द हवाएं लोगों को ठंड का अहसास करा रही हैं। रात दिन बदलते मौसम से लोगों को सर्दी खांसी के बाद बुखार पकड़ रहा है। बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।जिससे चिकित्सकों ने मरीजों को दवा के साथ सावधानी बरतने की सलाह दी है। सोमवार को जिला अस्पताल में करीब 987 मरीजों ने पर्चे बनवाए। इन मरीजों ने अलग अलग डॉक्टरों को दिखा कर दवा ली। डॉक्टरों ने बताया कि हर तीसरे मरीज को सर्दी खांसी थी।

बुखार के मरीजों की संख्या भी अधिक देखने को मिली। डा. अलंकार सोलंकी ने बताया कि उनके पास आज 146 मरीजों ने दिखा कर दवा ली। इनमें से करीब 40 मरीज बुखार के थे और 56 से अधिक मरीज सर्दी खांसी के थे। इन मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। दिन में भी हलके कपड़े न पहनें रात को ठंड से बचाव रखें। डा. एसपी सिंह ने कहा कि उनके पास सर्दी खांसी के 150 से अधिक मरीज आए। सभी मौसम की मार से परेशान थे। बुखार पीड़ितों को दवा के साथ सर्द मौसम से बचाव की सलाह दी गयी। बताया कि सोमवार को अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक मरीज आते हैं।इसलिए सभी ओपीडी भरी रहती हैं। आज भी सैकड़ों मरीजों ने दवा ली है। बताया कि बदलता मौसम घातक साबित होता है। अब सर्द मौसम के बाद जब गर्मियों के बाद मौसम बदलेगा तो भी ऐसी ही स्थिति रहेगी। इसलिए बदलते मौसम के समय सावधान रहना चाहिए।


पर्चा बनवाने को मरीजों की लगी लाइन। ● अमृत विचार

- सर्दी-खांसी के बाद बुखार से पीड़ित हो रहे अधिकांश ग्रामीण
- जिला अस्पताल में एक सप्ताह में बढ़े 20 प्रतिशत मरीज।

### नेत्र विभाग में मोतियाबिंद के मरीजों की भीड़



नेत्र विभाग में आज नेत्र रोगियों की सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। चिकित्सकों का कहना है कि सोमवार मोतियाबिंद के मरीज अधिक आए। क्योंकि अब धीरे धीरे गर्म मौसम आ रहा है गर्मी में मोतियाबिंद के मरीज ऑपरेशन कराते हैं। सर्द मौसम में भी ऑपरेशन अधिक किए जाते हैं इसलिए अब मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराने को लाइन में लग रहे हैं। आज करीब दो दर्जन मरीजों को ऑपरेशन से पहले तीन दिन तक दवा खाने को दी गईं। उसके बाद वह लोग ऑपरेशन कराने आएंगे। आंखों में सूजन और खुजली के मरीजों को भी देखा गया। अधिकांश महिला मरीजों की आंखों में खुजली की शिकायत देखने को मिली। इसी तरह करीब सात बच्चों की आंखों में भी इन्फेक्शन देखा गया। उन्हें ड्राप दिया गया है। नेत्र चिकित्सक डॉ. पीयूष मोहन अग्रवाल ने बताया कि जैसे जैसे गर्मी का मौसम आएगा वैसे ही इन्फेक्शन के मरीजों की संख्या और बढ़ेगी। मरीजों को बार बार आंख साफ पानी से धोने और पूरी नींद लेने की सलाह दी जाती है। रात को देर तक जागना परेशानी पैदा करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र रोहित के गलत संगत में पड़ जाने की वजह से उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है वह अपने कृत्यों के लिए खुद जिम्मेदार होगा। **हरनरायन पुत्र श्री बाबूराम निवासी बहोर नगला तहसील नवाबगंज, जिला बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अभिषेक को उसके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन अन्य कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **रजनी उर्फ ममता पत्नी मनोज कुमार निवासी-151, कुंण्डरा, थाना भोजीपुरा, बरेली।**

**सूचना**
मैं अपनी पुत्रवधू शिवानी को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ भविष्य में वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी **रामप्रसाद पुत्र स्व. रामचंद्र निवासी ग्राम नंदगांव तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**NOTICE**
I, KANTI DEVI IS MOTHER OF ARMY NO : 15817927L, RANK : HAV , TRADE : AMN TECH, NAME : ANURAG GIRI, PERMANENT ADDRESS IS VILLAGE : KHIRIYA SAKTU, POST & PS : MIRANPUR KATRA, TEHSIL-TILHAR, DISTRICT : SHAHJAHANPUR, STATE : UTTAR PRADESH, PIN NO : 242301. I HAVE CHANGED MY DATE OF BIRTH FROM 01 JULY 1960 TO 01 JANUARY 1967. DETAILS IS ALSO MENTIONED AT AADHAR CARD AND PAN CARD. RESPECTIVELY VIDE AFFIDAVIT NO IN-UP69675297220550Y AND DATE 24.01.2026

**NOTICE**
I, MATRU GIRI IS FATHER OF ARMY NO : 15817927L, RANK : HAV , TRADE : AMN TECH, NAME : ANURAG GIRI, PERMANENT ADDRESS IS VILLAGE : KHIRIYA SAKTU, POST & PS : MIRANPUR KATRA, TEHSIL-TILHAR, DISTRICT : SHAHJAHANPUR, STATE : UTTAR PRADESH, PIN NO : 242301. I HAVE CHANGED MY NAME AND DATE OF BIRTH FROM MATROO GIRI AND 15 MARCH 1983 TO MATRU GIRI AND 15 MARCH 1963. DETAILS IS ALSO MENTIONED AT AADHAR CARD AND PAN CARD. RESPECTIVELY VIDE AFFIDAVIT NO IN-UP69679678870980Y AND DATE 24.01.2026

**सूचना**
सूचित करना है कि मेरी इण्टरमीडिएट की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक **215680039** है जो कि मैंने एस.डी.एस. विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज मीरगंज बरेली से वर्ष 2021 में उत्तीर्ण की थी जो वास्तव में कहीं खो गई है। **निकेता सिंह पुत्री श्री योगेन्द्र सिंह निवासी हल्दी खुर्द मीरगंज जिला बरेली ।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मूल्यांकन के बाद अवार्ड ब्लैंक पर दर्ज होंगे अंक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** हाईस्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के साथ साथ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी भी होने लगी है। इस बार मूल्यांकन की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। परीक्षक को उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के साथ अवार्ड ब्लैंक पर अंक दर्ज करेंगे। इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर ऑनलाइन अंक अपलोड करने होंगे। व्यवस्था पहली बार लागू होगी। इससे परीक्षाफल जल्दी तैयार होगा व समय पर घोषित होगा। जिसके आदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से डीआईओएस को मिले हैं।

यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 जनवरी से 01 फरवरी तक चली थी। इन परीक्षाओं के दौरान परीक्षकों के द्वारा ऑनलाइन अंक प्रदान किए गए थे। परीक्षकों ने बच्चे की उपस्थिति दर्ज करते हुए मौके पर ऑनलाइन अंक पोर्टल पर अपलोड किए थे। प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान ऑनलाइन अंक प्रदान करने का प्रयोग सफल होने पर माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से मूल्यांकन में भी इसी व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। जिसके आदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा शुरू होने के साथ ही मूल्यांकन की तैयारी भी शुरू की जाए।

जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव ने बताया कि बोर्ड के निर्देशों के अनुरूप मूल्यांकन कार्य कराया जाएगा।

- ऑनलाइन नंबर दर्ज करने की पहली बार शुरू हुई व्यवस्था
- मूल्यांकन में बदलाव करने से परिणाम जल्दी होगा घोषित

### मूल्यांकन से पूर्व परीक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

12 मार्च को परीक्षा समाप्त होने के बाद मूल्यांकन 15 मार्च से शुरू होने की संभावना है। परीक्षकों को ऑनलाइन अंक दर्ज करने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिससे ऑनलाइन अंक दर्ज करने की प्रक्रिया में कोई दिक्कत न हो सके।

### 67945 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

2026 की बोर्ड परीक्षा में जिले से हाईस्कूल में 37369 और इंटरमीडिएट में 30576 छात्र-छात्राओं सहित कुल 67945 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले के 98 कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। उत्तर पुस्तिकाएं वितरण का कार्य शुरू हो गया है।

## साठगांठ से अपात्रों को दिया जा रहा राशन

**विजय नगला, अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव भितारा के प्रधान अशोक कुमार ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गांव में कोटेदार की साठगांठ से गांव के अपात्र लोगों के राशन कार्ड बनाकर सरकारी राशन का बंदरबांट कर रहे हैं। कहा कि राशन की दुकान में गांव का एक व्यक्ति दबंगई बल पर पत्रों के राशन कार्ड लेकर राशन वसूल रहा है। गांव की एक महिला के नाम से 6 यूनिट का राशन कार्ड बनाकर राशन लिया जा रहा था जबकि कार्ड धारक का एक बेटा पुलिस की नौकरी में कार्यरत है और दूसरा बेटा रेलवे में नौकरी करता है। ग्राम प्रधान ने जांच कर कर अपात्र व्यक्ति का राशन कार्ड कटवाने की मांग की है। पूर्ति निरीक्षक की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद ने की एक्सप्रेस वे पर इंटरचेंज की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले के समग्र विकास और यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए सपा से बदायूं सांसद आदित्य यादव ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर गंगा एक्सप्रेस वे पर नए इंटरचेंज के निर्माण की मांग की है।

पत्र में सांसद ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के बिसौली-बिल्सी रोड स्थित रानेट चौराहा के पास गांव नागपुर (बिसौली) में इंटरचेंज निर्माण की आवश्यकता है। मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 594 किलोमीटर लंबा, 6 लेन एक्सेस कंट्रोल गंगा एक्सप्रेस वे बदायूं से लगभग 93 से 95 किलोमीटर की दूरी तक होकर गुजरता है। जिससे सदर, बिसौली, बिल्सी और दातागंज तहसीलों के लगभग 85 गांव प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते हैं।


आदित्य यादव, सांसद

वर्तमान में बदायूं में बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित घटपुरी, बदायूं-दातागंज मार्ग स्थित गांव डहरपुर और बदायूं-मुरादाबाद राजमार्ग पर गांव बनकोटा के पास इंटरचेंज प्रस्तावित हैं लेकिन इनके बीच अत्यधिक दूरी होने के कारण बिल्सी, बिसौली, सहसवान और इस्लामनगर क्षेत्र के लोगों को गंगा एक्सप्रेस वे तक पहुंचने के लिए 25 से 40 किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। रानेट चौराहा के पास गांव नागपुर भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त स्थान है।

इंटरचेंज के निर्माण से संबंधित क्षेत्रों को गंगा एक्सप्रेस वे से सीधा संपर्क मिलेगा। मौजूदा इंटरचेंजों पर यातायात का दबाव कम होगा। किसानों, छात्रों, व्यापारियों और मरीजों को आवागमन में वास्तविक सुविधा प्राप्त होगी।

यूपीडा से इस प्रस्ताव के संबंध में आवश्यक तकनीकी परीक्षण कर शीघ्र निर्णय लेने और आगे की आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे बदायूं को गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़े विकास का वास्तविक लाभ मिल सके।

- यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भेजा पत्र

**लापरवाही** राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग छात्राएं परेशान, 30 फीसदी निर्माण के बाद रुका कार्य


# निर्माण अटका, छात्राओं को नहीं मिला छात्रावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग की छात्राओं को बनाया जा रहा छात्रावास अधर में लटका है। शासन से धन स्वीकृत न होने के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। पचास प्रतिशत निर्माण होने के बाद कार्यदायी संस्था ने बजट के अभाव में काम बंद कर दिया है। जिससे छात्राओं को अभी तक छात्रावास नहीं मिल सका है।

राजकीय मेडिकल कालेज में करीब 250 छात्राएं नर्सिंग की पढ़ाई कर रही हैं। इनके अतिरिक्त अन्य छात्राएं भी यहां अध्ययनरत हैं जिनके रहने को फिलहाल एक बिल्डिंग आरक्षित कर दी गयी है। उसी में छात्राएं रह रहीं हैं। राजकीय मेडिकल कालेज प्रशासन ने करीब दो साल पहले नर्सिंग की छात्राओं को छात्रावास का निर्माण शुरू कराया था। निर्माण करीब आठ महीने तक चला, उसके बाद कार्यदायी संस्था ने काम रोक दिया। बात करने पर पता चला कि बजट के अभाव में काम बंद कर दिया गया है। कॉलेज प्रशासन ने शासन को पत्र लिखा, पैसे की मांग की। मगर एक साल से अधिक का समय बीत चुका है अभी तक बजट नहीं दिया गया है जिससे निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है।

राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि शासन को तीन बार पत्र लिखे जा चुके हैं। इतना ही नहीं पिछले साल डिप्टी सीएम वृजेश पाठक जब यहां आये थे तो उन्हे भी अधूरा छात्रावास दिखाया गया था और जल्द धन स्वीकृत करने की गुहार की गयी थी लेकिन अभी तक न तो शासन स्तर से कोई कदम उठाया गया है और न ही अन्य किसी जिम्मेदार ने पहल की है। कहा कि नर्सिंग की छात्राओं को अब दिक्कत हो रही है। उन्हे विधिवत स्थान नहीं मिलने से स्थिति असहज बनी रहती है। छात्रओं को भरोसा दिया गया है कि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा करा दिया जाएगा। जिसके बाद उन्हे छात्रावास मिल सकेगा। अन्य छात्राओं को भी छात्रावास की समस्या बनी हुई है।


निर्माणाधीन छात्रावास की बिल्डिंग।

- करीब 250 छात्राएं नर्सिंग की कर रही हैं पढ़ाई

### अनेकों बिल्डिंग हैं निर्माणाधीन, ठप पड़ा काम

राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में करीब पचास प्रतिशत बिल्डिंग अधूरी हैं जिनका निर्माण दो तीन साल पहले शुरू किया गया था। पैसे के अभाव में करीब तीन भूखंडों पर तैयार हो रहे भचन पचास प्रतिशत ही बने हैं। आगे का काम ठप है। जिससे मेडिकल कालेज प्रशासन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि जब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता तब तक राजकीय मेडिकल कालेज की बिल्डिंग कालेज प्रशासन को हैंडओवर नहीं की जा सकती है। जब तक बिल्डिंग हैंडओवर नहीं होगी तब तक कालेज प्रशासन खुद कोई कार्य नहीं करा सकता है। कई बिल्डिंगों की मरम्मत होनी है। लेकिन सब कुछ अधर में लटका हुआ है।

# लूटपाट और हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** घोड़ा-बुग्गी लूटकर हत्या करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 10 सौरभ सक्सेना ने दोषी पाया है। दोषी को उम्रकैद और 95 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में दूसरे आरोपी को दोषमुक्त क दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव भिलौलिया निवासी मुनेंद्र पाल पुत्र मोरपाल ने उझानी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा अरुन कुमार घोड़ा-बुग्गी चलाता था। 6 मई 2015 की शाम लगभग साढ़े सात बजे हरनाम सिंह उर्फ कारीगर पुत्र सालिग राम घोड़ा-बुग्गी बुक करके उनके बेटे को कहीं ले गया था। गांव भिलौलिया निवासी कमरुद्दीन और नन्हें इस बात के गवाह हैं। हरनाम सिंह ने उनके बेटे अरुन कुमार ओर घोड़ा-बुग्गी को कहीं गायब कर दिया। शक है कि हरनाम सिंह ने वरी बाइपास पर उनकी बेटे की हत्या कर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच की। न्यायालय में गांव मिहोना निवासी हरनाम सिंह पर अरुन की हत्या करने और लूटपाट के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। सहायक शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार मिश्रा और बचाव दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई जबकि दूसरे आरोपी लखन पुत्र कल्याण सिंह को दोषमुक्त किया है।

- बुक करने के बाद लूट ली थी घोड़ा-बुग्गी और कर दी चालक की हत्या

### गो माता का दर्जा दिलाने को निकालेंगे पदयात्रा

बदायूं, अमृत विचार : यूजीसी कानून वापस लेने के संबंध में शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल त्रिवेदी ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा। गोवंश को गो माता का दर्जा दिलाने की मांग पर 15 को अलापुर में पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

**आवश्यकता है**
अनुभवी व्यक्तियों की
- आयुष्मान मित्र
- पी.आर.ओ. (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर
- सिक्यूरिटी गार्ड
- कुक (रसोइया)/कुक हेल्पर

वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक
वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30 बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

अमृत विचार

बरेली, मंगलवार,10 फरवरी 2026

बदायूं

न्यूज ब्रीफ

## रामकिशोर का प्रमोशन बने अवर अभियंता



**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत विद्युत उपकेंद्र पर तैनात टेक्नीशियन ग्रेड टू को अवर अभियन्ता का चार्ज मिलने पर हर्ष व्यक्त किया गया। स्टाफ और संभ्रांत लोगो ने फूलमती पहनाकर किया उनका स्वागत किया। विद्युत उपकेंद्र उसहैत में करीब डेढ वर्ष से टेक्नीशियन ग्रेड-टू के पद पर तैनात रामकिशोर श्रीवास्तव का प्रमोशन होने के बाद विद्युत उपकेंद्र उसहैत पर ही उन्हे अवर अभियन्ता पद पर तैनात किया गया है। सोमवार को उन्होंने अवर अभियन्ता का पदभार ग्रहण किया। राहुल कुमार टेक्नीशियन एल, सोनू कुमार टीम प्रभारी पुष्पराज सिंह अरव सिह रामविलास विद्युत कर्मी सहित हसमत अली, मकबूल रमजानी, मंसूरी आदि लोगो ने मेडल देकर फूल मालाएं पहनाकर मिठाई खिलाकर सम्मानित कर उन्हे हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय अध्यक्ष की मां का निधन

**बदायूं, अमृत विचार :** हिंदू जागरण मंच (ब्रज प्रांत) के प्रांतीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला कार्यवाह जोगपाल सिंह को मातृशोक हुआ है। उनकी मां दुर्वासा देवी का निधन हो गया। सूचना मिलने पर सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। मंगलवार को अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। सुबह 9 बजे कछला स्थित भागीरथी घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** सोमवार को उत्तर प्रदेश आंगनवाड़ी श्रमिक संघ एटक संगठन की जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमारी जिला उपाध्यक्ष ममता भदौरिया राजेश्वरी पाल विनोद कुमारी पूनम सक्सेना आदर्श लता भारती द्वारा एडीएम वित्त को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया कि 12 फरवरी को राष्ट्रीय आवाहन पर संयुक्त रूप से देश भर में जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंपे जाएंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा आंगनबाड़ी बहनों का सबसे ज्यादा शोषण हो रहा है। मानदेय के नाम पर घोर अपमान किया जा रहा है। 10 वर्षों से कोई भी मानदेय में वृद्धि नहीं हुई है। इसलिए अब आंदोलन किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता भदोरिया ने कहा संगठन में ही शक्ति होती है। आखिर कब तक चुप बैठे रहेंगे। आंगनबाड़ी बहनों का हाल बंधुआ मजदूर से भी ज्यादा खराब है।

# पत्नी ने साथ में नहीं किया डांस तो फंदे पर झूला पति

### साले के लगन में गया था अनिल, जंगल में जाकर दे दी जान

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** साले के लग्न समारोह में डीजे पर पत्नी ने डांस करने से मना कर दिया। पति-पत्नी में कहासुनी हो गई। पति ने जंगल में जाकर पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। खुशी का माहौल दुख में बदल गया। परिजनों में चीत्कार मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव बरवारा निवासी अनिल (30) पुत्र वीरम सिंह की फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सैंडोला में ससुराल थी। रविवार को उनके साले सोनू का लग्न समारोह था। वह परिवार के साथ समारोह में शामिल होने आए थे। रविवार देर रात ससुराल में लग्न की रस्में चल रही थीं। कुछ लोग दावत खा रहे थे। डीजे पर गाने चल रहे थे और परिवार के लोग डांस कर रहे थे। परिवार में जश्न का माहौल था। इसी दौरान अनिल ने अपनी पत्नी प्रियंका उर्फ नन्हीं से डीजे पर डांस करने को कहा लेकिन प्रियंका ने मना कर दिया। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी होने लगी। अनिल नाराज होकर घर से जंगल की ओर चले गए लेकिन काफी समय किसी ने उनके बारे में ध्यान नहीं दिया।



मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र करती फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

अनिल ने गांव के पास एक पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह काफी समय तक वापस घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश की। शव पेड़ पर लटका मिला तो कोहराम मच गया। चीख पुकार मच गई। अनिल की मौत पर उनका एक बेटा और एक बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है।

फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया घरेलू विवाद व गुस्से में उठाया गया कदम लग रहा है। आगे की जांच की जा रही है।

## तहसील बार के चुनाव के लिए अधिवक्ताओं ने कराया नामांकन

**दातागंज, अमृत विचार :** तहसील दातागंज बार वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी केपी सिंह, अजय कुमार गुप्ता व जाने आलम ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

अब अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा। सामान्य सचिव पद के लिए संतोष कुमार सिंह यादव, मोहम्मद रऊफ अंसारी के बीच आमने सामने का मुकाबला होगा।

कोषाध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार सिंह यादव, बलवीर मौर्य, सली रज्जाक के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होना है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अमीन, उपाध्यक्ष प्रथम पद के लिए ओमपाल सिंह, उपाध्यक्ष द्वितीय पद के लिए मुनेंद्र सिंह यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अजीत कुमार सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए पियूष मौर्य, सह सचिव प्रशासन पद के लिए संदीप कुमार सिंह, सह सचिव प्रशासन पद के लिए वहोरन सिंह यादव ने नामांकन पत्र दाखिल कराया है।

मुख्य चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 11 फरवरी को नाम वापसी होगी।

# गुडलक पार्टी में जूनियर ने दी सीनिय को विदाई



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विदाई समारोह में अवनी को मिस फेयरवेल और अनन्य को मिला मिस्टर फेयरवेल का अवार्ड

**अमृत विचार:** शहर के टिथोनस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को फेयरवेल और गुडलक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल द्वारा मिस फेयरवेल का अवार्ड कक्षा 12 की छात्रा अवनी बबीता राज को दिया गया जबकि मिस्टर फेयरवेल का अवार्ड छात्र अनन्य दत्त शर्मा को दिया गया। इनके अतिरिक्त मिस टिथोनस का खिताब फातिमा तासीर तथा मिस्टर टिथोनस का खिताब प्रसंग सिंह को दिया गया।

इस दौरान विद्यालय की प्रबंध निर्देशिका मधु बंसल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिए बच्चे किसी भी सपने को पूरा कर सकते हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक शरद बंसल ने कहा कि सभी स्टूडेंट परीक्षा पर फोकस रखते हुए पेपर दें और विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

एकेडमिक निदेशक शिल्पी बंसल ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं। कहा कि कोई भी कार्य कठिन नहीं होता जरूरत होती है लगन और मेहनत की सो उन्हें बच्चों पर पूरा भरोसा है कि वह परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करेंगे। प्रधानाचार्य आशीष रस्तोगी ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## विज्ञान क्लब ने मनाया विज्ञान महोत्सव




विज्ञान की जानकारी देते जिला समन्वयक।

**बदायूं, अमृत विचार:** सोमवार को बीआईआईएमटी कॉलेज एक दिवसीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने विद्यार्थियों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आवाहन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विज्ञान अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को बताया कि देश के वैज्ञानिक सर सीवी रमन को नोबेल पुरस्कार मिला था। उनके बाद किसी भी वैज्ञानिक को नोबेल प्राइज नहीं मिला। वर्तमान में देश विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है। यही सरकार का प्रयास है। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आवाहन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार रावत ने विद्यार्थियों को विज्ञान का महत्व बताया। समन्वयक जिला विज्ञान क्लब बदायूं विवेक जौहरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर शिवम सक्सेना, मयंक सक्सेना,जसीर अहमद, विपिन कुमार, कांक्षी गंगवार, मनीषा कुमारी, सौरभ सक्सेना नीतू सिंह ने भी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर प्रकाश डाला।

# विधायक ने परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** क्षेत्र में पिछले दो दिनों में दो प्रमुख हस्तियों के निधन से शोक की लहर दौड़ गई।

बिसौली के विधायक आशुतोष मौर्य ने दिवंगत आत्माओं के आवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की और पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। 4 फरवरी को पूर्व मंत्री गेंदन लाल मौर्य की धर्मपत्नी एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्रीवती मौर्य का स्वर्गवास हो गया था। उनके निधन की सूचना मिलते ही विधायक आशुतोष मौर्य उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्रीवती मौर्य का जाना समाज के लिए एक अपूरणीय



गेंदालाल मौर्य के आवास पर सांत्वना देते विधायक आशुतोष मौर्य।

क्षति है। आशुतोष मौर्य ने उनके परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की। बिसौली निवासी संग्रह अमीन अंकित मिश्रा का ब्रेन हेमरेज के चलते 47 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था आशुतोष मौर्या अपने समर्थकों के साथ उनके निवास पर भी पहुंचे। वहां भी शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

# साईं मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाया

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** कृष्ण पक्ष सीता अष्टमी की पावन तिथि सोमवार को बिसौली के प्रसिद्ध संकट हरण साईं मंदिर का वार्षिक उत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।

बिसौली के साईं के भक्त नीरज वार्ष्णेय "नीरज साईं" के अथक प्रयासों से सत्रह वर्ष पूर्व एक ऐसे मंदिर की आधार शिला रखी गई जो आज भी आस्था केंद्र है। इस मंदिर की विशेषता ये है कि यहां न केवल सिरडी साईं के चिन्ह और साईं मूर्ति रूप में विराजे हैं बल्कि सभी देवी देवता अपने पूर्ण गौरव के साथ विराजमान हैं। कुछ समय पूर्व साईं श्रद्धा को लेकर जगह जगह जो प्रतिकूल प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं थीं उस दौर में भी इस मंदिर के प्रति



साईं मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाते लोग। ● अमृत विचार

लोगों की आस्था जस की तस रही। मंदिर प्रांगण में एक पीपल का विशाल वृक्ष है जिसे देखने मात्र से ही प्रकृति के प्रति आदर की भावनाएं बलवती हो जाती हैं। बंदरों की सुरक्षा के लिए लोहे के जाल से की गई व्यवस्था एक मॉडल रुपी व्यवस्था है। बिसौली की नव विकसित एक बड़ी कॉलोनी साईं के नाम पर ही है। इसी कॉलोनी के बीचों बीच विराजमान ये शानदार मंदिर इस कॉलोनी की कोतवाली जैसा प्रतीत होता है। नीरज वार्ष्णेय की पूरी उम्र अनेक संघर्षों में व्यतीत हुई, उनकी अपने काम के प्रति लगन और ईश्वर के प्रति आस्था ने उम्र के चौथे पड़ाव पर जो सम्मान और कामयावी दी वो किसी इंसान को कर्म फल के सूत्र समझने के लिए पर्याप्त हैं।

# विधायक ने लगाया जनता दरबार, सुनीं समस्याएं

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्या ने सोमवार को जनता दरबार में क्षेत्र से आए अनेक लोगों के मन की बात सुनी और निवारण हेतु तत्काल प्रभावी आदेश भी जारी किए। जनता की परेशानियां बिजली, राजस्व विभाग से सम्बंधित अधिक रहीं।आशुतोष मौर्य ने कहा कि गरीब जनता को अपने काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, इसे सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



समस्याएं सुनते विधायक आशुतोष मौर्य। ● अमृत विचार

# पुलिस ने पेट्रोलिंग कर लोगों को कराया सुरक्षा का एहसास



कस्बे में पेट्रोलिंग करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** थाना थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने पेट्रोलिंग कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया है। सोमवार को थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने शांति-व्यवस्था बनाए रखने आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से निपटने के लिए नगर के मुख्य मार्ग पर फूट पेट्रोलिंग की। बाहरी दुपहरिया व फोर व्हीलर वाहनों की चेकिंग की। आये दिन हो रहे सड़क हादसों को लेकर लोगों को हेलमेट पहनने व फोर व्हीलर चालकों को सीट बेल्ट लगाने को चेताया। लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। सर्राफा व्यापारियों को अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। नगर से ग्रामीण क्षेत्रों तक चोर उचक्कों एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से निपटने के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

किसी भी हालत में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार के निर्देश पर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गयी है। उन्होंने कहा बेवजह घूमने वालों व आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# दुष्कर्म करने के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, ओरछी

- एक हजार रुपये लेकर दो लोगों के साथ जबरन भेज दी थी पत्नी

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में रिश्ते को कलंकित करने का मामला सामने आया था। एक पति ने एक हजार रुपये में अपनी पत्नी को दो लोगों को दे दिया। दोनों लोगों ने जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर महिला के पति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सोमवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया था कि 6 फरवरी को उसका पति गैस कनेक्शन दिलाने के बहाने उसे घर से ले गया था। गांव सुरेनी पापड़ी



महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी।

तिराहे पर पति के दो दोस्त मिले। उन्होंने पति को एक हजार रुपये दिए। पति ने महिला से कहीं जाने की बात कही। पत्नी को जबरन उन दोनों के साथ भेज दिया। आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला अपने घर पहुंची तो पति घर पर था।

पति ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने महिला के पति और दुष्कर्म करने के आरोपी गांव अल्लैहपुर खुर्द निवासी पप्पू, गांव तखोरा निवासी बालकिशन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। दो आरोपियों को जेल भेजा गया है। पति की भूमिका की जांच की जा रही है।

## बरा मालदेव में कार्यकारिणी गठित

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी की ग्राम पंचायत बरा मालदेव में अमित सिसोदिया राष्ट्रीय क्षत्रिय महासंघ के जिला अध्यक्ष अमित सिसौदिया के आवास पर एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें अमित सिसौदिया ने कहा कि ग्राम स्तर पर संगठन को और मजबूती किया जाएगा। बैठक में आज ग्राम सभा स्तर पर टीम का गठन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत अध्यक्ष शोभित सिसोदिया, महामंत्री विपिन सिसोदिया, उपाध्यक्ष पिंकू तोमर, कोषाध्यक्ष अभिमन्यु उर्फ अभय चौहान, मंत्री नितिन सिसोदिया, मंत्री अनूप सिसोदिया बनाए गए। जबकि किशन राघव, अभिषेक सिसोदिया, पवन राघव राजू सिसोदिया, को सदस्य बनाया गया है।

## बदायूं डायरी

### बीआरसी में हुआ एसएमसी का प्रशिक्षण

**बिल्सी, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र अम्बियापुर में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी गौतम प्रकाश ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों और एआरपी ने एसएमसी के अधिकारों, कर्तव्यों और कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अजीत रस्तोगी ने कुशलता से किया। अमित कुमार गुप्ता ने एसएमसी के बुनियादी नियमों की जानकारी दी, जबकि अनुज सक्सेना ने समिति के विधिवत गठन की प्रक्रिया को समझाया। ब्रजभान सिंह ने समिति के प्रमुख कार्यों और दायित्वों पर प्रकाश डाला। वहीं वीना वार्ष्णेय ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और विकास कार्यों में एसएमसी सदस्यों की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है। रमन सिंह ने निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के बारे में जानकारी दी, जबकि जयवीर सिंह ने बच्चों के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया।






### मछुआ समुदाय के लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

**बदायूं, अमृत विचार :** मत्स्य विभाग द्वारा सालारपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बल्लिया के पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मछुआ समुदाय के लोगों को विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित अमित कुमार ने मछुआ समुदाय के लोगों को विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनका एनएफडीएपी पोर्टल पर पंजीकरण कराया। इसके अलावा केसीसी और दुर्घटना बीमा के संबंध में जानकारी दी।

### मदरसा बोर्ड परीक्षा में 91 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**ककराला,अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। कस्बे में हिरा इस्लामिया को केंद्र बनाया गया है। दो पालियों में संपन्न हुई परीक्षा के दौरान 91 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में थिओलॉजी का पेपर था। मुंशी के कुल 281 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 136 छात्राएं और 145 छात्र उपस्थित रहें तथा 91 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहें। दूसरी पाली मे थिओलोजी आलिम में 40 परीक्षार्थी थे जिसमें 26 छात्र और 20 छात्राएं उपस्थित रही। तथा 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। इस दौरान सचल दस्ते के द्वारा केंद्र का निरीक्षण किया गया।

### किसरुआ में लगा एकीकृत स्वास्थ्य शिविर

**बदायूं, अमृत विचार :** सोमवार को राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अंतर्गत लोक स्मृति सेवा संस्थान द्वारा ब्लॉक जगत के गांव किसरुआ में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी एड्स डॉ. विनेश कुमार एवं संजीव कुमार ग्राम प्रधान द्वारा कैम्प का उद्घाटन किया गया। जिसमें गांव के लोगों को एड्स के बारे में जानकारी दी गयी। कैंप में 139 लोगों की स्क्रीनिंग की गयी। जिसमें दो संभावित एड्स रोगी मिले। 20 अन्य बीमारियों के मरीज सामने आए। कैंप में एड्स एवं जनरल दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सघन जागरुकता एवं डोर टू डोर के माध्यम से जागरूक अभियान के अंतर्गत गांव के लोगो को एड्स के बारे में जागरूक भी किया गया। इस कैम्प में डॉ श्वेता चिकित्सा अधिकारी जगत, नरेंद्र कुमार, एसटीएस राजीव सक्सेना, नेहरुन निशा, राफत नूरैन- स्टाफ नर्स जगत, सहित अनेक कर्मचारियों ने मरीजों की जांच कर दवाएं दीं। इस मौके पर आशा और आंगनबाड़ी भी मौजूद रहीं।



दिक्कत

नगर पंचायत ने इंटरलॉकिंग के साथ जल निकासी की नहीं की कोई व्यवस्था

# तालाब में तब्दील हुई सड़क, बदबू से लोगों का हुआ बुरा हाल

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** नगर पंचायत इस्लामनगर के वार्ड 15 के अंतर्गत मोहल्ला टंकी से एक इंस्टीट्यूट कॉलेज को जाने वाली बनी सड़क पर लंबे समय से गंदा पानी भरा रहने से सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। जलभराव की समस्या के चलते राहगीरों के साथ-साथ स्कूल जाने वाले बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बदबूदार पानी और कीचड़ से क्षेत्र में मच्छर पनप रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा कई वर्ष पूर्व इस सड़क पर इंटरलॉकिंग की गई थी, लेकिन जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। नतीजतन सड़क के दोनों ओर लगभग 100 मीटर तक गंदा पानी भरा रहता है। नालों की नियमित सफाई न होने से पानी निकासी का रास्ता पूरी तरह बंद हो चुका है। हालत यह है कि दोपहिया वाहन फिसलकर गिर जाते हैं और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इस समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई,



विनोद शास्त्री।



सड़क पर भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

लेकिन केवल आश्वासन ही मिले। मोहल्ले के लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की, इसके बावजूद जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। आरोप है कि सफाई व्यवस्था के नाम पर हर माह धनराशि निकाली जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर सफाई नजर नहीं आती। अब देखना यह है कि नगर पंचायत के आश्वासन जमीन पर कब उतरते हैं और वार्ड 15 के लोगों को इस जलभराव से कब निजात मिलती है। वार्ड सभासद विनोद शास्त्री ने कहा कि जल निकासी और सड़क पर जलभराव की समस्या को लेकर मैंने कई बार नगर पंचायत को अवगत कराया, लेकिन नगर पंचायत के हवा-हवाई दावों के चलते कोई ठोस समाधान नहीं हो सका। अस्थाई अधिशासी अधिकारी न होने के कारण जनसमस्याएं लगातार बनी हुई हैं। नाले चोक पड़े हैं और नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। प्रभारी अधिशासी अधिकारी ईओ रवि यादव ने बताया, मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही जल भराव की समस्या को दूर कराया जाएगा और नालों की सफाई कराकर समाधान कराया जाएगा।

# एक हजार से अधिक लोगों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

## हिस्ट्रीशीटर कन्हैया गुलाटी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर पांच और मुकदमे दर्ज, पत्नी-बेटा भी नामजद

- शातिर ठग के खिलाफ लगातार दूसरे दिन दर्ज कराए गए पांच और मुकदमे
- रामपुर और मुरादाबाद के ठगी के शिकार आए सामने, की कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हिस्ट्रीशीटर कन्हैया गुलाटी का आपराधिक रिकॉर्ड लगातार लंबा होता जा रहा है। कोर्ट के आदेश पर कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी और बेटे पर पांच मुकदमे लगातार दूसरे दिन दर्ज किए गए हैं। इनमें एक हजार से अधिक लोगों से कैनविज कंपनी और उसका मालिक कन्हैया गुलाटी करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गया है।

पीड़ित रामपुर और मुरादाबाद के भी रहने वाले हैं, जबकि अभी हाल में ही एसएसपी अनुराग आर्य ने कन्हैया गुलाटी की हिस्ट्रीशीट खुलवाई थी। मामले की जांच एसआईटी कर रही है, लेकिन अभी तक कन्हैया गुलाटी पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

### मुरादाबाद के युवक समेत 58 लोगों से करोड़ों ठगे, कोर्ट ने दिया रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

**केस 1** जिला मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नंबर 4 निवासी कलीम अहमद ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में 17 लाख 75 हजार रुपये का निवेश किया था। उसके साथ 58 अन्य लोगों ने भी करोड़ों रुपये निवेश किए थे। आरोप है कि कन्हैया गुलाटी सभी के रुपये लेकर फरार हो गया। उसने बारादरी पुलिस से लेकर एसएसपी कार्यालय तक में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब बारादरी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### रामपुर के युवक समेत 186 लोगों से 8 करोड़ ठगे, फरार चल रहा आरोपी

**केस 2** रामपुर जिले के थाना अजीमनगर के गांव मजरा इमरता निवासी जुबैर ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में 2 लाख रुपये का निवेश किया था। उसके साथ 186 अन्य लोगों ने भी कैनविज कंपनी में करोड़ों रुपये लगाए थे, लेकिन कंपनी का मालिक कन्हैया गुलाटी सभी के रुपये लेकर फरार हो गए। व्हाट्सएप कॉल पर अब पैसे वापस मांगने या पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने बताया अन्य लोगों के भी 8 करोड़ रुपये लेकर वह फरार चल रहा है।

### 12 लोगों से करोड़ों लेकर दी जान से मारने की धमकी, बारादरी थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

**केस 3** बारादरी थाना क्षेत्र के ट्यूलिप टॉवर स्टेडियम रोड निवासी प्रमोद सिंह परिहार ने बताया कि उसके साथ 12 अन्य लोगों ने करोड़ों रुपये कैनविज कंपनी में निवेश किए थे। उसके बाद कंपनी बंद करके उसका मालिक कन्हैया गुलाटी फरार हो गया। व्हाट्सएप कॉल के जरिये अब पैसे वापस मांगने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस से शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 769 लोगों को लगाया करोड़ों का चूना

**केस 4** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के वीरसावरकर नगर निवासी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में 26 लाख रुपये का निवेश किया था, जबकि उसके साथ 769 लोगों ने भी कंपनी में करोड़ों रुपये लगाए थे। पैसा लेते ही कन्हैया गुलाटी परिवार के साथ भूमिगत हो गया। अब गुलाटी पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी राधिका गुलाटी, बेटे गोपाल गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक और उसके रिश्तेदार से 36 लाख ठगे

**केस 5** किला थाना क्षेत्र के स्वालेनगर नवदिया निवासी मोहन मौर्य ने बताया कि उसके घर पर पुष्पेन्द्र, सोनू चंद्रा, होमगार्ड नरेश मौर्य दो साल पहले आए थे। उन्होंने बताया कि कैनविज कंपनी में 18 साल से काम कर रहे हैं। कंपनी का मालिक कन्हैया गुलाटी है। उन्होंने कहा कि कंपनी में पैसा लगाने पर 12 प्रतिशत का ब्याज मिलता है। इसके बाद उनके कहने पर उसने 12 लाख रुपये कैनविज कंपनी में लगा दिए। उन्होंने कहा कि किसी अन्य परिचित के पैसे लगवाने पर दो प्रतिशत ब्याज अतिरिक्त दिया जाएगा। इसके बाद उसने अपने रिश्तेदार और मिलने वालों के कुल 24 लाख रुपये और लगवा दिए। निवेश के कुछ माह बाद तक पैसे आए लेकिन फिर पैसे आना बंद हो गए। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी, जगतपाल सिंह मौर्य, पुष्पेन्द्र उर्फ सोनू चंद्रा और नरेश मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## 1.99 करोड़ से खरीदे सौ ई-रिक्शा निकले बेकार

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 1.99 करोड़ रुपये की लागत से खरीदे गए सौ हाइड्रोलिक कूड़ा ई-रिक्शा की तकनीकी खामियों ने सफाई तंत्र की पोल खोल दी है। यह ई-रिक्शे शुरू से ही निगम के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। नगर निगम ने आपूर्तिकर्ता फर्म मैसर्स मेक ऑटो इंडिया प्रा. लि. फरीदपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पांच दिन में जवाब मांगा है। पर्यावरण अभियंता राजीव राठी की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह एजेंसियों ने बार-बार नगर निगम को शिकायतें दीं।

## आयकर अधिकारी बन मांगी 24 लाख रुपये की रिश्वत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में एलएलबी के छात्र ने फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर ग्रामीण से 24 लाख रुपये की वसूली का प्रयास किया। युवक ने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताकर ग्रामीण को दो करोड़ रुपये का काला धन होने का फर्जी नोटिस थमाया और फिर कार्रवाई से बचाने के नाम पर 24 लाख रुपये की घूस मांगी। शक होने पर ग्रामीण ने पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि थाना नखासा क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर तगा से नखासा पुलिस ने सोमवार को मोहित उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार किया। मोहित ठिलूपुरा गांव का रहने वाला है। एलएलबी की पढ़ाई कर रहे मोहित ने रातों रात धनवान बनने के लिए ठगी का अनोखा तरीका अपनाया। वह गांव अख्तियारपुर तगा निवासी शीशपाल के पास आयकर अधिकारी बनकर पहुंचा और इनकम टैक्स का फर्जी नोटिस देते हुए बताया कि उनके पास करीब दो करोड़ रुपये का काला धन है। उसने इनकम टैक्स की कार्रवाई से बचाने का झांसा देकर ग्रामीण शीशपाल से 12 प्रतिशत के हिसाब से 24 लाख रुपये की मांग की।

वह शीशपाल पर पिछले 15 दिनों से 24 लाख रुपये देने का दबाव बना रहा था। वह कभी फोन के जरिए धमकी देता था तो कभी घर पर पहुंचकर ग्रामीण को नोटिस दिखाकर डराता था। उसने शीशपाल को इस विषय पर बात करने के लिए एक बार बहजोई भी बुलाया था। शीशपाल ने इनकम टैक्स कार्यालय चलकर बात करने को कहा तो समय पूरा होने और कार्रवाई टलने का बहाना बनाकर टाल गया। फर्जी आयकर अधिकारी मोहित ने काले धन से मकान और संपत्ति बना लेने की बात कहकर शीशपाल पर दबाव बनाया।

रविवार को फिर नोटिस लेकर मोहित शीशपाल के घर हस्ताक्षर कराने पहुंचा तो परिजनों को शक हो गया। पूछताछ करने पर उसकी बातों में विरोधाभास सामने आया। इसके बाद शीशपाल ने नखासा थाने पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस की जांच में नोटिस फर्जी पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने शीशपाल की तहरीर पर मामला दर्ज कर फर्जी आयकर अधिकारी एलएलबी छात्र मोहित को गिरफ्तार कर लिया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है :

**क्रम सं. : 01, खुली ई-निविदा सूचना सं. :** इज्जत/इलै./ओ.टी./04/2026 दि.05.02.2026, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर-रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के जोन-II, पटियाली-कासगंज-मथुरा जंक्शन और कासगंज-कछला हॉल्ट सेक्शन के अन्तर्गत दिसम्बर-2026 को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु जोन-II के अन्तर्गत कासगंज और मथुरा डिपो की विद्युत परिसम्पत्तियों का क्षेत्रीय रखरखाव कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 58,24,754.92, **धरोहर राशि :** रु. 1,16,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **निविदा का प्रकार :** खुली निविदा, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय :** 27.02.2026 15.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह।

**क्रम सं. : 02, खुली ई-निविदा सूचना सं. :** इज्जत/इलै./ओ.टी./06/2026 दि. 05.02.2026, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर-रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के जोन-I, कानपुर (अनवरगंज)-कन्नौज-फर्रुखाबाद-दरयावगंज-नरथर हॉल्ट सेक्शन के अन्तर्गत दिसम्बर-2026 को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु जोन-I के अन्तर्गत फतेहगढ़ और कन्नौज डिपो की विद्युत परिसम्पत्तियों का क्षेत्रीय रखरखाव कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 62,76,557.57, **धरोहर राशि :** रु. 1,25,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **निविदा का प्रकार :** खुली निविदा, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय :** 27.02.2026 17.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह।

•इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। •निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर ऑन लाइन जारी किए गए शुद्धिपत्र की जाँच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नहीं किया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/ इज्जतनगर**

**मुजाधि/विद्युत-275**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**


## बैठक में घूसखोर पंडत पर जताया रोष

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



झुकसा गांव में बैठक के दौरान एकजुट ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, अवध प्रान्त, की एक बैठक समरेर ब्लाक के गांव झुकसा में परमानंद मिश्रा के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक में स्वस्तिवाचन,सभी देवी-देवताओं एवं भगवान परशुराम जी का आवाहन एवं मंत्रोच्चार पूर्वक पूजन अर्चना किया गया, भगवान परशुराम का चालीसा एवं सात सूत्रीय संकल्प वाचन भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार मिश्रा ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने किया।

बैठक में राम अवतार मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मणों ने हमेशा सभी का भला किया है। लेकिन ब्राह्मणों का भला करना तो दूर भला सोचा तक नहीं जा रहा है, उनके साथ अन्याय, अत्याचार और शोषण किया जा रहा है। समानता ब्राह्मणों का दैवीय, मानवीय और संवैधानिक अधिकार भी है फिर भी सरकार में ब्राह्मणों के लिए असमानतामूलक कानून एवं नियम बना रहीं हैं। यूजीसी प्रमोशन इक्विटी रेग्युलेशन इन हायर एजुकेशन नियम तो ब्राह्मण छात्र छात्राओं के लिए अहितकारी, शोषणकर्ता, असंवैधानिक और जातीय कटुता फैलाने वाला है। अतः सरकार इसे वापस ले और "घूसखोर पंडित" कहने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मणों के साथ घोर अन्याय, अत्याचार और शोषण हुआ है जिससे आज वह घोर दयनीय स्थिति में पहुंच गया है। सरकारों को चाहिए कि वे ब्राह्मणों के विकास, सुरक्षा और सम्मान की नीतियां बनाएं।

बैठक में परमानन्द मिश्रा, माधव मिश्रा, विनोद कुमार शंखधार, गिरिजा शंकर मिश्र, अवनीश कुमार शंखधार, शेखर उपाध्याय, मुरारीलाल शर्मा, महेश चंद्र शंखधार, आशीष कुमार शंखधार व सतेन्द्र कुमार मिश्रा आदि सभी ने सरकार से "यूजीसी को वापस लेने तथा"घूसखोर पंडित पर रोक लगाने की मांग की।

## वोटर का नाम काटने का आरोप लगाकर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एसआईआर प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए सपा नेता सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने जानबूझ कर नाम काटने की शिकायत जिलाधिकारी से की है। सपा नेता ने कहा कि साजिशन उनके लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। जो ठीक नहीं है।

सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे फखरे अहमद शोवी ने कहा कि पूरे प्रदेश में एस आई आर की प्रक्रिया चल रही है, इसी क्रम में बदायूं विधानसभा में अलग-अलग बूथों पर एक ही नाम से लोगों ने वोटर्स को अनुपस्थित दिखाकर फॉर्म नंबर 7 द्वारा आपत्ति लगाई गई है। जबकि वोटर अपने-अपने बूथों पर हमेशा से मतदान कर रहें है। 2025 की ड्राफ्ट लिस्ट में उनके नाम हैं, इसी समस्या को लेकर फखरे अहमद शोवी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया ।जिलाधिकारी ने पूर्ण आश्वासन दिया कि फॉर्म नंबर 7 कोई भी भर कर आपत्ति दे सकता है, लेकिन किसी का भी वोट जो यहां मौजूद है और जो पहले से वोटर है उसका वोट नहीं काटा जाएगा। फॉर्म 7 भरना एक प्रक्रिया है कोई भी भरकर संपत्ति दे सकता है।लेकिन किसी का वोट काटने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। जब तक साक्ष्य नहीं होंगा तक तक किसी का भी नाम नहीं काटा जाएगा ।



डीएम कार्यालय पर खड़े फखरे अहमद शोवी व अन्य ग्रामीण। ● अमृत विचार

- सपा नेता ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे

फखरे अहमद शोबी ने कहा प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिनवा का बयान है कि किसी एक वोटर पर आपत्ति कोई एक व्यक्ति ही लगा सकता है। कइयों पर आपत्ति कोई एक व्यक्ति नहीं लगा सकता जबकि बदायूं विधानसभा में एक या दो लोगों ने फॉर्म नंबर सात पर आपत्ति लगाकर हजारों की संख्या में फॉर्म दिए हैं। जिनके वोट काटने के लिए आपत्ति लगाई गई है वो वोटर हमेशा से बदायूं के वोटर रहे हैं। और उनका नाम 2025 की ड्राफ्ट लिस्ट में भी मौजूद है। आपत्ति लगाने वाला शख्स न उन्हें जानता है और न उसने कोई प्रूफ दिया है। उन्होने जिलाधिकारी से मांग की कि अनावश्यक वोट नहीं काटे जाएं। इस मौके पर चन्दन नगर खरेर के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## खांसी-बुखार का प्रकोप, जिला अस्पताल में पहुंचे 24 सौ मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** खांसी, बुखार और एलर्जी समेत जोड़े के दर्द के मरीजों की संख्या इन दिनों बढ़ गई है। जिला अस्पताल की ओपीडी सोमवार को ऐसे मरीजों से भरी दिखी। मरीज दोपहर तक जिला अस्पताल आते रहे। डॉक्टर को दिखाने के लिए उनके पर्चे तो समय पर बने, लेकिन दवा लेने के लिए मरीजों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को लगभग 2400 मरीज दवा लेने के लिए पहुंचे थे।

## वीडियो कॉल पर बात करते की आत्महत्या

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** ट्रक चालक ने मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर वीडियो कॉल पर बात करते समय फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। चालक ने रस्सी के सहारे ट्रक पर ही फंदा लगाया। सीओ बिसौली सुनील कुमार ने मौका मुआयना किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिला उन्नाव के शाहबाद रसूलाबाद निवासी मनोज पुत्र नंदू ट्रक यूपी 61 बीटी 0129 से कबाड़ लादकर पंजाब जा रहे थे। सोमवार दोपहर लगभग चार बजे उन्होंने थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका खेड़ादास के पास राजमार्ग किनारे ट्रक खड़ा किया। वह ट्रक के बाहर आए और अपने मोबाइल फोन से किसी महिला से वीडियो कॉल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान ट्रक के ऊपर एंगल पर रस्सी बांधी और गले में डालकर फंदा लगा लिया।



आत्महत्या के बाद खड़ा ट्रक, जांच करते सीओ बिसौली सुनील कुमार।

- राजमार्ग किनारे ट्रक खड़ा करके फंदे पर झूला चालक

कुछ समय के बाद आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने ट्रक पर चालक का शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। फैजगंज बेहटा पुलिस मौके पर पहुंची। चालक का मोबाइल फोन जमीन पर पड़ा था। जिसमें किसी महिला से वीडियो चल रही थी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया। रस्सी से शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चर्चा है कि महिला से विवाद की वजह से आवेश में आकर उसने आत्महत्या की है।

## नकल रोकने को रहेगा कड़ा पहरा

**बरेली, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। यूपी बोर्ड ने परीक्षाओं को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए इस बार सचल दलों की भूमिका को और अधिक प्रभावी कर दिया है। सचल दल केवल औचक निरीक्षण के साथ ही परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गहराई से जांच करेंगे। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों के कंट्रोल रूम, वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा जाएगा।

## बैनामों में स्टांप शुल्क चोरी मनी लॉड्रिंग का गहराया शक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसपी विजिलेंस ने तिलहर की राम बेटी की शिकायत पर डीएम को भेजा पत्र

**अमृत विचार:** तहसील सदर के उप निबंधक सदर द्वितीय कार्यालय में होने वाले बैनामों में मिलीभगत से स्टांप शुल्क चोरी के साथ सुनियोजित तरीके से लैंड स्कैम और मनी लॉड्रिंग होने की आशंका जतायी गयी है। शाहजहांपुर जनपद के तिलहर के मोहल्ला इमली निवासी राम बेटी की शिकायत मिलने पर उप्र सतर्कता अधिष्ठान बरेली के एसपी ने डीएम को पत्र भेजा है। जिलाधिकारी से सक्षम अधिकारी से प्रकरण की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराने की बात कही है। मामले में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एडीएम फाइनेंस और एआईजी स्टांप को जांच कराने के निर्देश दिये हैं।

एसपी विजिलेंस अरविंद कुमार ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि शिकायतकर्ता राम बेटी पत्नी रामनरेश ने अपना शिकायती पत्र ई-मेल के जरिए भेजा। उस शिकायती पत्र के मद्देनजर एसपी ने डीएम से कहा है कि उप निबंधक कार्यालय सदर द्वितीय में अत्यंत संदिग्ध और प्रथम दृष्टया आपराधिक प्रतीत होने वाला भू-विक्रय का मामला हुआ है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चुरई दलपतपुर विकास खंड मीरगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत चुरई दलपतपुर में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है - प्रथम श्रेणी ईट, चटका ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, रोड़ी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | गौशाला में पानी के टैंकों के सामने खड़ंजा व मिट्टी कार्य। | 360500/- | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 10.02.2026 से दिनांक 16.02.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 03:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत जटपुरा, वि.खं. बांकेगंज खीरी**

**निविदा सूचना**

अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जटपुरा विकास खण्ड बांकेगंज -खीरी में मनरेगा योजनान्तर्गत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित एवं स्वीकृत है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित सामग्री लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जटपुरा में शिवचरन के खेत से छेदीलाल के खेत तक मिट्टी/खडन्जा निर्माण कार्य | 270 मी. | 346370 रू. | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईट, साधारण खडन्जा व अन्य निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 10.02.2026 से 16.02.2026 तक दोपहर 02:00 बजे तक जमा कर सकते है तथा निविदा 16.02.2026 को दोपहर 03:00 बजे गठित समिति के मध्य खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

नोट : अनुमन्य GST अलग से देय होगी।

**ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत जटपुरा, वि.खं. बांकेगंज-खीरी**
**अनीता देवी-ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत जटपुरा, वि.खं. बांकेगंज-खीरी**

**कार्यालय ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत हरदुआ, वि.खं. बांकेगंज खीरी**

**निविदा सूचना**

अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरदुआ विकास खण्ड बांकेगंज -खीरी में मनरेगा योजनान्तर्गत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित एवं स्वीकृत है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित सामग्री लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ढाखा में रामप्रसाद के घर से रामबहादुर के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 90 मी. | 287220 रू. | मनरेगा |
| 2. | ढाखा में कामता के घर से रमेश के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 40 मी. | 127653 रू. | मनरेगा |
| 3. | हरदुआ में दिनेश के घर से पुत्तू लाल के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 60 मी. | 163667 रू. | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईट, साधारण खडन्जा व अन्य निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 10.02.2026 से 16.02.2026 तक दोपहर 02:00 बजे तक जमा कर सकते है तथा निविदा 16.02.2026 को दोपहर 03:00 बजे गठित समिति के मध्य खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

नोट : अनुमन्य GST अलग से देय होगी।

**ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत हरदुआ, वि.खं. बांकेगंज-खीरी**
**रामकिशुन-ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत हरदुआ, वि.खं. बांकेगंज-खीरी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिटौली विकास खण्ड सालारपुर बदायूं**

पत्रांक- मैमो/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज्य अभियान/सामग्री आपूर्ति सूचना/2025-26 दिनांक: 10.02.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत समस्त फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टिटौली वि.खं. सालारपुर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित कार्य कराया जाना है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में जनसेवा केन्द्र (CSC) की स्थापना का कार्य। | 7,00,000/- |

उपरोक्त कार्य हेतु प्राक्कलन में दी गई सामग्री/उपकरण क्रय किये जाने है। ग्राम पंचायत में सामग्री/उपकरण की आपूर्ति करने हेतु सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 12.02.2026 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 16.02.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 05:00 बजे खोली जायेगी। प्राप्त निविदाओं में उल्लिखित दरों में वर्ष 2025-26 को कोई मूल परिवर्तन नहीं होगा। प्रस्तुत निविदाओं में मानक के अनुसार ब्राण्डेड मार्का सामग्री की आपूर्ति का उल्लेख किया जायेगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**बदन सिंह (प्रधान)** **धर्मेन्द्र सिंह (सचिव)**

**कार्यालय नगर पंचायत बिलसण्डा, जिला पीलीभीत**

पत्रांक : 380/न.पं.बि.-2025-26 दिनांक : 9.02.2026

**आपत्ति आमन्त्रण व निस्तारण हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. शासन, नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-24-85ज/05टी.सी.-1 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 की अधिसूचना जारी/प्राख्यापित की गयी है। यह नियमावली उत्तर प्रदेश की समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत पर लागू है। नियमावली के नियम-7 के अनुसार नगर पंचायत बिलसण्डा के निम्नलिखित वार्डो में स्थित भवनों/भूखण्डों पर सम्पत्ति कर का आरोपण करते हुए कर निर्धारण किया गया है एवं नियम-8 के अनुसार गृहकर/जलकर निर्धारण सूची तैयार की गयी है। उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024, नियम-9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं नगर पंचायत बिलसण्डा के 12 वार्डो में से 06 वार्डो की वार्डवार कर निर्धारण सूची का प्रकाशन एवं आपत्तियों की प्राप्ति हेतु प्रकाशित किया जाता है।

अतः आप सभी अपनी आपत्तियां/सुझाव प्रकाशन की तिथि से एक (01) माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत बिलसण्डा भवन में स्वयं/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि से प्राप्त आपत्तियों/सुझाव का अधिशासी अधिकारी द्वारा नियम-9(3) के अनुसार निस्तारण किया जाएगा। निर्धारण समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर नगर पंचायत बिलसण्डा द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा। वार्डवार गृहकर/जलकर सूची के प्रकाशन का विवरण निम्नवत् है।

| क्र.सं. | वार्ड का नाम व संख्या | प्रकाशन का दिनांक | प्रकाशन का स्थान | आपत्ति प्रस्तुत/निस्तारण की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हाथीखाना, हरिजन बस्ती-1 | 10.02.2026 से 11.02.2026 | कार्यालय भवन नगर पंचायत बिलसण्डा | प्रकाशन दिनांक से एक माह तक |
| 2. | ब्लॉक कालोनी, रामनगर कालोनी-02 | 10.02.2026 से 11.02.2026 | | |
| 3. | कुरियाना, हाथीखाना, पक्का तालाब-03 | 10.02.2026 से 11.02.2026 | | |
| 4. | बाल्मीकि बस्ती, बड़ी होली, कुरियाना-04 | 10.02.2026 से 11.02.2026 | | |
| 5. | कायस्थान, अनाज मण्डी, पुराना डाकखाना-05 | 10.02.2026 से 11.02.2026 | | |
| 6. | कुम्हार गली, पड़ाव | 10.02.2026 से 11.02.2026 | | |

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पंचायत बिलसण्डा**



अतीत चाहे दु:खद ही क्यों न हो, उसकी स्मृतियां मधुर होती हैं।
-मुंशी प्रेमचंद, साहित्यकार

# महत्वपूर्ण है मलेशिया

एशिया–प्रशांत की बदलती भू-राजनीति में मलेशिया भारत के लिए एक रणनीतिक धुरी बनता जा रहा है। हिंद महासागर से दक्षिण चीन सागर को जोड़ने वाले मलक्का जलडमरू मध्य के किनारे स्थित मलेशिया उस समुद्री मार्ग की निगरानी में अहम है, जिससे भारत के कुल समुद्री व्यापार का आधे से अधिक हिस्सा गुजरता है। ऐसे में कुआलालंपुर के साथ गहराता सहयोग केवल व्यापार नहीं, बल्कि समुद्री सुरक्षा और सामरिक संतुलन का प्रश्न भी है। ऊर्जा, व्यापार, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में हुए समझौते इस साझेदारी को संस्थागत आधार देते हैं। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और सोलर परियोजनाओं में सहयोग भारत की ऊर्जा विविधीकरण नीति को मजबूती देगा, वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष, सस्ती दवाओं और नर्सिंग सेवाओं में तालमेल दोनों देशों के सामाजिक क्षेत्र को लाभ पहुंचा सकता है। रक्षा क्षेत्र में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास और समुद्री सहयोग से हिंद–प्रशांत में भारत की उपस्थिति सुदृढ़ होगी।

पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखला संकट के बीच भारत का क्षेत्रीय सहयोग पर जोर स्वाभाविक है। 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट' की नीति अब आर्थिक और सामरिक दोनों रूपों में परिपक्व हो रही है। मलेशिया, जो आसियान में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, इस प्रक्रिया का प्रवेश द्वार बन सकता है। 2016 में भारत–आसियान व्यापार 65 अरब डॉलर था, जो 2025 तक 123 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है। नए समझौतों के बाद इसमें उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है, विशेषकर सेमीकंडक्टर और डिजिटल क्षेत्र में। सेमीकंडक्टर उद्योग में मलेशिया के चार दशकों के अनुभव और मजबूत इकोसिस्टम का भारत को सीधा लाभ मिलेगा। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और चिप निर्माण को बढ़ावा दे रहा है; ऐसे में संयुक्त निवेश, तकनीकी साझेदारी और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग से भारत आयात निर्भरता घटेगी। मलेशिया को भी विशाल भारतीय बाजार और उत्पादन आधार का लाभ मिलेगा, यह परस्पर पूरकता का उदाहरण है। डिजिटल क्षेत्र में मलेशिया–इंडिया डिजिटल काउंसिल, यूपीआई और पेननेट के जुड़ाव से व्यापार, पर्यटन तथा निवेश में सहजता आएगी। भारत की फिनटेक तकनीक को विस्तार मिलेगा। रुपये–रिंगिट में लेन-देन की व्यवस्था डॉलर निर्भरता घटा सकती है। मलक्का जलडमरू मध्य और दक्षिण चीन सागर में चीन–ताइवान–अमेरिका तनाव के कारण समुद्री मार्ग संवेदनशील बने हुए हैं। ऐसे में भारत–मलेशिया समुद्री सहयोग का महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और सीमा-पार कट्टरपंथ पर समन्वय का निर्णय भी सुरक्षा सहयोग को नया आयाम देता है। मलेशिया ने अतीत में क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर संतुलित रुख अपनाया है, किंतु हाल के वर्षों में आतंकवाद विरोधी सहयोग में सक्रियता दिखाई है। मलेशिया में लगभग 29 लाख भारतीय रहते हैं, प्रवासी भारतीयों की तीसरी सबसे बड़ी संख्या, ऐसे में नया वाणिज्य दूतावास, तिरुवल्लुवर केंद्र और छात्रवृत्ति सांस्कृतिक कूटनीति को गहराई देंगे। सोशल सिक्योरिटी समझौता, मुफ्त ई-वीजा और यूपीआई का विस्तार भारतीय कामगारों और पर्यटकों के लिए राहतकारी कदम होंगे।

## प्रसंगवश

# फरवरी का महीना खत से सोशल मीडिया तक

फरवरी का महीना आते ही प्यार की ऋतु का आगमन हो जाता है। इस बसंत महीने में नवयुवकों और नवयुवतियों के मन में अलग तरह की अनुभूति होने लगती है। यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। इस उम्र में ऐसा होना बिल्कुल स्वाभाविक है। अक्सर इस समय सही और गलत समझने की शक्ति पूरी तरह विकसित नहीं होती, क्योंकि मन अनियंत्रित-सा इधर-उधर अपने संग-साथी की तलाश में भटकता रहता है।

आज का प्यार पहले की तुलना में कम टिकाऊ दिखाई देता है। ज़रा-सी गलतफ़हमी या गुस्सा आ जाए, तो आज के युवाओं में सब्र करने की शक्ति कम पड़ जाती है। रिश्ते में मेहनत और समझदारी दिखाने के बजाय वे तुरंत निर्णय ले लेते हैं। रिश्ते को खत्म कर आगे बढ़ जाना और कुछ ही दिनों में नए रिश्ते की तलाश शुरू कर देना आम हो गया है। आज के दौर में प्रेम कई बार छणिक-भंगुर सा महसूस होने लगा है। युवा बिना ठहराव के रिश्ते बदल देते हैं और गहरी समझ-बूझ की जगह लिव-इन रिलेशनशिप ने ले ली है। स्थायित्व, त्याग और प्रतीक्षा जैसी भावनाएं अब पहले जैसी दिखाई नहीं देतीं।



धनीश शर्मा
लेखक

फ़रवरी का महीना आरंभ होते ही युवाओं में नई उमंगें तैरने लगती हैं। इस महीने का इंतज़ार पहले से ही शुरू हो जाता है। मन के अंदर दबे अहसासों को बयां करने की हिम्मत मिलती है— कुछ कामयाब होते हैं, तो कुछ नाकाम। नब्बे के दशक में युवा अपने दिल की बात ख़त के ज़रिये पहुंचाते थे। वो खत किसी वफ़ादार दोस्त के हाथों आदान–प्रदान होते थे और जवाब के इंतज़ार में महीनों गुज़र जाते थे। अगर जवाब मिल जाए तो खुशी, वरना फिर अगले साल फ़रवरी आने तक इंतज़ार सिर्फ़ इंतज़ार। उस दौर में प्यार धीमी रफ़्तार वाला था। भावनाएं गहरी थीं और धैर्य सबसे बड़ी ताकत थी।

पहले प्यार पर बनने वाली फ़िल्में—लैला–मजनू, हीर–रांझा, सोनी–माहिवाल—जो कभी प्रेम की मिसाल मानी जाती थीं, वक़्त के साथ जैसे कहीं गुम हो गई हैं। उन कहानियों में त्याग, तपस्या और लंबे इंतज़ार की गहरी परतें थीं। वहीं आज की पीढ़ी तेज़ रफ़्तार, त्वरित जवाब और बिना संघर्ष वाली प्रेम कहानियों की आदी हो चुकी है। पुराने प्रेम की वह आत्मा अब परदे पर भी कम ही दिखाई देती है।

साल 2000 आते-आते बहुत कुछ बदल चुका था। मोबाइल का जमाना शुरू हो गया था और युवा अब अपनी दिल की बात ख़त में नहीं, बल्कि टेक्स्ट मैसेज में लिखने लगे थे। फ़रवरी का सफ़र अब कागज़ के पन्नों से निकलकर मोबाइल की स्क्रीन पर सीमित हो गया था। जो इंतज़ार पहले महीनों का होता था, वह अब मिनटों और घंटों में सिमट गया। भावनाओं की गहराई जैसी-की-तैसी रही, लेकिन अभिव्यक्ति का माध्यम तेज़ और सरल हो गया।

धीरे-धीरे मोबाइल का स्वरूप और तकनीक दोनों विकसित हुए। जहां युवा सिर्फ़ टेक्स्ट भेजकर 'हां' या 'न' का इंतज़ार करते थे, वहीं 2010 आते-आते वीडियो कॉलिंग का दौर शुरू हो गया। अब चेहरे के हावभाव, मुस्कान, झिझक और शर्म भी स्क्रीन पर दिखाई देने लगे। रिश्तों में एक नई नज़दीकी और एक नया अंदाज़ जन्म लेने लगा। कुछ लोग इस बदलाव से खुश हुए, तो कुछ को लगा कि भावनाओं की गंभीरता अब कम होने लगी है।

साल दर साल वक़्त बदलता गया, लेकिन फ़रवरी का महत्व वही रहा—उत्सुकता, उमंग, उम्मीद और थोड़ी-सी घबराहट वाला महीना। अब 2026 तक आते-आते वीडियो कॉलिंग से लेकर इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और व्हाट्सऐप तक प्यार कई रंगों में बदल चुका है। अब स्टोरी, रील, स्टेटस और इमोज़ी भी प्रेम के संदेश बन गए हैं।

# वैश्विक व्यापार की धुरी बनता भारत





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

विश्व की कुल आबादी का करीब 17.7 प्रतिशत हिस्सा रखने वाला भारत आज 1.47 अरब मानव संसाधन के साथ दुनिया का अग्रणी व सर्वाधिक युवा शक्ति वाला देश है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। ये ऐसे युवा हैं, जिनके पास व्यापक विजन, दक्षता, उत्साह, अपने व राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का जज्बा तो है ही, वैश्विक व्यापारिक समझ में भी किसी विकसित देश से कमतर नहीं हैं। भारत व यूरोपीय संघ के मध्य चाहें 'मदर आफ आल डील' को जमीन पर उतारना हो या संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के साथ सात फरवरी अर्थात शनिवार को हुआ द्विपक्षीय व्यापारिक समझौता... भारत ने वैश्विक बाजार में अपनी 'साख व धाक' बना ली है।

मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं, वरन एक बड़ा बाजार भी बन चुका है। उपभोक्ताओं का समंदर बन चुका भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं। उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप के दो बड़े देशों कनाडा व यूएसए के अलावा दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के देशों अर्थात ब्राजील, अर्जेंटीना, चिली, मैक्सिको, क्यूबा व पैराग्वे से भी भारत का आयात-निर्यात परवान चढ़ रहा है। यूरोपीय संघ के देशों यानी फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, स्पेन व इटली से भी व्यापारिक लेन-देन सुदृढ़ हो चला है।

अफ्रीकी महाद्वीप के कुछ देशों के साथ हमारी व्यापारिक गतिविधियां सकारात्मक दिशा की ओर तो बढ़ ही रही हैं, एशिया-ओसियाना के देशों में भी हमने अपनी व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाई हैं। चीन व रूस के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार सतत आगे बढ़ रहा है। जापान, दक्षिण कोरिया के अलावा इंडोनेशिया, मलेशिया, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड से भी आपसी व्यापार पटरी पर दौड़ रहा है।

विकसित, अर्द्धविकसित व विकासशील देशों की अनेकानेक वस्तुओं का आयात तो भारत कर ही रहा है, अपनी गुणवत्तापरक चीजों व आधारभूत संरचनाओं को उन्हें बड़े पैमाने पर निर्यात भी कर रहा है। उत्तम व्यापारिक समझ, मजबूत सेवा निर्यात व विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण आज भारत का भुगतान संतुलन सही दिशा में है। हमारे पास 11 महीनों से अधिक के आयात के बराबर का मुद्रा भंडार है, जो छह माह के आदर्श से बेहतर है। हम 135.4 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ विश्व का सबसे बड़ा प्रेषण प्राप्तकर्ता बन चुके हैं। यह हमारी बाह्य क्षेत्र को स्थिरता को दर्शा रहा है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश व अन्य पूंजी प्रवाह में स्थिरता है, ये हमारी भुगतान संतुलन को मजबूत सहारा दे रहे हैं। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले प्रमुख देशों में सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, नीदरलैंड व जापान अग्रणी हैं। सिंगापुर व मॉरीशस तो भारत के लिए शीर्ष निवेशक आज भी बने हुए हैं। अंतरदेशीय या द्विपक्षीय व्यापार पारस्परिक लाभ, समानता, निष्पक्षता व राज्य के आर्थिक विकास के साधन पर निर्भर होता है। वैश्विक व्यापार आपसी समझ व साख को खास तरजीह देता है। व्यापारिक समझौते साझा विकास पर आधारित होने चाहिए, न कि एक पक्ष द्वारा दूसरे के शोषण पर। विभिन्न देशों के साथ व्यापार करते समय भारत को अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना होगा।

दुनिया के बाजार में भारत को फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना चाहिए, वह चाहे यूएसए या ईयू के साथ व्यापारिक रिश्ते ही क्यूं न हों। भारत-ईयू के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते के तहत वर्ष 2031 तक 51 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना है। शनिवार को यूएसए के साथ हुए अंतरिम व्यापारिक समझौते में भारतीय निर्यातकों, विशेष तौर पर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए करीब 30 हजार अरब अमेरिकी डालर का बाजार खुलने की बात हो रही है। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ अब 18 प्रतिशत रह जाने के बाद वहां निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं के उत्पादकों को भारी राहत मिलेगी।

भारत के कुल निर्यात में यूएसए का का हिस्सा 18 प्रतिशत, जबकि आयात में 6.22 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डालर तक पहुंच गया है। भारत-अमेरिका के मध्य हुए व्यापारिक समझौते से भारत में किसानों व उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत से यूएसए को निर्यात किए जाने वाले मसालों, फलों, सब्जियों के अलावा कृषि उत्पादों, रत्न-आभूषणों शुल्क रहित होंगे। भारत से करीब 13 अरब डालर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। दोनों देशों की डील में भारतीय किसानों की रक्षा के लिए गेहूं, चावल, चीनी व डेयरी उत्पादों को बाहर रखा गया है।

व्यापारिक समझौते से निर्यात ढांचे, निवेश आकर्षण के साथ रोजगार सृजन की दिशा को बल मिलेगा। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने यह समझा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं। इन देशों के लिए भारत का सबसे बड़ा आकर्षण इसका विशाल मध्यम वर्ग, बढ़ती खपत क्षमता और युवा आबादी है, जो आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा व डिजिटल सेवाओं की मांग को लगातार बढ़ा रही है।

विशाल उपभोक्ता बाजार, निवेश का भरोसेमंद ठिकाना व साख आधारित साझेदारी के कारण विकसित देशों की पसंद बन चुका है। वैश्विक व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में भारत को बेहद चौकन्ना भी रहना होगा। कौटिल्य ने अपनी कृति 'अर्थशास्त्र' में लिखा है कि आपसी व्यापार में अत्यधिक विश्वास नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अवसरों की विश्वसनीयता की जांच करने पर जोर देते हुए यह भी लिखा है कि समान लोगों के बीच ही प्रेम या स्नेह (संबंध) फलते-फूलते हैं।

मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं वरन एक बड़ा बाजार भी है। भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं।

## आमने सामने



राजस्थान में कांग्रेस सरकार के दौरान एक निर्दोष दर्जी की सरेआम हत्या कर दी गई थी। उस समय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। राजस्थान में जो भी हिंसा और लिंचिंग जैसी घटनाएं हुईं, वे कांग्रेस के शासनकाल में ही फली–फूलीं।
–निर्मला सीतारमण
केंद्रीय वित्तमंत्री

कन्हैयालाल हत्याकांड में राजस्थान पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए कुछ ही घंटों में हत्यारों को अरेस्ट किया था, फिर पुलिस से केस लेकर केंद्र सरकार ने जांच एनआईए को दे दी। 2022 से आज 2026 तक कन्हैयालाल का परिवार न्याय का इंतजार कर रहा है।
–अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# दुनिया से हर साल कहां गुम जाते हैं 80 लाख लोग



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही में दिल्ली में 807 लोगों के लापता होने की खबर छपी। इनमें 137 बच्चे और 63 फीसदी महिलाएं तथा लड़कियां शामिल हैं। यह कुल लापता लोगों का बड़ा हिस्सा है। बताया गया कि एक जनवरी से 27 जनवरी तक हर दिन औसतन 27 लोग गायब हुए। इन 807 मामलों में से केवल 235 लोगों का ही अभी तक पता लग सका है। वहीं 538 लोग अब भी लापता हैं, जिनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं लापता लोगों के परिवार भी पुलिस से सहयोग नहीं मिल पाने की शिकायत कर रहे हैं। दिल्ली की इन घटनाओं ने एक बार फिर लापता लोगों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। ऐसा नहीं है कि केवल दिल्ली से ही लोग लापता हुए हैं। भारत सहित पूरी दुनिया में हर साल लापता लोगों के मामले सामने आते हैं।

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पूरी दुनिया में हर साल 80 लाख लोग लापता होते हैं, जिनमें से कुछ ही मिल पाते हैं। अधिकतर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाती। कुछ साल पहले मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी दुनिया भर में गायब होने वाले लोगों पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए गहरी चिंता जताई थी। उसका कहना था कि दुनिया में अधिकतर लोगों को जबरन उठा लिया जाता है और उन्हें युद्ध सहित कई अनैतिक कामों में धकेल दिया जाता है। संगठन का कहना है कि सीरिया में साल 2011 से लेकर अब तक लगभग 82,000 लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है। इनमें से अधिकांश लोग सशस्त्र विपक्षी समूहों और खुद को इस्लामिक स्टेट कहने वाले सशस्त्र समूह द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद लापता हो गए हैं। वहीं श्रीलंका में 1980 से लेकर अब तक करीब 60,000 से अधिक लोग गायब हो गए हैं।

अगर इतिहास की बात करें तो अर्जेंटीना में बीसवीं शताब्दी में सामूहिक रूप से लोगों के जबरन गायब किए जाने का सबसे प्रसिद्ध उदाहरण अंतिम तानाशाही थी। 1976-1983 के बीच दक्षिण अमेरिकी देश में सैन्य शासन के दौरान सुरक्षा बलों ने लगभग 30,000 लोगों का अपहरण किया, जिनमें से कई का अभी भी कोई सुराग नहीं लगा है। इस दौरान व्यापक और व्यवस्थित रूप से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ, जिसमें बड़े पैमाने पर यातनाएं और गैर-न्यायिक हत्याएं शामिल थीं। इनमें कुख्यात मौत की उड़ानें भी शामिल थीं, जिनमें पीड़ितों को सैन्य विमानों या हेलीकॉप्टरों से गिराकर मार डाला गया था। दुनिया भर में कई संगठन लंबे समय से गायब होने वाले लोगों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, हालांकि अधिकतर मामलों में ज्यादा कुछ सफलता नहीं मिल पाई है। इतना जरूर है कि कुछ मामलों में जिम्मेदारों को दोषी ठहराने के लिए अभियान चलाया गया। इसके बाद कुछ दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने में सफलता मिली।

असल में जबरन गुम किए जाने के शिकार वे लोग होते हैं, जो सचमुच गायब हो जाते हैं। वे तब लापता हो जाते हैं, जब उन्हें सड़क या उनके घरों से उठा लिया जाता है। अधिकतर मामलों में इनकी गुमशुदगी से इनकार किया जाता है या यह बताने से मना कर दिया जाता है कि वे कहां हैं। कभी-कभी ये गुमशुदगी सशस्त्र गैर-सरकारी तत्वों जैसे सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत यह एक अपराध है। इन लोगों को अक्सर रिहा नहीं किया जाता और उनका क्या हुआ, यह भी अनिश्चित रहता है।

बताया जाता है कि इन लापता लोगों को गलत कामों में धकेल दिया जाता है। लड़कियों को वेश्यावृत्ति में भेज दिया जाता है। बच्चों को चाइल्ड ट्रैफिकिंग में फंसा दिया जाता है। इन लापता लोगों को अक्सर यातनाएं दी जाती हैं। इनमें से कई मारे जाते हैं या फिर मारे जाने के भय में जीते हैं। वे जानते हैं कि उनके परिवार को पता नहीं है कि वे कहां हैं और उनकी मदद की संभावना बहुत कम है। भले ही वे मौत से बच जाएं और रिहा हो जाएं, लेकिन शारीरिक और मानसिक घाव उनके साथ रह जाते हैं।

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि जबरन गुमशुदगी एक वैश्विक मुद्दा है। दुनिया के कई देशों में ऐसे लोगों का इस्तेमाल अक्सर समाज में आतंक फैलाने की रणनीति के रूप में किया जाता है। इससे उत्पन्न असुरक्षा और भय की भावना केवल गुमशुदगी के करीबी रिश्तेदारों तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि समुदायों और पूरे समाज को प्रभावित करती है। कभी सैन्य तानाशाहों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की जाने वाली ये गुमशुदगियां अब दुनिया के हर क्षेत्र में और विभिन्न परिस्थितियों में घटित होती हैं। ये आमतौर पर आंतरिक संघर्षों में विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को दबाने की कोशिश कर रही सरकारों या सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती हैं। लापता लोगों के परिवार और मित्र मानसिक पीड़ा से जूझते हैं। उन्हें यह नहीं पता होता कि उनका बेटा या बेटी, मां या पिता जीवित हैं या नहीं। उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उन्हें कहां रखा गया है या उनके साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है।

भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लापता लोगों के मामले सामने आते रहे हैं। हर साल पूरी दुनिया में 80 लाख लोग लापता होते हैं, अधिकतर के बारे में सुराग ही नहीं मिल पाता।

## सोशल फोरम

# "...अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"

छोटा कुर्ता, खुला पायजामा, पांव में कोल्हापुरी, यदा कदा मुंह में बीड़ी, लंबे बिखरे बाल। यह सब एक बाहरी व्यक्तित्व हैं। किंतु जब उनकी जुबां खुलती, "यह आकाशवाणी है, अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"...। खनकदार आवाज, उसमें अजब सा भारीपन, स्पष्ट उच्चारण, हर शब्द का असल असर। पांडेय साहब भारत के सबसे अधिक सुने जाने वाले समाचार वाचक थे।



ललित शर्मा
ब्लॉगर

21 मार्च 1948 से शुरू हुआ उनका समाचार वाचक का करियर 1983 तक चला। पेशे से रंगकर्मी, लेखक, उद्घोषक कानपुर में जन्मे पांडेय साहब देश की आवाज नाम से जाने जाते थे। मौलाना आजाद, लियाकत अली, लाल बहादुर शास्त्री, जवाहर लाल नेहरू, संजय गांधी के मृत्यु समाचार उन्होंने ही पढ़े। ऑल इंडिया रेडियो में कार्यरत पांडेय साहब का दूरदर्शन में भी काफी दखल रहा।

इन्होंने राष्ट्र को भाषा क्या है, के विषय में बताया। सही उच्चारण, कॉमा, पूर्ण विराम, पॉज केवल लिखने के लिए नहीं बोलने में भी महत्वपूर्ण है, बताया। उन्होंने भाषा के लिए नए मानक तय किए।

कहा जाता है कि सुबह आठ बजे जब उनका बुलेटिन शुरू होता था, तो लोग अपनी घड़ियां मिलाते थे। उनकी पाबंदी और उच्चारण (Pronunciation) इतना सटीक था कि उसमें एक सेकंड या एक मात्रा की भी गलती की गुंजाइश नहीं होती थी।

वे इतने विश्वसनीय थे कि संजय गांधी के निधन (1980) के समय, देवकी नंदन पांडेय जी रिटायर हो चुके थे, लेकिन प्रशासन ने विशेष रूप से उन्हें घर से बुल्वाया, क्योंकि उनका मानना था कि इतनी बड़ी और दुखद खबर अगर पांडे जी की भारी आवाज़ में नहीं जाएगी, तो शायद लोगों को यकीन नहीं होगा। आज की तेज़-तर्रार मीडिया के दौर में, देवकी नंदन पांडे की वो 'ठहरी हुई' और 'दमदार' आवाज़ एक सुनहरी याद बनकर रह गई है।

आज के जमाने में समाचार वाचक का कोई खास महत्व नहीं है। समाचार वाचक, एक संदेश वाहक मात्र है। उसका अपना ओपिनियन उसके चेहरे पर नजर नहीं आना चाहिए, आवाज में झलकना नहीं चाहिए। इस युग में अब इसका कोई महत्व नहीं। न्यूज रीडर ही न्यूज बना रहा है, वही हैंडल कर रहा है। न भाषाई शुद्धता है और न ही व्यवहारिक आचरण। युवक आज यही सीख भी रहा है।


–फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# नर्सरी से कॉलेज तक दाखिले की युद्धभूमि

आज शिक्षा का अर्थ सीखना नहीं, बल्कि साबित करना हो गया है। साबित करना कि बच्चा बेहतर है, तेज़ है, दूसरों से आगे है और यह साबित करने की ज़िम्मेदारी बच्चे से ज़्यादा उसके माता-पिता के कंधों पर डाल दी गई है। नतीजा यह है कि नर्सरी से लेकर विश्वविद्यालय तक, 'दाख़िला' अब एक सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक तनाव का कारण बन चुका है।

दाख़िले की इस दौड़ में सबसे पहले निशाने पर आता है मासूम बच्चा। वह उम्र, जब खेलना, कल्पना करना और सवाल पूछना चाहिए, उसी उम्र में उसे फ़ॉर्म, इंटरव्यू, टेस्ट और रैंक के बोझ तले दबा दिया जाता है। नर्सरी एडमिशन के नाम पर माता-पिता छुट्टियां लेते हैं, स्कूल-दर-स्कूल भटकते हैं, सिफ़ारिशें ढूंढते हैं और कई बार आत्मसम्मान तक गिरवी रख देते हैं। यह सब इसलिए नहीं कि बच्चा सीख सके, बल्कि इसलिए कि वह 'अच्छे स्कूल' का टैग हासिल कर सके।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

आज शिक्षा संस्थान ज्ञान के मंदिर कम और प्रतिस्पर्धी बाज़ार ज़्यादा बनते जा रहे हैं। अख़बारों में 'मिशन एडमिशन' जैसे शब्द आम हो चुके हैं। टीवी चैनलों पर दाख़िले को लेकर बहसें होती हैं, कोचिंग संस्थान भविष्य की गारंटी बेचते हैं और स्कूल-कॉलेज अपनी ब्रांड वैल्यू चमकाने में लगे रहते हैं। इस पूरे तंत्र में बच्चा एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक प्रोजेक्ट बन जाता है, जिसे हर हाल में सफल दिखाना ज़रूरी है।

कभी 60–65 प्रतिशत अंक लाना सम्मान की बात हुआ करती थी। सेकंड डिविज़न जीवन की हार नहीं मानी जाती थी। आज हालात यह हैं कि 90 प्रतिशत से नीचे अंक लाने वाला बच्चा और उसके माता-पिता अपराधबोध में जीते हैं। 95–96 प्रतिशत अंक लाने वालों को भी चैन नहीं है, क्योंकि कट-ऑफ़ हर साल नई ऊंचाई छू रहा है। ऐसा लगता है मानो अंकों की इस दौड़ का कोई अंत ही नहीं।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब ज़्यादातर बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर अंक ला रहे हैं, तो क्या वास्तव में सब असाधारण प्रतिभाशाली हैं? या फिर मूल्यांकन प्रणाली ही अपना संतुलन खो चुकी है? शिक्षा का उद्देश्य समझ विकसित करना था, लेकिन वह अब अंकों और रैंक के गणित में सिमट कर रह गया है। ज्ञान से ज़्यादा प्रदर्शन मायने रखता है, और प्रदर्शन से ज़्यादा उसका प्रचार।

इस पूरी प्रक्रिया का सबसे भयावह पहलू है बच्चों पर पड़ने वाला मानसिक दबाव। परीक्षा, इंटरव्यू और चयन की अनिश्चितता बच्चे के भीतर डर और असुरक्षा पैदा करती है। असफलता की स्थिति में पहला सवाल यही होता है— "अब क्या होगा?" यह सवाल सिर्फ़ भविष्य का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी होता है। बच्चा यह मानने लगता है कि उसकी असफलता उसके माता-पिता की हार है। यह भाव उसके आत्मविश्वास को गहरे तक चोट पहुंचाता है।

विडंबना यह है कि माता-पिता भी इस दबाव के शिकार हैं। समाज ने उनके सामने सफलता की एक संकीर्ण परिभाषा रख दी है- टॉप स्कूल, टॉप कॉलेज और टॉप करियर। वे यह सोचने से डरते हैं कि अगर उनका बच्चा इस तय ढांचे में फिट नहीं हुआ, तो लोग क्या कहेंगे। परिणामस्वरूप वे बच्चे की रुचि, क्षमता और स्वभाव को नज़रअंदाज़ कर देते हैं।

शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त असमानता इस समस्या को और गंभीर बना देती है। जिनके पास संसाधन हैं, वे महंगी कोचिंग, प्राइवेट स्कूल और मैनेजमेंट कोटा खरीद सकते हैं, लेकिन मध्यम और निम्न वर्ग के बच्चों के लिए यह दौड़ कहीं ज़्यादा कठिन है। योग्यता के बावजूद अवसर न मिलना, व्यवस्था पर से भरोसा तोड़ देता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अंतस



हिन्दू पंचांग के अनुसार, महाशिवरात्रि हर साल फाल्गुन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष यह पावन पर्व 15 फरवरी रविवार को है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पावन पर्व भगवान शिवजी को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव के भक्त उनकी कृपा पाने के लिए उनकी विधि-विधान के साथ पूजा आराधना करते हैं। इस दिन रात्रि पूजन भी किया जाता है, लेकिन इससे महत्वपूर्ण चार पहर की पूजा होती है। मान्यता है कि चार पहर की पूजा करने से व्यक्ति जीवन के पापों से मुक्त हो जाता है तथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि के दिन चार पहर की पूजा संध्या काल से शुरू होकर अगले दिन ब्रह्म मुहूर्त तक की जाती है। सामान्य गृहस्थ को महाशिवरात्रि के दिन शुभ और मनोकामना पूर्ति के लिए सुबह और संध्या काल में शिव की आराधना करनी चाहिए।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक, ज्योतिषाचार्य

# महाशिवरात्रि

## देवों के देव महादेव की आराधना का पर्व

### समग्रता के प्रतीक शिव

भगवान शिव का व्यक्तित्व एवं स्वरूप समग्रता का प्रतीक है यह उनके जीवन का वह दर्शन प्रदान करता है, जो मनुष्य को उसके व्यक्तित्व के उच्चतम शिखर तक ले जाता है। भगवान शिव का यह चरित्र मानवीय जीवन के उच्चतम आदर्शों की पराकाष्ठा है। महादेव गृहस्थ भी हैं और वीतरागी आदियोगी भी, उनका यह गुण संदेश देता है कि योग के मार्ग पर चलने के लिए ईश्वर की भक्ति के लिए संसार त्याग आवश्यक नहीं है। त्याग तो स्वयं की दुष्प्रवृत्तियों का, आसत्ति व अहंकार का करना चाहिए ताकि अंतःकरण को योग के अनुकूल बनाया जा सके। कैलाशवासी भगवान शिव एक ओर तो परम पवित्र हिमालय में तपस्या में लीन रहते हैं, तो दूसरी ओर भूतगणों के साथ श्मशान में निवास करते भी माने जाते हैं। इसका व्यावहारिक आशय यह है कि पवित्र और श्रेष्ठ के संपर्क में रहना श्रेयकर है, किंतु घृणित और पापी किसी को नहीं समझा जाना चाहिए। सब परमात्मा की ही संतान हैं एवं वे स्वयं सबको बराबर स्नेह करते हैं। शिव यहां सम्यक दृष्टि व मैत्री की शिक्षा देते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन शिवजी पहली बार प्रकट हुए थे। शिव का प्राकट्य ज्योतिर्लिंग यानी अग्नि के शिवलिंग के रूप में था। ऐसा शिवलिंग जिसका न तो आदि था और न अंत। बताया जाता है कि शिवलिंग का पता लगाने के लिए ब्रह्माजी हंस के रूप में शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग को देखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। वह शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग तक पहुंच ही नहीं पाए। दूसरी ओर भगवान विष्णु भी वराह का रूप लेकर शिवलिंग के आधार ढूंढ रहे थे, लेकिन उन्हें भी आधार नहीं मिला।

### शिव और शक्ति मिलन

महाशिवरात्रि को पूरी रात शिवभक्त अपने आराध्य के लिए जागरण करते हैं। शिवभक्त इस दिन शिवजी की शादी का उत्सव मनाते हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि को शिवजी के साथ शक्ति की शादी हुई थी। इसी दिन शिवजी ने वैराग्य जीवन छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। शिव जो वैरागी थे, वह गृहस्थ बन गए। माना जाता है कि शिवरात्रि के 15 दिन पश्चात होली का त्योहार मनाने के पीछे एक कारण यह भी है। इसलिए महाशिवरात्रि हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों एवं भगवान शिव के उपासकों का एक मुख्य त्योहार है। मान्यता यह भी है कि इस दिन भगवान शिव की सेवा में दान-पुण्य करने व शिव उपासना से उपासक को मोक्ष मिलता है। शिवरात्रि के पर्व पर जागरण का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा है कि एक बार पार्वतीजी ने भगवान शिवशंकर से पूछा, 'ऐसा कौन-सा श्रेष्ठ तथा सरल व्रत-पूजन है, जिससे मृत्युलोक के प्राणी आपकी कृपा सहज ही प्राप्त कर लेते हैं?' उत्तर में शिवजी ने पार्वती को 'महाशिवरात्रि' के व्रत का उपाय बताया। चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिव हैं। अतः ज्योतिष शास्त्रों में इसे परम शुभफलदायी कहा गया है। वैसे तो शिवरात्रि हर महीने में आती है, परंतु फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को ही महाशिवरात्रि कहा गया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य देव भी इस समय तक उत्तरायण में आ चुके होते हैं तथा ऋतु परिवर्तन का यह समय अत्यंत शुभ कहा गया है।

### पूजा से शांत होते हैं कुंडली के दोष

महाशिवरात्रि में शिवलिंग की पूजा करने से जन्मकुंडली के नवग्रह दोष तो शांत होते हैं विशेष करके चंद्रजनित दोष जैसे मानसिक अशान्ति, मां के सुख और स्वास्थ्य में कमी, मित्रों से संबंध, मकान-वाहन के सुख में विलम्ब, हृदयरोग, नेत्र विकार, चर्म-कुष्ट रोग, नजला-जुकाम, स्वांस रोग, कफ-निमोनिया संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है और समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ती है। सुहागिन महिलाओं को इसदिन मां पार्वती को श्रृंगार हेतु मेंहदी चढ़ानी चाहिए और पुरुषों को पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से स्नान कराकर बेलपत्र पर अष्टगंध, कुमकुम अथवा चंदन से राम-राम लिखकर 'ॐ नमः शिवाय करालं महाकाल कालं कृपालं ॐ नमः शिवाय'



कहते हुए शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। साथ ही भांग, धतूरा और मंदार पुष्प तथा गंगाजल भी अर्पित हुए काल हरो हर, कष्ट हरो हर, दुःख हरो, दारिद्रय हरो, नमामि शंकर भजामि शंकर शंकर शंभो तव शरणं। मंत्र से प्रार्थना करनी चाहिए।

## समस्त सृष्टि के स्वामी शिव



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

देवों के देव महादेव, भूतभावन, व्योमकेष, जीवों का परम कल्याण करने वाले भगवान आषुतोश भोले भंडारी के परम उत्सव पर अपनी लेखनी को पवित्र करने का लेख संवरण नहीं कर पा रहा हूं। शिवरात्रि हिन्दुओं के सबसे पवित्र त्योहारों मे से एक है। शिव ही समस्त सृष्टि के स्वामी हैं। भूतभावन भगवान शंकर ही इस चराचर जगत के समस्त प्राणियों (मनुश्य, पशु, पक्षी, देव, दानव) को इस धरा पर अस्तित्व प्रदान करते हैं। वे ही आदि हैं और वे ही अंत हैं। भूत का तात्पर्य केवल भूत-प्रेत आत्माओं से नहीं है, बल्कि भूत का मूल अर्थ, जो इस धरा पर उत्पन्न हुआ है, अर्थात पंचभूत से बना हर जीव भूत है। भावनः का तात्पर्य है-इनका पालन करने वाला एवं इनका कल्याण करने वाला।



बाबा विश्वनाथ के इस पर्व को मनाने के पीछे कई कथाएं प्रचलित हैं। शिव पुराण में महाशिवरात्रि का विस्तार से वर्णन किया गया है। शिव पुराण के रुद्र संहिता (पार्वती खंड) में भगवान शिव के पार्वती से विवाह उत्सव का वर्णन मिलता है। बसंत पंचमी के बाद आने वाला यह पर्व प्रकृति के अत्यंत सुंदर मनभावन स्वरूप के समय मनाया जाता है। यहां शिव को चेतना एवं शक्ति को ऊर्जा (शक्ति) के योग का उत्सव भी माना जाता है। शिवरात्रि में आध्यात्मिक रूप यदि देखा जाए तो शिव का अर्थ है-कल्याण और रात्रि का अर्थ है विश्राम अथवा अंधकार। महाशिवरात्रि का यह पर्व अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर आत्मज्ञान के प्रकाश की और बढ़ने के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

महाशिवरात्रि को मनाने के पीछे दूसरी पौराणिक गाथा का वर्णन समुद्र मंथन और विशपान से जुड़ा है। समुद्र मंथन के समय जब हलाहल नामक विष समुद्र से निकला, तो उसे ग्रहण करने को सुर-असुरों में से कोई भी तैयार नहीं हुआ, ऐसे समय में भगवान शिव ने इस हलाहल को पीकर अपना नाम नीलकंठ चरितार्थ किया। इसी उपकार के कारण भी आभार स्वरूप भक्त लोग इस व्रत को रखते हैं और शिवरात्रि का पर्व मनाते हैं। महाशिवरात्रि को उपवास रखने का नियम है, जिसका तात्पर्य है, हमें अपनी इन्द्रियों पर संयम रखना चाहिए। रात्रि जागरण करके हम अज्ञान से जागरण की शिक्षा प्राप्त करते हैं। बेल पत्र को शिवलिंग पर अर्पण करने का तात्पर्य त्रिगुणों पर विजय है।

## पौराणिक कथा

### विधि का लेख



एक बार भगवान विष्णु गरुड़ पर आरूढ़ होकर कैलाश पर्वत पहुंचे। द्वार पर गरुड़ को छोड़कर वे स्वयं महादेव से मिलने भीतर चले गए। गरुड़ बाहर खड़े कैलाश की अलौकिक प्राकृतिक शोभा को निहार रहे थे। हिमशिखरों की दिव्यता, मंद समीर और दिव्य शांति उन्हें मंत्रमुग्ध कर रही थी। तभी उनकी दृष्टि एक अत्यंत सुंदर, नन्हीं-सी चिड़िया पर पड़ी। वह इतनी कोमल और आकर्षक थी कि गरुड़ का मन अनायास ही उसी में उलझ गया। उसी क्षण यमराज कैलाश पधारे। भीतर जाने से पहले उन्होंने उस चिड़िया को एक गहरी और आश्चर्यपूर्ण दृष्टि से देखा।

गरुड़ यह संकेत समझ गए। उन्हें आभास हो गया कि उस चिड़िया की मृत्यु निकट है और यमराज कैलाश से लौटते समय उसे अपने साथ ले जाएंगे। करुणा से भरकर गरुड़ का हृदय द्रवित हो उठा। वे इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरते हुए नहीं देख सके। उन्होंने उसे अपने पंजों में सहेजा और कैलाश से हजारों कोस दूर एक निर्जन वन में, एक ऊंची चट्टान पर सुरक्षित छोड़ दिया। इसके बाद वे पुनः कैलाश लौट आए। जब यमराज बाहर आए, तो गरुड़ ने विनम्रतापूर्वक पूछा-"प्रभु, आपने उस छोटी-सी चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी दृष्टि से क्यों देखा था?"

यमराज बोले- "गरुड़, जब मैंने उस चिड़िया को देखा, तब मुझे ज्ञात हुआ कि कुछ ही क्षणों बाद वह यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा निगल ली जाएगी। मैं इसी बात पर विचार कर रहा था कि वह इतनी अल्प अवधि में इतनी दूर कैसे पहुंचेगी? पर अब वह यहां नहीं है, तो निश्चय ही उसका अंत हो चुका होगा।" यह सुनकर गरुड़ को सत्य का बोध हो गया। वे समझ गए कि मृत्यु को टाला नहीं जा सकता, चाहे कितनी ही चतुराई क्यों न कर ली जाए। इसीलिए परमात्मा कहते हैं-"तू करता वही है, जो तू चाहता है, पर होता वही है, जो मैं चाहता हूं। तू वही कर, जो मैं चाहता हूं- फिर होगा वही, जो तू चाहेगा।"

## सोमनाथ और घटता-बढ़ता चंद्रमा

चंद्रमा बहुत सुंदर था। उसकी सुंदरता के चर्चे सर्वत्र होते थे। चंद्रमा की सुंदरता पर मोहित होकर दक्ष प्रजापति की सत्ताइस पुत्रियों ने उससे विवाह कर लिया था। कुछ दिन हंसी-खुशी में व्यतीत हुए फिर चन्द्रमा रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों से नाराज रहने लगा। एक दिन तो उसने हद ही कर दी। रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों को उसने महल से निकाल दिया। अपमानित दक्ष पुत्रियों ने मायके जाकर अपने पिता दक्ष प्रजापति से रो-रोकर अपनी व्यथा सुनाई। दक्ष ने चन्द्रमा को बुलाकर समझाया पर चन्द्रमा नहीं माना। उसने दक्ष प्रजापति को उल्टे बहुत भला-बुरा कहा। इस पर दक्ष प्रजापति को गुस्सा आ गया। उन्होंने चन्द्रमा को शाप दे दिया- 'तुम्हें अपने रूप-सौंदर्य का बड़ा गर्व है, जा तुझे क्षय रोग हो जाएगा। तू- कांतिहीन हो जाएगा। दक्ष के शाप से छुटकारे के लिए चन्द्रमा ने भोले शंकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की। शिव प्रसन्न हुए और चन्द्रमा से वर मांगने को कहा। चन्द्रमा ने शिव को सारी घटना बताई और श्राप से मुक्त होने का वर मांगा। शिव बोले- वत्स, मैं दक्ष के श्राप को समाप्त तो नहीं करूंगा, पर उसे कम करके लगभग निष्प्रभावी कर दूंगा। अब महीने के पहले पन्द्रह दिन तुम दक्ष के श्राप से क्षय रोग से ग्रसित रहोगे, प्रतिदिन घटते रहोगे। पर शेष 15 दिन तुम दक्ष के श्राप से मुक्त होकर तुम कांतिवान होकर बढ़ते रहोगे। दक्ष के श्राप से तुम अमावस्या को क्षय रोग से पूर्णतः ग्रसित होगे, जबकि पूर्णिमा को पूर्ण रूप से मुक्त होकर तुम विश्व को मोहित करोगे। तुम्हारी 27 पत्नियों के नाम अब तुम्हारे साथ जुड़कर अमर हो जाएंगे। ये सभी नक्षत्र मंडल में होंगी।



तब से चन्द्रमा क्षय रोग से ग्रसित हो गया। दक्ष के श्राप के कारण वह प्रत्येक मास पहले पक्ष में पहले क्षय रोग के कारण धीरे-धीरे घटता रहता है और अमावस्या को लोप हो जाता है। इसे कृष्ण पक्ष कहते हैं। शिव के वरदान के कारण अमावस्या के बाद चन्द्रमा क्षय रोग से धीरे-धीरे मुक्त होता रहता है और पूर्णिमा को पूर्ण मुक्त हो जाता है। इसे शुक्ल पक्ष कहते हैं। पूर्णिमा के चांद की सुंदरता की तुलना सदियों से मनुष्यों द्वारा की जाती रही है। कहते हैं कि गुजरात के प्रभाष पाटन क्षेत्र में जहां चन्द्रमा ने भगवान शिव की पूजा की थी, वहां उसने महादेव शिव का भव्य मंदिर बनवाया था, जो सोमनाथ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज भी प्रभाष क्षेत्र (गुजरात) में सोमनाथ का मंदिर हैं, जहां लाखों लोग भगवान शिव के दर्शन को जाते हैं। यहां पर पिंड दान भी किया जाता है और महाशिवरात्रि, भादौ, कार्तिक तथा चैत्र के महीने में मेला भी लगता है।




शिवचरण चौहान
लेखक

## बोधकथा

### विवेक और उदारता

विनीता संस्कारों की छाया में पली-बढ़ी एक सुलझी हुई बेटी थी। उसका स्वभाव उतना ही विनम्र था जितना उसका नाम। बड़ों का आदर, सेवा-भाव और अनुशासित जीवन उसकी दिनचर्या का हिस्सा थे। पढ़ाई के साथ-साथ वह दूसरों के काम आने को भी अपना कर्तव्य मानती थी। इसी सहजता और सरलता के कारण वह जहां जाती, लोगों के मन में जगह बना लेती। भाग्य ने उसे ऐसे परिवार की बहू बना दिया, जहां धन तो बहुत था, पर दान और करुणा का अभाव था। उस घर में संपत्ति को केवल भोगने और बढ़ाने की सोच थी, बांटने की नहीं। धर्म और पुण्य की बातें वहां केवल शब्द बनकर रह गई थीं। एक दिन घर के द्वार पर एक वृद्ध आया, कमज़ोर, भूखा और बेसहारा। विनीता ने उसे देखा और जो घर में उपलब्ध था, वही उसे दे दिया, सूखी, बासी रोटी। वृद्ध ने उसे हाथ में लेकर कहा- "बेटी, यह मुझसे नहीं खाई जाएगी।" विनीता ने बिना किसी कटुता के उत्तर दिया- "बाबा, इस घर में ऐसा ही भोजन होता है।"



वहीं खड़े उसके श्वसुर यह सुनकर चौंक पड़े। वे बहू के व्यवहार से सदा प्रसन्न रहते थे। उन्होंने पूछा- "बेटी, तुम ऐसा क्यों कह रही हो?" विनीता ने शांत स्वर में कहा- "पिताजी, मैंने इस घर में यही देखा है कि जो धन पूर्व पुण्य से मिला है, उसे केवल संजोया और भोगा जाता है। दान, सेवा और धर्म का आचरण यहां दिखाई नहीं देता।" उसके शब्दों ने श्वसुर के मन को झकझोर दिया। उन्हें पहली बार अपनी भूल स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उसी क्षण उन्होंने बहू को उचित कार्य करने की अनुमति दी। विनीता ने तुरंत उस वृद्ध को सम्मानपूर्वक अच्छा भोजन कराया, उससे स्नेह से बातें कीं और उसके जीवन के बारे में जाना। उसे सच्चरित्र पाकर घर के पास ही रहने की व्यवस्था कर दी। कुछ समय बाद वृद्ध बीमार पड़ा। अल्प समय में ही, ईश्वर का स्मरण करते हुए, आत्मा की शुद्धता का चिंतन करते हुए, सबके प्रति क्षमाभाव रखकर वह शांतिपूर्वक इस संसार से विदा हो गया। उसका जीवन एक मौन संदेश छोड़ गया- धन की कमी मनुष्य को केवल परेशान करती है, पर धन की अधिकता यदि विवेक से रहित हो जाए, तो वही धन मनुष्य को अहंकार, विलास और निर्दयता की ओर ले जाकर उसके पतन का कारण बन जाता है।

## आधुनिक युग में माता सीता की प्रासंगिकता और नारी सम्मान

भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक चेतना में माता सीता केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण, धैर्य, करुणा, असीम पवित्रता और नारी मर्यादा की ऐसी जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो युगों-युगों से नारी शक्ति को परिभाषित करती आई हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी ही कठिन क्यों न हों, यदि मन में धर्म, संयम और आत्मविश्वास अडिग हो, तो जीवन की हर अग्निपरीक्षा सार्थक बन जाती है। माता सीता का व्यक्तित्व स्त्री चेतना का वह स्वरूप प्रस्तुत करता है, जिसमें सौम्यता के साथ अडिग शक्ति का संतुलन दिखाई देता है।



श्वेता गोयल
लेखिका

माता सीता के प्राकट्य की कथा भारतीय परंपरा की सबसे दिव्य और अर्थपूर्ण कथाओं में से एक है। रामायण के अनुसार मिथिला में एक समय भयंकर अकाल पड़ा था। ऋषियों के परामर्श पर मिथिला के राजा जनक ने स्वयं हल चलाने का संकल्प लिया, जिससे धरती माता प्रसन्न हों और वर्षा हो। जब राजा जनक खेत जोत रहे थे, तब हल का अग्र भाग, जिसे 'सीत' कहा जाता है, धरती में गड़े एक स्वर्ण कलश से टकराया। उस कलश से एक दिव्य, तेजस्वी और अनुपम सौंदर्य से युक्त कन्या प्रकट हुई। निःसंतान राजा जनक ने उसे ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार किया। हल के अग्र भाग से उत्पन्न होने के कारण उनका नाम सीता पड़ा, राजा जनक की पुत्री होने के कारण वे जानकी कहलाईं और धरती से जन्म लेने के कारण भूमिजा। इस प्रकार माता सीता का जन्म स्वयं प्रकृति और धर्म के पवित्र मिलन का प्रतीक बन गया।

माता सीता का संपूर्ण जीवन त्याग, सहनशीलता और आत्मबल की जीवंत मिसाल है। राजमहल की सुख-सुविधाओं को छोड़कर वनवास स्वीकार करना, अपहरण, अकेलापन, लोकापवाद और कठोर परीक्षाओं को सहन करना-इन सबके बावजूद उन्होंने अपने चरित्र, आत्मसम्मान और धर्म से कभी समझौता नहीं किया। वे केवल भगवान राम की अर्धांगिनी नहीं थीं, बल्कि उनके धर्मपथ की सहचरी और नैतिक शक्ति भी थीं। उनका जीवन यह दर्शाता है कि नारी शक्ति मौन सहनशीलता नहीं, बल्कि मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता है।

माता सीता को आदर्श पत्नी, पुत्री और स्त्री के रूप



में देखा जाता है, लेकिन उनकी भूमिका इन पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे जाती है। वे संबंधों में समर्पण के साथ आत्मसम्मान का संतुलन स्थापित करती हैं। उनका आचरण यह सिखाता है कि प्रेम में भी स्वाभिमान आवश्यक है और त्याग का अर्थ आत्मविस्मरण नहीं होता। यही कारण है कि माता सीता आज भी पारिवारिक जीवन, सामाजिक संरचना और नैतिक मूल्यों की आधारशिला मानी जाती हैं।

भारतीय परंपरा में माता सीता को लक्ष्मी स्वरूप भी माना गया है-सुख, समृद्धि और स्थायित्व का प्रतीक। उनके व्यक्तित्व में बाहरी वैभव से अधिक आंतरिक समृद्धि का महत्व दिखाई देता है। यही संदेश आज के उपभोक्तावादी और भौतिकतावादी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। स्त्री को केवल सहनशील या त्यागमूर्ति के रूप में नहीं, बल्कि सृजन, संतुलन और सामाजिक शक्ति के केंद्र के रूप में देखने की दृष्टि माता सीता के जीवन से ही विकसित होती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, मानसिक तनाव और रिश्तों में बढ़ती जटिलताओं के बीच माता सीता का जीवन आत्मचिंतन की प्रेरणा देता है। वे सिखाती हैं कि धैर्य कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। जब मन स्थिर होता है, तो निर्णय स्पष्ट होते हैं और रिश्तों में मधुरता स्वतः विकसित होती है। यही कारण है कि आज भी ग्रामीण समाज से लेकर महानगरों तक, माता सीता का नाम पारिवारिक शांति और सामाजिक संतुलन से जुड़ा हुआ है।

माता सीता की आराधना केवल बाह्य पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके गुणों-संयम, करुणा, आत्मबल और सत्यनिष्ठा-को जीवन में उतारने का संकल्प है। यदि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, चाहे वह परिवार हो, समाज हो या व्यक्तिगत संघर्ष, तो जीवन की कठिन से कठिन राह भी सहज और अर्थपूर्ण बन सकती है। जिस प्रकार उन्होंने अशोक वाटिका में रहते हुए भी अपने आत्मसम्मान और धैर्य को अडिग रखा, वह हर युग के लिए एक प्रेरणास्रोत है। आज के समय में, जब नारी सम्मान, मानसिक संतुलन और संवेदनशील रिश्तों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है, माता सीता का जीवन हमें सच्ची शक्ति का अर्थ समझाता है-वह शक्ति जो भीतर से आती है और पूरे समाज को दिशा देती है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,065.75 | 25,867.30 |
| बढ़त | 485.35 | 173.60 |
| प्रतिशत में | 0.58 | 0.68 |

सोना 1,58,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, मंगलवार, 10 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2125, सचिन 2120, सूरज 2125, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1975, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2320, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2565

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4460, बहेड़ी 4300

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4400, मसूरी- 1400, बासमती- 8000-9200, परमल- 2700-3600

**दाल दलहन :** काला चना- 2800-4200, साबुत चना दाल- 1400, मूंग साबुत- 5400, राजमा- 9400-11000, दाल उड़द- 7400, साबुत मसूर दाल- 4000, मसूर दाल- 1400, उड़द साबुत- 10500, काबुली चना- 7500-10200, अरहर दाल- 10300 -12000, लोबिया/करमानी- 2800-4100

# भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता

## भारत पर लगा शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश की तुलना में कम



- समझौते के अनुसार अमेरिका भारत पर लगाए जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिए जाने से घरेलू निर्यातकों को शुल्क के मोर्चे पर तत्काल निश्चितता और बेहतर समझ मिलेगी। अमेरिका इस पेश रूपरेखा के अनुसार भारत पर लगाए जाने वाले जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। इससे पहले वह रूसी कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा चुका है। भारत पर लगाया शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में सबसे कम है।

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के साझेदार रुद्र कुमार पांडे ने कहा कि यह रूपरेखा हालिया शुल्क युक्तिकरण पर अत्यंत आवश्यक परिचालन स्पष्टता प्रदान करती है। रूपरेखा स्पष्ट रूप से पुष्टि करती है कि वस्त्र एवं परिधान, चमड़ा एवं जूते, प्लास्टिक व रबर, कार्बनिक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद तथा चयनित मशीनरी क्षेत्रों सहित कई प्रमुख भारतीय निर्यात क्षेत्रों पर 18 प्रतिशत की जवाबी शुल्क दर लागू होगी।

निर्यातकों के लिए यह रूपरेखा निश्चितता और बेहतर समझ प्रदान करती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 18 प्रतिशत शुल्क भारत को बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया और चीन जैसे प्रतिस्पर्धी निर्यातकों की तुलना में सापेक्ष लाभ की स्थिति में रखता है। इन देशों पर अमेरिकी शुल्क अपेक्षाकृत अधिक हैं।

उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों के लिए बाजार हिस्सेदारी में क्रमिक वृद्धि की उचित संभावना है। ऊर्जा, विमान एवं विमान कलपुर्जों, पूंजीगत वस्तुओं तथा प्रौद्योगिकी उत्पादों सहित पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान की खरीद की भारत की घोषित मंशा को बुनियादी ढांचा विस्तार, विमानन वृद्धि और डिजिटल अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप रणनीतिक आयात प्रतिबद्धता के रूप में देखा जाना चाहिए।

### गैर-शुल्क बाधाओं के हटने से बढ़ेगा मुक्त व्यापार

डेलॉयट इंडिया के साझेदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने पर ध्यान देने से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति में यह समग्र रूप से एक अत्यंत सकारात्मक विकास है और इससे भारतीय निर्यातकों को तात्कालिक तथा दीर्घकालिक दोनों ही अवधि में लाभ होगा। फ्लोरेंस शू कंपनी के चेयरमैन एवं ग्रैंड अटलांटिया पनपक्कम एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अकील पनारुना ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के जूता एवं चमड़ा क्षेत्र के लिए बड़ा प्रोत्साहन है। पहले भारतीय जूता निर्यात पर अमेरिका में 50% तक शुल्क था जिससे प्रतिस्पर्धात्मकता एवं दीर्घकालिक सोर्सिंग प्रभावित थी। नए समझौते से शुल्क युक्तिकरण, बाजार पहुंच की बहाली और भारतीय निर्माताओं को आत्मविश्वास के साथ निर्यात बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। हम तमिलनाडु में अपने 2,500 करोड़ रुपये के संयुक्त उद्यम का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। इसमें हमारे ताइवानी साझेदार शामिल हैं जो दुनिया के दूसरे एथलेटिक फुटवियर उत्पादकों में से हैं। निर्माणाधीन इकाई के अप्रैल तक पूरे होने की उम्मीद है। भविष्य में भी निवेश की योजना है और परिवार संचालित चमड़ा कारोबार का विस्तार जारी रहेगा।

# आयकर कानून का नया नियम अनुपालन बोझ को करेगा कम

- मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किए जाने की उम्मीद, नियमों की संख्या 35% घटाकर की 333, फॉर्म संख्या में 50% की कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नये आयकर कानून के लिए जारी नियमों का मसौदा एवं फॉर्म को काफी सरल बनाया गया है। इसमें नियमों की संख्या 35 प्रतिशत घटाकर 333 कर दी गई है जबकि फॉर्म की संख्या में 50%से अधिक की कटौती की गई है। इस पहल का मकसद करदाताओं के लिए प्रावधानों को सरल बनाना, अनुपालन बोझ को कम करना और व्यवस्था को करदाताओं के अनुकूल बनाना है।

आयकर विभाग के सूत्रों ने कहा कि नये मसौदा नियम और फॉर्म पर लोगों के सुझाव आने के बाद इसे मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कर विभाग ने बीते सप्ताह शनिवार को नये आयकर कानून, 2025 के तहत नियमों का मसौदा एवं फॉर्म जारी किये थे। आयकर विभाग ने 22 फरवरी तक आयकर नियम, 2026 के मसौदा नियम और फॉर्म पर संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं। नया आयकर कानून, 2025 एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

# नकद जमा में पैन के उल्लेख को लेन-देन सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव

- सीबीडीसी को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर किया शामिल

**नई दिल्ली।** आयकर नियम के मसौदे में बैंकों में नकद जमा/निकासी, गाड़ी व संपत्ति खरीदने और होटल बिल भुगतान के लिए पैन का उल्लेख करने को लेकर लेन-देन सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव है।

मसौदे में नियोक्ताओं द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का मूल्य बढ़ाने और क्रिप्टो एक्सचेंज के लिए कर विभाग के साथ जानकारी साझा करना अनिवार्य करने का भी प्रस्ताव है। इसमें केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर भी शामिल किया गया है। मसौदा नियम में आवास किराया भत्ते (एचआरए) का दावा करने के मकसद से बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को शामिल करने

# 2026-27 में जीडीपी रहेगी 6.4% : मूडीज

- रेटिंग एजेंसी ने जी-20 देशों में तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आगामी वित्त वर्ष में 6.4% रहने का अनुमान है जो घरेलू खपत में मजबूती, नीतिगत उपायों और स्थिर बैंकिंग प्रणाली के दम पर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में ये बात कही।

मूडीज ने बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बनी रहेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में कुछ दबाव देखने को मिल सकता है। इसके बावजूद, बैंकों के पास ऋण नुकसान को झेलने के लिए पर्याप्त भंडार है। मजबूत व्यापक आर्थिक परिस्थितियों और संरचनात्मक सुधारों के समर्थन से 2026 में बैंकों के लिए परिचालन माहौल मजबूत रहेगा। 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी दर 6.4% रहेगी जो मजबूत घरेलू खपत एवं नीतिगत उपायों से सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का युक्तिकरण और इससे पहले व्यक्तिगत आयकर की सीमा बढ़ाए जाने से उपभोक्ताओं की वहन क्षमता सुधरेगी एवं खपत आधारित वृद्धि को समर्थन मिलेगा। 2026-27 के लिए मूडीज का यह अनुमान वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में जताई गई 6.8-7.2 प्रतिशत की सीमा से कम है।




### 2025-26 में वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना

आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत की वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना है जो 2024-25 में दर्ज 6.5% से अधिक है। मूडीज ने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने और वृद्धि की गति मजबूत बने रहने से वह उम्मीद करता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 2026-27 में मौद्रिक नीति में और ढील तभी देगा, जब आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिलेंगे। आरबीआई ने 2025 में अपनी नीतिगत दर में 1.25% की कटौती कर इसे 5.25% कर दिया है। मूडीज के अनुसार, समूची बैंकिंग प्रणाली में ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2026-27 में मामूली बढ़कर 11-13% रह सकती है जो 2025-26 में अब तक 10.6% रही है।

# पीएसबी का लाभ 18% बढ़कर 52,603 करोड़

- एसबीआई का 52,603 करोड़ के लाभ में 40% का योगदान

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 52,603 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभ कमाया है। यह सालाना आधार पर 18% की वृद्धि है।

सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) ने मिलकर 2024-25 की दिसंबर तिमाही में 44,473 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के मुकाबले लाभ में कुल मिलाकर 8,130 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। एसबीआई ने अकेले 52,603 करोड़ के कुल लाभ में 40% का योगदान दिया। स्टेट बैंक का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 21,028 करोड़ रुपये रहा।

# भारत-अमेरिका समझौते से सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

- बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन

**मुंबई, एजेंसी**

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उत्साह और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।



बीएसई सेंसेक्स 485.35 अंक बढ़कर 84,065.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 734.28 अंक चढ़ा था। वहीं, एनएसई निफ्टी 173.60 अंक बढ़कर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में एसबीआई, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, सन फार्मा और एशियन पेंट्स में तेजी हुई। पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एचडीएफसी, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.31 और मिडकैप 1.27 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक सबसे अधिक 2.83 प्रतिशत चढ़ा।



# राहुल को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति

## लोकसभा : कांग्रेस सदस्यों के हंगामे से सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए की गई स्थगित



- राहुल गांधी का दावा- लोस अध्यक्ष ने अपनी बात रखने की अनुमति देने का किया वादा



- संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू बोले- कांग्रेस नेता की बात सही नहीं अध्यक्ष ने विषय बताने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में बजट पर चर्चा से पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अन्य विषय पर आसन से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बीच कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बजट पर चर्चा से पहले अपनी बात रखने की अनुमति देने का वादा किया है, वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि कांग्रेस नेता की बात सही नहीं है और अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता से कहा था कि पहले वह विषय बताएं जो वह सदन में उठाना चाहते हैं।

दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने केंद्रीय बजट पर चर्चा के लिए कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम पुकारा। थरूर ने उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने देने की अनुमति मांगी। पीठासीन सभापति ने कहा कि यदि नेता प्रतिपक्ष बजट पर चर्चा में भाग लेना चाहते हैं तो वह बात रख सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ देर पहले लोकसभा अध्यक्ष के पास कक्ष में कांग्रेस के सदस्य गए थे और बिरला ने हमें वादा किया था कि मुझे बजट पर चर्चा से पहले बोलने की अनुमति दी जाएगी। लेकिन अब वह पीछे हट रहे हैं। पीठासीन सभापति संध्या राय ने कहा कि उनके पास किसी तरह का नोटिस नहीं है और वर्तमान स्थिति में वह केवल बजट पर बोलने की अनुमति दे सकती हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की बैठक में वह भी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने पहल की थी कि अगर सभी पक्ष मान जाएं तो सदन चलना चाहिए। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने जब बैठक में कहा कि नेता प्रतिपक्ष सदन में कुछ बोलना चाहते हैं तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जब वह विषय बताएंगे, तब अनुमति दी जाएगी, इसलिए राहुल गांधी ने स्पीकर से वादा किए जाने की जो बात कही है वह सही नहीं है। रीजीजू ने कहा कि अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगर वह नेता प्रतिपक्ष को बोलने का अवसर देंगे तो अन्य दलों के नेताओं को भी मौका देंगे और सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री पक्ष रखेंगे। हम सरकार की ओर से हमेशा तैयार हैं।

### बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव का नोटिस देने की तैयारी में विपक्ष

विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने की तैयारी में है और इसके लिए सदन के सदस्यों के हस्ताक्षर लिए जाने की प्रक्रिया जारी है। सूत्रों ने बताया कि सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत नहीं देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 94सी के तहत यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सदन में की टिप्पणियों को लेकर उन पर कार्रवाई शुरू नहीं करने और कांग्रेस की महिला सांसदों पर बिना साक्ष्य के आरोप लगाने के मामले में भी अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव के लिए नोटिस देने पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही लोकसभा में एक वैधानिक प्रस्ताव लाया जा सकता है। विपक्ष प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा के 100 सदस्यों के हस्ताक्षर लेने का प्रयास कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दोपहर दो बजे तक करीब 20 सांसदों ने प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए थे तथा 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने के बाद इसे लोकसभा सचिवालय को सौंपा जाएगा।

### राहुल को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भी हंगामा, विपक्ष का बहिर्गमन

लोकसभा में राहुल गांधी को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। प्रश्नकाल शुरू होते ही दोपहर 12 बजे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह मुद्दा उठाया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वह दूसरे सदन में हुई घटनाओं पर चर्चा न करें। खरगे ने कहा कि वह संविधान से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं और संसद दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर बनी है। उन्होंने कहा कि निचले सदन में नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हालांकि, सभापति ने लोकसभा से संबंधित इस मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी और कहा कि खरगे द्वारा कही कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। सभापति ने प्रश्नकाल की कार्यवाही आगे बढ़ाई, लेकिन खरगे और अन्य विपक्षी नेता बोलने की मांग करते रहे।

# बजट : उच्च सदन में पक्ष विपक्ष आमने सामने

## बजट में पूंजीगत व्यय में कमी का दावा गलत : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बजट में पूंजीगत व्यय कम करने के कांग्रेस के आरोप को खारिज करते हुए भाजपा सांसद अरुण सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कमी लाए बिना राजकोषीय घाटे को कम करने की घोषणा की है, जो सराहनीय है। उच्च सदन में आम बजट 2026-27 पर चर्चा में भाग लेते हुए अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में बजट का कुल आकार 16.65 लाख करोड़ था। उन्होंने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की आलोचना को खारिज कर दिया कि बजट में पूंजीगत व्यय को कम किया गया है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि बजट में साढ़े बारह लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय है, जो कांग्रेस नीत सरकार के समय दो से ढाई लाख करोड़ के बीच थी। केंद्र सरकार आगामी वित्त वर्ष में 17.72 करोड़ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खर्च करने जा रही है जबकि 4.5 करोड़ की सब्सिडी दी जाएगी। जीएसटी में सुधार से देशवासियों को एक लाख करोड़ का लाभ हुआ। एक तरफ खर्च बढ़ाना और दूसरी तरफ जीएसटी के माध्यम से लोगों को लाभ देना, उसके बावजूद यदि अगले साल के लिए 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा गया है तो वह वित्त मंत्री की इस बात के लिए अभिनंदन करना चाहते हैं कि किसी भी प्रकार से पूंजीगत व्यय में कटौती नहीं की गयी। इससे पहले बजट 2026-27 पर उच्च सदन में चर्चा शुरू करते हुए कांग्रेस नेता चिदंबरम ने इस बात पर चिंता जतायी थी कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है।

### पूंजीगत व्यय बढ़ाने को कुछ नहीं: चिदंबरम

राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने घटते पूंजीगत व्यय पर चिंता जताते हुए कहा कि आम बजट में इसे बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया गया तथा यह एक ऐसा बजट है जिसे भुला दिया जाना चाहिए। उच्च सदन में चिदंबरम ने बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है। 1,44,376 करोड़ के पूंजीगत व्यय में कमी की गयी हैं, जिसमें केंद्र के पूंजीगत व्यय में 25,335 करोड़ तथा राज्यों के पूंजीगत व्यय में 1,19,041 करोड़ रुपये की कमी हुई है।

### बजट वास्तविक स्थिति से बिल्कुल उलट है : विपक्ष

सरकार पर बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने तथा उसके अनुकूल काम न करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के सदस्य ने सोमवार को राज्यसभा में दावा किया कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है। उच्च सदन में बजट 2026-27 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है, शायद इसीलिए इस बजट को खोदा पहाड़ निकली चुहिया कहा जा रहा है। सपा की जया बच्चन ने कहा कि वह फिल्म उद्योग से आती हैं और यह उद्योग सबसे अधिक आयकर तथा जीएसटी देता है। बजट में इस उद्योग को राहत की उम्मीद थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान ने सरकार से जानना चाहा कि पिछले साल भी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का बजट 46 हजार करोड़ रुपये रखा गया था, इस बार भी इतना ही है जबकि अन्य राज्यों के बजट में 12 से 18 फीसदी की वृद्धि की गई है। आम आदमी पार्टी के डॉ अशोक मित्तल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और इस बजट में विरोधाभास हैं। बजट पर चर्चा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्य जी के वासन, बीजू जनता दल के निरंजन बिशी, अन्नाद्रमुक के एम धनपाल और मनोनीत सदस्य मीनाक्षी जैन ने भी हिस्सा लिया। चर्चा अधूरी रही।

# आतंकवाद के आरोपी रहमान की फरीदाबाद जेल में हत्या

- जम्मू कश्मीर से आए कैदी की रहमान से नीमका जेल में हुई झड़प
- फैजाबाद के रहमान पर है अयोध्या विस्फोट की साजिश का आरोप

**फरीदाबाद(हरियाणा), एजेंसी**

फरीदाबाद जिले की नीमका जेल में बंद आतंकवाद के आरोपी अब्दुल रहमान की कारागार में झड़प के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जम्मू कश्मीर से इस जेल में स्थानांतरित किए कैदी अरुण चौधरी ने रहमान की हत्या कर दी। जेल में रविवार रात दो कैदियों के बीच विवाद होने के बाद यह घटना हुई।

जम्मू कश्मीर के चौधरी ने रहमान पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले के मिल्कीपुर निवासी रहमान 2025 में अपनी गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद था। उसे गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ता और हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने फरीदाबाद के पास पाली गांव से पकड़ा था। रहमान के खिलाफ फरीदाबाद के डबुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज थी। उसकी गिरफ्तारी के समय, अधिकारियों ने बताया था कि रहमान अयोध्या में विस्फोट को अंजाम देने की साजिश में शामिल था। एसटीएफ ने बताया था कि उसके तार आईएसआई से जुड़े होने का संदेह है।

# वकील से मारपीट पर सीजेआई बोले- गुंडा राज अस्वीकार्य



- तीस हजारी अदालत में एडीजे की अदालत में आरोपी के वकील पर हमले का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि हमें गुंडा राज अस्वीकार्य है और उन्होंने सात फरवरी को एक जिला अदालत के कक्ष में मारपीट का आरोप लगाने वाले वकील को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने के लिए कहा। एक वकील ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया।

वकील ने कहा कि तीस हजारी अदालत में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) हरजीत सिंह पाल की अदालत में मैं आरोपी की ओर से पेश हुआ था। शिकायतकर्ता के वकील ने कई गुंडों के साथ मिलकर मुझ पर हमला किया। उन्होंने मुझे पीटा और न्यायाधीश वहीं बैठे थे। अदालत के सभी सदस्य वहां मौजूद थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि यह घटना सात फरवरी को हुई थी। क्या आपने इसकी सूचना दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दी ? मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखें और मुझे भी इसकी सूचना दें। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संज्ञान लें। कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर होगी।

### शराब घोटाला : चैतन्य बघेल की जमानत पर एक हफ्ते बाद सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह चैतन्य बघेल को शराब घोटाले के मामलों में मिली जमानत को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। चैतन्य, पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजारिया की पीठ को छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने बताया कि चैतन्य बघेल को जमानत मिलने के बाद मामले के महत्वपूर्ण गवाहों में से एक सामने नहीं आ रहा है। ईडी ने संबंधित धन शोधन मामले में चैतन्य बघेल की जमानत को अलग से चुनौती दी है।

### मेटा-व्हाट्सएप गोपनीयता नीति पर सुनवाई 23 तक स्थगित

उच्चतम न्यायालय ने मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप की उन याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को 23 फरवरी तक स्थगित कर दी जो गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई हैं। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं एनवी अंजारिया की पीठ से कहा गया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और इसलिए सुनवाई स्थगित कर दी जानी चाहिए। वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए दायर याचिकाओं पर 23 फरवरी को सुनवाई करेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल: जेन जी आंदोलन के जांच आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ा

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने पिछले साल जेन जी विरोध प्रदर्शन के दौरान अत्यधिक बल प्रयोग की जांच के लिए गठित आयोग का कार्यकाल सोमवार को 25 दिनों के लिए और बढ़ा दिया। यह तीसरी बार है जब जांच आयोग की समय सीमा बढ़ाई गई है। आयोग के प्रवक्ता एवं सदस्य विज्ञान राज शर्मा ने कहा कि मंत्रिपरिषद की एक बैठक में समय सीमा 11 मार्च तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। आयोग का कार्यकाल बुधवार यानी 11 फरवरी को समाप्त हो रहा था। पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व में तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था।

### ईशनिंदा : पाकिस्तान में पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत की सजा रद्द

**लाहौर।** लाहौर उच्च न्यायालय ने ईशनिंदा के मामले में एक पूर्व सैन्य अधिकारी को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को रद्द करते हुए सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया है। एक सत्र न्यायालय ने पिछले साल पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर रावलपिंडी शहर में पैगंबर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कर्नल (सेवानिवृत्त) मुहम्मद आरिफ को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी। इस मामले में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान नामक कट्टरपंथी इस्लामी संस्थान के एक कार्यकर्ता ने शिकायत की थी। हाल ही में शहबाज शरीफ सरकार ने इस संगठन को प्रतिबंधित किया है।

### टोरंटो में भारतीय कनाडाई व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा के टोरंटो में एक व्यस्त शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में 37 वर्षीय एक भारतीय-कनाडाई व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस संबंध में रविवार को जारी एक बयान में टोरंटो पुलिस ने मृतक की पहचान ब्रैम्पटन निवासी चंदन कुमार राजा नंदकुमार के रूप में की है। बयान के अनुसार, शनिवार को दोपहर लगभग 3 :31 बजे पुलिस को रेक्सडेल बुलेवार्ड और राजमार्ग 27 पर स्थित वुडबाइन शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में गोलीबारी की सूचना मिली।

# एप्स्टीन से संबंधों के खुलासे के बाद जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत का इस्तीफा

**ओस्लो, एजेंसी**

- इस्तीफा देने के बाद भी जूल के खिलाफ जांच कराएगी सरकार

नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को सही और आवश्यक बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क गंभीर निर्णयात्मक चूक को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था।

मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी बताया कि उसने उस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति संस्थान को दिए गए अनुदानों और उससे हुए संपर्कों की समीक्षा शुरू की है, जब जूल के पति टेर्जे रोड-लार्सन इस संस्था के प्रमुख थे।

## तेल आयात: भारत के लाभ और हानि

कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति का परिदृश्य एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। इसमें एक तरफ अमेरिका अपनी तेल उत्पादन क्षमता के कारण दुनिया का नेतृत्व कर रहा है, दूसरी तरफ ओपेक प्लस देशों की बाजार हिस्सेदारी कम हो रही है। भारत के लिए यह स्थिति रणनीतिक बदलावों की है, जिसमें वह रूस पर निर्भरता कम करते हुए अमेरिका और दूसरे देशों से आयात बढ़ाकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा के उपाय कर रहा है। तेल आयात का मुद्दा चूंकि सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि भू रणनीतिक मुद्दों से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए कई नई तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। पिछले कुछ सालों में अमेरिका रूस और सऊदी अरब को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश भी बन चुका है। इसी के साथ उसने वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है जो अलग किस्म की चुनौती है।

## रूस बनाम अमेरिका



### बदलता वैश्विक परिदृश्य

- वर्तमान वैश्विक तेल बाजार में मांग से अधिक आपूर्ति होने की संभावना है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार 2026 में वैश्विक तेल आपूर्ति मांग से लगभग 3 .85 मिलियन बैरल प्रतिदिन अधिक हो सकती है।
- ओपेक प्लस की बाजार हिस्सेदारी 2016 में 53% थी जो 2025 और 2026 में गिरकर 46% होने का अनुमान है। यह रूस और वेनेजुएला जैसे देशों पर प्रतिबंधों और अमेरिका के बढ़ते उत्पादन के कारण है।

### भारत के लिए बदलती स्थितियां

- अमेरिका से व्यापार समझौते के बाद भारत ने रूसी तेल के आयात में कटौती शुरू कर 50% तक कम कर दिया है।
- भारत ने पांच वर्षों में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर मूल्य के ऊर्जा व तकनीकी उत्पाद खरीदने की योजना बनाई है।
- भारत अब नाइजीरिया, अंगोला और वेनेजुएला जैसे देशों से भी तेल आयात कर रहा है। इससे तेल आयात बिल बढ़ेगा।

### दुनिया पर हावी अमेरिका

- अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित कर रहा है।
- अमेरिका ने 2024 में 13 .2 मिलियन बीपीडी औसत उत्पादन किया, अब 13 .6 मिलियन उत्पादन का अनुमान।
- अमेरिका कोटा से बंधा नहीं है, 2015 से 2024 के बीच वैश्विक आपूर्ति में वृद्धि का 90% अकेले पूरा किया है।
- ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर रहा है। भारत पर रूसी तेल खरीदने पर 25% अतिरिक्त टैरिफ उदाहरण।

### रूस से आयात न करने का असर

- अनुमान के अनुसार रूस से आयात बंद करने पर भारत का वार्षिक तेल आयात बिल 9 बिलियन से 11 बिलियन डॉलर तक बढ़ सकता है।
- अमेरिका या लैटिन अमेरिका से तेल मंगाना महंगा है। अमेरिकी खाड़ी तट से भारत तक तेल पहुंचने में 54 दिन लगते हैं, रूस से केवल 36 दिन।
- भारतीय रिफाइनरी रूस के मीडियम-सोर तेल को प्रोसेस करने के लिए अनुकूल हैं। अमेरिकी तेल के लिए सेटिंग्स बदलना महंगा पड़ेगा।

### रणनीतिक चुनौती

- रूस से तेल बंद करना भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के लिए चुनौती माना जा सकता है। अमेरिका के दबाव में आने का संकेत दुनिया में जाने का खतरा।
- रूस भारत का पुराना रक्षा और कूटनीतिक साझेदार है। तेल आयात बंद करने से इन दोनों क्षेत्रों में तनाव पैदा हो सकता है।

### वैश्विक प्रभाव

- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, रूसी तेल आयात बंद करने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं।

# सेंगर की याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करने का निर्देश

## दिल्ली हाईकोर्ट को तीन महीने में अपील का निस्तारण करने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट को उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली याचिका पर निर्धारित तारीख से पहले सुनवाई करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि इस पर तीन महीने के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हाईकोर्ट के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली सेंगर की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार की ओर से दायर की गई कोई अपील हो तो उस पर भी सेंगर की याचिका के साथ हाईकोर्ट को सुनवाई करनी चाहिए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें 10 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया गया था। सीजेआई ने पीड़ित के वकील की ओर से मीडिया में बयान देने पर नाराजगी जताई। कहा, हम किसी अलग-थलग जगह पर नहीं बैठे हैं। हम जानते हैं कि बाहर 'मीडिया ट्रायल' चल रहा है। उन्होंने कहा कि वह अदालत के बाहर किसी भी तरह की समानांतर सुनवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत बढ़ाने की सेंगर की भाई की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई की उस याचिका पर सोमवार को सीबीआई से जवाब तलब किया, जिसमें उसने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में अंतरिम जमानत तीन महीने और बढ़ाने का अनुरोध किया है। जयदीप सेंगर के वकील ने कहा कि अंतरिम जमानत की अवधि 11 फरवरी को समाप्त हो रही है और याचिकाकर्ता मुंह के कैंसर से पीड़ित होने के कारण जमानत बढ़ाने का अनुरोध करता है। जयदीप को एक निचली अदालत ने मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी।

### वांगचुक की हिरासत की समीक्षा में अभी कोई प्रगति नहीं... केंद्र ने कोर्ट से कहा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि सोनम वांगचुक की हालत बिल्कुल ठीक है और हिरासत में रहने के दौरान उन्हें एम्स जोधपुर से सर्वोत्तम उपचार मिल रहा है। केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ को यह भी बताया कि वांगचुक की हिरासत की समीक्षा के संबंध में अभी कोई प्रगति नहीं हुई है। न्यायमूर्ति वराले ने कहा कि पिछली बार भी यही दलील दी गई थी। उन्होंने कहा, समस्याएं हैं और इससे आप भी इन्कार नहीं कर रहे हैं। डॉक्टर का भी कहना है कि समस्या है और इलाज चल रहा है। इस पर नटराज ने कहा, वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, जयपुर इलाज के लिए लद्दाख से बेहतर जगह है। इस पर न्यायमूर्ति वराले ने कहा, आप ऐसा नहीं कह सकते। पीठ ने वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें रासुका 1980 के तहत उनकी हिरासत को अवैध घोषित करने की मांग की गई है। पीठ ने स्पष्ट किया कि आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा।

## वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण और मजबूत करेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण मजबूत करने और फलस्तीनी प्राधिकरण की पहले से ही सीमित शक्तियों को कमजोर करने वाले कदमों को मंजूरी दी। दक्षिणपंथी वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच के कार्यालय ने कहा कि ऐसे फैसले लिए गए हैं जिनसे यहूदी बस्तियों के लिए फिलिस्तीनियों को जमीन छोड़ने के लिए मजबूर करना आसान हो जाएगा।

उसने एक बयान में कहा, हम फिलिस्तीनी राष्ट्र के विचार को खत्म करना जारी रखेंगे। निगरानी समूह ''पीस नाउ'' के शोधकर्ता योनातन मिजराची ने कहा कि इस फैसले को लागू करने के लिए ''वेस्ट बैंक'' के लिए इजराइल के शीर्ष कमांडर की मंजूरी की आवश्यकता है। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने एक बयान में इस फैसले को खतरनाक और बस्ती विस्तार एवं भूमि अधिग्रहण को वैध बनाने का इजराइल का खुला प्रयास करार दिया। उन्होंने अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से तत्काल हस्तक्षेप करने का आह्वान किया।

# भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मोदी ने कहा- विश्वास की साझा दृष्टि से जुड़े हैं भारत व सेशेल्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक बातचीत की जिसके बाद भारत ने सोमवार को इस द्वीप राष्ट्र को विकास सहायता के रूप में 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की। दोनों पक्षों ने सतत विकास, व्यापार, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक व्यापक दृष्टिपत्र पर भी सहमति व्यक्त की।

हर्मिनी भारत की छह दिवसीय यात्रा पर आए हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में सेशेल्स भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी देश है। मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, भारत और सेशेल्स केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए साझा दृष्टि से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत आधारशिला रही है। उन्होंने कहा, हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, आज हम 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करने जा रहे हैं।

मोदी ने कहा कि यह पैकेज ठोस परियोजनाओं को समर्थन देगा, जो सामाजिक आवास, परिवहन सुविधा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लागू की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संबंधों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, भारत-सेशेल्स संबंधों की सबसे बड़ी ताकत हमारे लोगों के बीच के संबंध हैं।

## हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को 20 वर्ष कारावास

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज एवं चीन के मुखर आलोचक जिमी लाई को सोमवार को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। लाई को चीन की ओर से लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। यह इस कानून के तहत अब तक दी गई सबसे लंबी सजा है। इस कानून ने हांगकांग में असंतोष की आवाजों को लगभग पूरी तरह दबा दिया है।



- प्रेस की स्वतंत्रता का पतन, चीन के मुखर आलोचक रहे हैं लाई

लाई के खिलाफ मुकदमे को व्यापक पैमाने पर हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता के पतन के एक संकेत के रूप में देखा गया है। उन पर ''एप्पल डेली'' के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ मिलकर, हांगकांग या चीन के खिलाफ प्रतिबंध लगाने या उनके विरुद्ध अन्य शत्रुतापूर्ण गतिविधियों में शामिल होने का विदेशी ताकतों से आग्रह करने का आरोप लगाया गया है। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में अधिकतम आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती थी। लाई को इस मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई है। लाई के पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। उनके सह-आरोपियों को छह साल तीन महीने से लेकर 10 साल कारावास तक की जेल की सजा मिली है।

सजा सुनाए जाने के समय लाई मुस्कुराए और समर्थकों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। जब उनसे पूछा गया कि वह इस फैसले को चुनौती देंगे तो उनके वकील ने कहा कि वे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। लाई को सजा सुनाने से चीन और विदेशी सरकारों के बीच तनाव पैदा हो सकता है। लाई की दोषसिद्धि की अमेरिका और ब्रिटेन ने आलोचना की थी।

## वेनेजुएला में जेल से रिहा होते ही मचाडो के करीबी सहयोगी पाब्लो का अपहरण

**काराकस।** वेनेजुएला में विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाडो ने कहा है कि उनके सबसे करीबी सहयोगियों में से एक जुआन पाब्लो गुआनिपा का जेल से रिहा होने के कुछ ही घंटों बाद अपहरण कर लिया गया है। सरकार ने राजनीतिक रूप से प्रेरित लंबी हिरासत के बाद रविवार को कई विपक्षी सदस्य रिहा किए थे, जिनमें गुआनिपा भी शामिल थे।

मचाडो ने सोशल मीडिया पर बताया कि गुआनिपा का मध्यरात्रि राजधानी काराकस से अपहरण कर लिया गया। चार वाहनों में आए भारी हथियारबंद पुरुषों ने उन्हें हिंसक तरीके से अगवा कर लिया। विपक्षी नेताओं की रिहाई ऐसे समय में हुई है जब कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की सरकार पर उन सैकड़ों लोगों को रिहा करने का दबाव बढ़ रहा है जिनकी गिरफ्तारी महीनों या वर्षों पहले उनकी राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ी हुई थी।

## ईरान में अब सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी हस्तियों को हिरासत में लेने का अभियान

**दुबई।** ईरानी सुरक्षा बलों ने देश में जारी सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी प्रमुख हस्तियों को हिरासत में लेने के लिए अभियान शुरू कर किया। सुरक्षा बलों के इस कदम से दमनकारी कार्रवाई और भी तेज हो गई है।

इससे पहले अधिकारियों ने हिंसा के जरिए देशव्यापी प्रदर्शनों को दबा दिया था। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए थे और हजारों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया था। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर सात साल से अधिक जेल की एक और सजा सुनाई गई है। ईरान सरकार अशांति के खिलाफ बगावत करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को चुप करा रही है क्योंकि ईरान, अमेरिका के साथ नई परमाणु वार्ता का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो वह देश पर हमला कर सकते हैं।

## नाइजीरिया में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की जान गई

**कानो।** उत्तरी नाइजीरिया में एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

कानो के गवर्नर कार्यालय के बयान के अनुसार, लापरवाही से वाहन चला रहे ट्रक चालक ने कानो के गेजावा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के क्वानार बार्डे कस्बे में एक राजमार्ग पर ट्रक ने नियंत्रण खो दिया जिससे 30 लोगों की मौत हो गई। ट्रक रविवार तड़के कानो के गुजुंगु कस्बे की ओर कुछ यात्रियों को ले जा रहा था तभी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गवर्नर के प्रवक्ता के अनुसार गंभीर घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## थाईलैंड : अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का एलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने संसदीय चुनाव जीत लिए हैं।

चर्नविराकुल ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग की ओर से 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया। पीपुल्स पार्टी दूसरे और फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व, पीपल्स पार्टी के नेता नत्ताफोंग रुंगपान्यावुत ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उनकी पार्टी नतीजों को स्वीकार करती है।

# बच्चों के यौन शोषण पर घिरा मेटा, अमेरिका में शुरू हुई सुनवाई

**सांता फे, एजेंसी**

- बच्चों के यौन शोषण के खतरों के बारे में भ्रामक जानकारी देने का है आरोप

मेटा के खिलाफ, सोशल मीडिया पर बच्चों के यौन शोषण के खतरों और अपने प्लेटफॉर्म की सुरक्षा को लेकर भ्रामक जानकारी देने के आरोपों से जुड़े मुकदमे की सुनवाई न्यू मैक्सिको में सोमवार से शुरू हो गई। यह बच्चों को होने वाले नुकसान को लेकर मेटा समेत प्रमुख सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ दायर मुकदमों की श्रृंखला में पहली स्वतंत्र सुनवाई है।




सुनवाई के दौरान ऑनलाइन मौजूद आपत्तिजनक सामग्री और उसके प्रभावों पर विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है। न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज़ ने वर्ष 2023 में मेटा के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। मुकदमे में कहा गया है कि मेटा जानबूझकर बच्चों को यौन शोषण और मानसिक स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के दोहरे खतरों के सामने उजागर करता है और इसका उद्देश्य मुनाफा कमाना है। मेटा ने सभी आरोपों से इन्कार करते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष चुनिंदा सबूतों के जरिए सनसनीखेज दलीलें पेश कर रहा है। मेटा ने जांच को संदिग्ध बताते हुए आरोप लगाया कि फर्जी खातों में बच्चों की तस्वीरों का इस्तेमाल कर और जांच से जुड़ा डेटा नष्ट किया गया।

मेटा ने यह भी कहा कि वह लंबे समय से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उसने कई सुरक्षा फीचर विकसित किए हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग इस मुकदमे में गवाही देंगे या नहीं।

### यौन अपराधियों के अनुकूल माहौल बनाने का है आरोप


अभियोजन पक्ष का कहना है कि जांच के दौरान अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर बच्चों के रूप में फर्जी खाते बनाकर यह दर्ज किया कि किस तरह यौन प्रस्ताव भेजे गए और उन पर मेटा ने कैसी प्रतिक्रिया दी। मेटा फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप का स्वामी है। अभियोजकों का आरोप है कि मेटा के एल्गोरिद्म और अकाउंट फीचर युवाओं को सोशल मीडिया की ओर आकर्षित करते हैं और बच्चों का यौन शोषण करने वाले अपराधियों के लिए अनुकूल माहौल बनाते हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 07 .27 तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 07 .55 तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** - आज आप धर्म-कर्म में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। किन्तु कई बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शान्त रखें तथा अच्छी संगत में रहें। अचल संपत्ति के विवाद शांत होंगे। कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृष** - आज आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी। व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए।

**मिथुन** - आज बच्चों के ऊपर आप क्रोधित हो सकते हैं। आज प्रेमीजन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा।

**कर्क** - आज कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत अधिक अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**सिंह** - आज मन में कुछ नया और प्रयोगवादी करने की इच्छा होगी। रुके हुये बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। व्यापार में कुछ नया करने का विचार जन्म ले सकता है। अधिकारी आपके ऊपर कुछ अधिक निर्भर रहेंगे।

**कन्या** - आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अंग बनायें। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**तुला** - आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज अपनी जीवनशैली में परिवर्तन न करें। दिन का शुरुआती भाग आपके लिए अत्यन्त सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**धनु** - आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे उसका परिणाम आपको तुरंत प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मकर** - आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से आप संतुष्ट रहेंगे। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आज आप अपने काम का पूरी तरह से आनंद नहीं ले पायेंगे।

**कुंभ** - आज कार्यक्षेत्र में कुछ अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए। घर में आज अचानक मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**मीन** - आज स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। दोस्तों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

## सुडोकू -57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

### सुडोकू - 56 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |



“अगर हम अपनी ताकत पर टिके रहते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हम किसी पर भी दबाव डाल सकते हैं। बेशक हम जानते हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ यह मुश्किल होगा। वे एक विश्व स्तरीय टीम हैं।
–रिची बेरिंगटन, स्कॉटलैंड के कप्तान



## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| नामीबिया-नीदरलैंड्स | पूर्वाह्न 11 बजे |
| न्यूजीलैंड-यूएई | दोपहर 3 बजे |
| पाकिस्तान-अमेरिका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट



अभ्यास सत्र के दौरान नीदरलैंड्स के माइकल लेविट। एजेंसी

### नीदरलैंड्स का मैच नामीबिया से आज

**नई दिल्ली/कोलंबो।** पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुकाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। मैच सुबह 11:00 बजे शुरू होगा।

### कर्नाटक रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत उत्तराखंड से होगी।

### मनु को 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर सोमवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचकर रोमांचक शूट ऑफ में पिछड़ गईं जिससे उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि उनकी साथी भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह को कांस्य पदक मिला। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र के सबसे करीब मुकाबले में से एक में स्वर्ण पदक विजेता एनगुयेन थुय ट्रंग और मनु दोनों ने फाइनल में समान 35 का स्कोर किया।

### सुधीर ने किकबॉक्सिंग कप में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारतीय किकबॉक्सिंग के उभरते सितारे सुधीर सक्सेना ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाते हुए 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप में रजत पदक अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम (के.डी. जाधव इंडोर हॉल) में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा किया गया।

# दक्षिण अफ्रीका ने एकतरफा मुकाबले में कनाडा को 57 रनों से परास्त किया

## टी-20 विश्व कप : कप्तान एडेन मार्करम ने खेली आक्रामक अर्धशतकीय पारी

अहमदाबाद, एजेंसी

कप्तान एडन मार्करम (59), डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) की शानदार पारियों के बाद लुंगी एन्गिडी (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के नौवें मुकाबले में कनाडा पर 57 रनों से जीत दर्ज की। 214 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी कनाडा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 45 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। दिलप्रीत सिंह (शून्य) लुंगी एन्गिडी की पहली ही गेंद पर आउट हुए। तीसरे ओवर में लुंगी एन्गिडी ने युवराज सामरा (12) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

लुंगी एन्गिडी का तीसरा शिकार निकोलस कीरटॉ (चार) बने। छठें ओवर में कगिसो रबाडा ने श्रेयस मोव्वा (नौ) को बोल्ड आउट किया। 15वें ओवर में लुंगी एन्गिडी ने हर्ष ठाकर को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को पांचवी सफलता दिलाई। हर्ष ठाकर ने 29 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाकर 33 रन बनाये। 18वें ओवर में मार्को यानसन ने साद बिन जफर (11) को आउट किया। अगली ही गेंद पर यानसन ने जसकरण सिंह (शून्य) का शिकार कर लिया। 20वें ओवर की पहली गेंद पर कॉर्बिन बॉश ने नवनीत धालीवाल को आउट कर कनाडा को आठवां झटका दिया। धालीवाल ने 49 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 64 रनों की पारी खेली कनाडा की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 156 रन ही बना सकी और 57 रनों से मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एन्गिडी ने चार विकेट लिए। मार्को यानसन को दो विकेट मिले। कॉर्बिन बॉश और कगिसो रबाडा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



एक-दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर व ट्रिस्टन स्टब्स। एजेंसी

इससे पहले आज यहां कनाडा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए एडन मार्करम और क्विंटन डी कॉक की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। सातवें ओवर में दिलप्रीत सिंह ने क्विंटन डी कॉक (25) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। दक्षिण अफ्रीका का दूसरा विकेट एडन मार्करम के रूप में गिरा। उन्हें अंश पटेल ने आउट किया। एडन मार्करम ने 32 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 59 रनों की पारी खेली। 14वें ओवर में अंश पटेल ने रायन रिकलटन को आउट कर पवेलियन भेज दिया। रायन रिकलटन ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 33 रन बनाये। डेवाल्ड ब्रेविस छह रन बनाकर अंश पटेल का शिकार बने। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 213 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। डेविड मिलर 23 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाकर 39 रन पर नाबाद रहे। ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली। जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल है। कनाडा के लिए अंश पटेल ने तीन विकेट लिए। दिलप्रीत सिंह ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

- डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच हुई 37 गेंद में 75 रन की अटूट साझेदारी

# भारत से मैच का बहिष्कार वापिस लेगा पाकिस्तान

- पीसीबी प्रमुख नकवी ने कहा फैसला अगले 24 घंटे में

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार का फैसला बांग्लादेश के अनुरोध के बाद वापिस लेगा जबकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि इस पर अंतिम फैसला अगले 24 घंटे में आ जाएगा।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख अमीनुल इस्लाम के साथ आईसीसी से बातचीत को स्वीकार करते हुए यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में नकवी ने कहा कि पीसीबी आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कुछ मसलों पर जवाब का इंतजार कर रहा है। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में होना है। यहां मीडिया रपटों में कहा गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को श्रीलंका से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके का भी फोन आया है जिन्होंने बहिष्कार का फैसला वापिस लेने का आग्रह किया है। जियो न्यूज ने कहा कि शरीफ ने आश्वासन दिया है कि पाकिस्तानी टीम भारत के खिलाफ खेलेगी । नकवी ने हालांकि पत्रकारों से कहा ,' हमने उनसे बात की है । मेरे लिये अभी कोई टिप्पणी करना सही नहीं होगा। हमें उनका जवाब मिल जाने के बाद हम फैसला करेंगे। हम आईसीसी का जवाब मिलने के बाद प्रधानमंत्री (शाहबाज शरीफ) के पास सलाह के लिये फिर जायेंगे। उन्होंने कहा कल या परसों घोषणा की जा सकती है। उन्होंने कहा हम अपने मेहमानों का सम्मान करते हैं और आईसीसी हमारे घर आई है तो हमने उन्हें पूरा सम्मान दिया। इस समय मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि आईसीसी और बांग्लादेश के बीच बातचीत जारी है। बांग्लादेश सही था तो हमें उसका साथ देना ही था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। बीसीबी प्रमुख इस्लाम ने ढाका में जारी बयान में पाकिस्तान को धन्यवाद दिया पर यह भी कहा भारत के खिलाफ इस मैच को खेलना क्रिकेट के हित में है। इस समय में बांग्लादेश के साथ खड़े होने के लिये हम पाकिस्तान के शुक्रगुजार हैं। पाकिस्तान की कल संक्षिप्त यात्रा और हमारी बातचीत के बाद मैं पाकिस्तान से अनुरोध करूंगा कि समूचे क्रिकेट के फायदे के लिए वह 15 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच खेले।

# गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया

कोलंबो, एजेंसी

ब्लेसिंग मुजरबानी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद ब्रायन बेनेट की 36 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी से जिम्बाब्वे ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां 45 गेंद शेष रहते ओमान को आठ विकेट से शिकस्त दी। ओमान को 103 रन पर आउट करने के बाद जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

मुजरबानी ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लेते हुए ओमान के शीर्ष क्रम को झकझोरा। उन्हें रिचर्ड नगारवा का (चार ओवर में 17 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस ने 3.5 ओवर में 18 रन पर तीन विकेट लेते हुए जिम्बाब्वे के निचले क्रम को आउट किया।

ओमान ने 27 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे और टीम पर काफी कम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। विनायक शुक्ला (21 गेंद में 28 रन), सूफियान महमूद (39 गेंद में 25) और नदीम खान (18 गेंद में 20) की उपयोगी पारियों से टीम ने 100 रन के आंकड़े को पार किया। इन तीनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में रन बनाने में नाकाम रहा। विनायक और सूफियान ने छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर ओमान को जल्दी आउट होने बचाया तो वहीं नदीम ने आखिरी ओवरों में कुछ बड़े शॉट के साथ टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज तादिवांशे मारुमनी ने 11 गेंदों में 21 रन की तेज पारी खेली, लेकिन महमूद की गेंद पर वसीम अली ने शानदार कैच लेकर उन्हें पवेलियन भेज दिया। महमूद ने उसी ओवर में डियोन मायर्स को खाता खोले बिना आउट कर दिया। इसके बाद बेनेट और अनुभवी विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर जिम्बाब्वे को 13.3 ओवर में ही जीत दिला दी। बेनेट पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उन्होंने इससे पहले घरेलू सरजमीं पर तीन अर्धशतक लगाकर जिम्बाब्वे को इस विश्व कप में जगह दिलाई थी।



तीसरा विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी। एजेंसी

### भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा की सफल सर्जरी

**बेंगलुरु।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा, जो चोट के कारण पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे, ने रविवार को भारतीय क्रिकेट फ़ैंस के लिए राहत की खबर दी, जब उन्होंने बताया कि उनकी सर्जरी सफल रही है। हर्षित ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से एक फ़ोटो शेयर की, मुस्कुराते हुए और फ़ैंस को अपनी हालत के बारे में अपडेट करते हुए।

युवा पेसर ने कहा कि उनका फ़ोकस अब दो मिशन पर है - जल्दी ठीक होना और टीम इंडिया में वापसी। उनके पॉज़िटिव अपडेट ने भारतीय कैंप की चिंताओं को कम कर दिया है, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में जल्द वापसी करेंगे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाज़ों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है।

हालांकि, मेगा इवेंट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह चोट टी20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिंग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ़ हुई, जो तेज़ी से बिगड़ गई।

# स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से रौंदा, मुन्से और लीस्क चमके

कोलकाता, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से के आक्रामक अर्धशतक और माइकल लीस्क के ऑलराउंड खेल से स्कॉटलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां इटली को 73 रन से रौंदकर पहली जीत दर्ज की।

स्कॉटलैंड के 208 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम ऑफ स्पिनर लीस्क (17 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने बेन मानेंती (52) के अर्धशतक और हैरी मानेंती (37) के साथ उनकी चौथे विकेट की 73 रन की साझेदारी के बावजूद 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई।

स्कॉटलैंड ने इससे पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज मुन्से की 54 गेंद में दो छक्कों और 14 चौकों से 84 रन की पारी और माइकल जोन्स (37) के साथ पहले विकेट की उनकी 126 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 207 रन बनाए और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली पहली टीम बनी। ब्रैंडन मैकमुलेन (नाबाद 41, 18 गेंद, चार छक्के) और लीस्क ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लीस्क ने अंतिम ओवर में थॉमस ड्रेका पर दो छक्के और दो चौके से 22 रन जुटाए।

इटली को मैच की शुरुआत में ही झटका लगा जब चौथे ओवर में कप्तान वेन मेडसन के बाएं कंधे में चोट लगी और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए। पिछले साल जुलाई में यूरोपीय क्वालीफायर में चार मैच में इटली के खिलाफ एकमात्र हार के बाद स्कॉटलैंड की टीम विश्व कप में सीधे जगह बनाने से चूक गई थी। बांग्लादेश के सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार करने के बाद स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में जगह मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इटली ने पहली ही गेंद पर जस्टिन मोस्का का विकेट गंवा दिया जिनका लीस्क की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर मुन्से ने शानदार कैच लपका। जेजे स्मट्स (22) ने लीस्क पर चौके से खाता खोलने के बाद ब्रेड व्हील की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन ब्रेड क्यूरी की गेंद पर स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन को कैच दे बैठे।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते जॉर्ज मुन्से। एजेंसी

# केंद्रीय अनुबंध में बी श्रेणी में खिसके कोहली और रोहित

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई के ताजा सालाना केंद्रीय अनुबंध में अपेक्षा के अनुरूप बी श्रेणी में रखा गया है जबकि बोर्ड ने सात करोड़ की रिटनेरशिप वाली ए प्लस श्रेणी खत्म कर दी है । बीसीसीआई ने सोमवार को 30 पुरुष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी श्रेणी के सालाना अनुबंध देने की घोषणा की । नये केंद्रीय अनुबंध संबंधित सत्र में खेले गए मैचों और प्रदर्शन के आधार पर दिये गए हैं। दो प्रारूप में कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट हरफनमौला रविंद्र जडेजा को ए श्रेणी में रखा गया है। कोहली और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने के बाद एक ही प्रारूप में खेलते हैं और इसलिये शीर्ष श्रेणी में नहीं रह सकते। समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरूआत की थी। यह तीनों प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों के लिये था और इतने वर्ष में सिर्फ कोहली, रोहित, जडेजा और बुमराह ही इस श्रेणी में रहे हैं। अब इनमें से तीन एक या दो प्रारूपों से विदा ले चुके हैं लिहाजा बोर्ड सिर्फ बुमराह को ए प्लस श्रेणी में नहीं रखना चाहता । गिल का सभी प्रारूपों में खेलना तय नहीं है और टी20 विश्व कप की टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। पिछले चक्र में 34 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए थे लेकिन इस बार सूची में 30 ही नाम हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन, तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान के नाम इसमें नहीं है। कारण यही है कि इस चक्र में उन्होंने किसी भी प्रारूप में एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है । शमी के बाहर होने के मायने हैं कि भारतीय टीम में उनके लिये वापसी के रास्ते बंद हो चुके हैं। महिला क्रिकेट में विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को ए श्रेणी में रखा गया है। जेमिमा पिछले चक्र में ग्रेड बी में थी। स्नेह राणा को भी ग्रेड सी से बी में भेजा गया है।



### टीम इंडिया सालाना केंद्रीय अनुबंध

**(सीनियर पुरुष)**

ग्रेड ए : शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा ग्रेड बी : वॉशिंगटन सुंदर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर ग्रेड सी : अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, ध्रुव जुरेल, हर्षित राणा, वरूण चक्रवर्ती, नीतिश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साइ सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रूतुराज गायकवाड़

**(सीनियर महिला ):**

ग्रेड ए : हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स और दीप्ति शर्मा ग्रेड बी : रेणुका ठाकुर, शेफाली वर्मा, रिचा घोष, स्नेह राणा ग्रेड सी : राधा यादव, अमनजोत कौर, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, उमा छेत्री, अरुंधति रेड्डी, श्रीचरणी, यास्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, काशवी गौतम, जी कमलिनी ।

डेविस कप | नीदरलैंड्स के खिलाफ जीत दिलाने वाले स्टार खिलाड़ी ने कहा-ये तो बस शुरुआत है

# मैंने कुछ अलग तरह की टेनिस खेली : दक्षिणेश्वर

बेंगलुरु, एजेंसी

भारत के नए डेविस कप हीरो दक्षिणेश्वर सुरेश का कहना है कि देश के लिए उनका शानदार प्रदर्शन 'बस शुरुआत है' क्योंकि वह एक अमेरिकी विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एटीपी टेनिस टूर पर पूरी तरह से प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी में कम्युनिकेशन स्टडीज की पढ़ाई कर रहे 25 साल के दक्षिणेश्वर इस साल मई में अपनी डिग्री पूरी करेंगे। सितंबर 2025 में पदार्पण करने के बाद सिर्फ दो मुकाबलों में दक्षिणेश्वर ने अपने सभी चार मैच जीते हैं। इनमें से तीन जीत उन्हें पिछले सप्ताहांत बेंगलुरु में नीदरलैंड के खिलाफ मिलीं।

दक्षिणेश्वर ने कहा अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। यह तो बस शुरुआत है। दक्षिणेश्वर ने इसके साथ 2004 में जापान के खिलाफ एक ही मुकाबले में तीन मैच जीतने के लिएंडर पेस की उपलब्धि की बराबरी की। दक्षिणेश्वर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराकर डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई जहां वे सितंबर में कोरिया से भिड़ेंगे। उन्होंने कहा मैं अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए अमेरिका जाऊंगा, फिर मई में वापस आकर अपना कार्यक्रम तय करूंगा। एक बार जब यह तय हो जाएगा तो मैं टूर में शामिल हो जाऊंगा और अगले डेविस कप मुकाबले की तैयारी करूंगा। दक्षिणेश्वर के शानदार रिकॉर्ड पर कप्तान रोहित राजपाल ने कहा बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो डेविस कप मुकाबले में 4-0 का रिकॉर्ड बनाते हैं, विशेषकर अच्छे विरोधियों के खिलाफ। वह लगातार अच्छी सर्विस करते हैं और अच्छे फोरहैंड लगाते हैं। मुझे उम्मीद है कि वह अपने टेनिस का आनंद लेते रहेंगे और अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे। भारत का प्रतिनिधित्व करने से उनके खेल का एक अलग पहलू सामने आया है। उन्होंने कहा जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं तो यह एक अलग एहसास होता है। आप सिर्फ अपने लिए नहीं खेल रहे होते, आप पूरे देश के लिए खेल रहे होते हैं।



### शेर की तरह लड़े नागल : कप्तान

कप्तान रोहित राजपाल ने चोटिल सुमित नागल की भी तारीफ की जो पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद टीम की अगुआई कर रहे थे। सुमित 50 प्रतिशत भी फिट नहीं थे। उनके कूल्हे में ग्रेड टू की चोट थी और हम फिजियो के साथ दिन-रात काम कर रहे थे। उन्होंने एक शेर की तरह लड़ाई लड़ी और टीम की वैसे ही अगुआई की जैसे भारत के नंबर वन खिलाड़ी को करनी चाहिए। राजपाल ने सहयोगी स्टाफ, विशेषकर फिजियो के योगदान की खास तौर पर तारीफ की और कहा कि इस मुकाबले ने भारत की बढ़ती ताकत को दिखाया है। चोट के कारण तीन हफ्ते बाहर रहे नागल अपने दोनों एकल मैच हार गए थे। यह एक मुश्किल हफ्ता था लेकिन अपनी लड़ाई से उन्हें हौसला मिला।